लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 78, पृष्ठ 18+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 20.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:59 | सूर्यास्त 5:54

बरेली, रविवार, 4 फरवरी 2024

दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी...15

बरेली में अब तक की लग चुकी सभी सेलों को ध्यान में रखते हुए यह बिक्री की जा रही है

WINTER & SUMMER GARMENTS 2023 STOCK CLEARANCE SALE

ONLY 5 DAYS

अफवाह नहीं हकीकत है

डायरेक्ट फैक्ट्री ऑफर ब्रान्डेड वूलन गारमेन्टस से लदे हुए ट्रकों के ट्रक आज बरेली के रोहिला होटल एवं स्वयंवर बैंकट हॉल में बिक्री किये जायेंगे।

2023 का गर्मी व सर्दी का सभी स्टॉक UPTO 92% DISCOUNT पर बिक्री किया जायेगा।

जिनके रेट होंगे मात्र 50, 100, 200 रूपये में

बच्चों के कंबल 50 रूपये में लेडिज टॉप 100 रूपये में एवं बच्चों की जींस 200 रूपये में व ब्रांडेड टीशर्ट 200 रूपये में बिक्री किये जायेंगे।

यह बिक्री सिर्फ पांच दिनों के लिए यानी रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार एवं वीरवार 4, 5, 6, 7 & 8 February

समय : सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक

इस सेल में ऐसा नहीं होगा कम रेटों का लालच देकर बुलाए जाने के बाद कुछ और ही

डायरेक्ट फैक्ट्री ऑफर आप कभी भूल नहीं पाओगे

100% जेन्युइन बिक्री

आज 10000 वूलन एंड समर गारमेन्टस का न्यू फ्रेश स्टॉक बहुत सस्ते में बेचा जायेगा।

इस बिक्री को मिस न करें तो आइये।

जो आइटम ऑनलाइन 1000 से 4000 रूपये तक बिक्री किए जाते हैं। वो हमारे यहां इन रेटों पर सेल किये जायेंगे।

ब्रान्डेड स्वेट सर्ट मात्र -350 →
ब्रान्डेड मेंन्स जैकेट मात्र -500 →
ब्रान्डेड मेंन्स जैकेट मात्र -500 →
ब्रान्डेड वूलेन कुर्ती मात्र -600 →
ब्रान्डेड किड्स गर्ल्स जैकेट मात्र -450 →

ब्रान्डेड लोवर मात्र -350 →
ब्रान्डेड गर्ल्स जीन्स मात्र -300 →
ब्रान्डेड किड्स जैकेट मात्र -350 →
ब्रान्डेड कारडिगन मात्र -500 →
ब्रान्डेड ब्लेज़र मात्र -300 →

हमारे यहां कशमीरी कढ़ाई के शॉल व स्टॉल के काउंटर भी उपलब्ध हैं जिसका रेट 150 रूपये से स्टार्ट होगा।

All Debit and Credit Accepted Here

-: बिक्री स्थल :-

UPT UPSTDC

होटल रोहिला
2 सिविल लाइन, नजदीक गांधी उद्यान, कंपनी गार्डन, बरेली

ENTRY PARKING FREE

स्वयंवर बैंकट हॉल
निकट के.के. हॉस्पिटल, राजेन्द्र नगर, बरेली

O.R.G. GSTIN: 09ALDPR8360C1ZZ

महंगाई का नया रिकॉर्ड, 15 दिन में टमाटर और सप्ताह भर में लहसुन का भाव दुगना

शादियों का सीजन शुरू होते ही एकाएक फिर बढ़े भाव, कम आवक को बताया जा रहा कारण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्रमुख सब्जियों के भाव सप्ताह या पखवाड़े भर के छोटे अंतराल में दुगने पर पहुंच जाने का कोई कारण आम लोगों की समझ में नहीं आता, लेकिन अब लगातार यही हो रहा है। अब 15 दिन के अंदर टमाटर और सप्ताह भर के अंदर लहसुन का भाव दुगना हो गया है। डेलापीर मंडी के सब्जी कारोबारी आवक कम होने को इसकी वजह बता रहे हैं लेकिन लोगों का मानना है कि मुनाफाखोरी की वजह से अचानक दाम बढ़े हैं।

टमाटर और लहसुन का भाव सहालग शुरू होने से ऐन पहले बढ़ना शुरू हुआ। ऐसा ही पिछली बार हुआ था। 15 दिन पहले टमाटर का भाव थोक मंडी में 20 से 25 रुपये था जो बाजार में 35 से 40 रुपये तक बिक रहा था लेकिन अब थोक भाव 30 से 35 और फुटकर भाव 50 से 60 रुपये हो गया है। लहसुन के भाव में और तेज उछाल आया है। सप्ताह भर पहले तक ढाई सौ से तीन सौ रुपये किलो बिक रहा लहसुन अब एकाएक पांच सौ रुपये तक पहुंच गया है। महंगाई के तेज झटके से परेशान लोगों का कहना है कि बाकी सब्जियां इस बार पहले से काफी महंगी है, अब टमाटर और लहसुन जैसी रोज इस्तेमाल होने वाली सब्जियों के बेतहाशा महंगे हो जाने से रसोई पर असर पड़ रहा है।

खेतों से आठ-दस रुपये के रेट पर ही उठ रहा है टमाटर

डेलापीर मंडी के सब्जी कारोबारियों का कहना है कि इस साल शीतलहर का ज्यादा प्रकोप रहने से टमाटर की फसल प्रभावित हुई है, दूसरे अब शादियों का सीजन शुरू हो जाने से मांग भी बढ़ गई है। दूसरी तरफ पुणे और बेंगलुरू से आने वाले टमाटर की आवक कई दिनों से करीब आधी ही रह गई है। इसी वजह से टमाटर का भाव बढ़ा है। हालांकि खेतों से उठने वाले और बाजार में बिकने वाले टमाटर के रेट के बीच भारी अंतर कुछ और ही कहानी कह रहा है। किसानों का कहना है कि खेतों से करीब 15 दिन से चार सौ रुपये के औसत रेट से एक क्रेट टमाटर उठ रहा है। इस तरह, उन्हें टमाटर का भाव आठ-दस रुपये किलो के ही हिसाब से मिल रहा है। बता दें कि जिले में भी बड़े पैमाने पर टमाटर का उत्पादन होता है।

लहसुन ने तोड़ा रिकॉर्ड

डेलापीर मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष शुजा उर रहमान का कहना है कि बाकी सब्जियों के दाम एक सप्ताह से लगभग स्थिर हैं लेकिन लहसुन के भाव ने रिकार्ड तोड़ दिया है। मध्यप्रदेश और राजस्थान से बड़े पैमाने पर आवक होती है लेकिन वहां भी लहसुन महंगा हो गया है। दावा किया जा रहा है कि कई बरसों किसानों को लहसुन का अच्छा दाम नहीं मिल पा रहा था। इस साल अच्छा दाम मिलने से उनके चेहरे खिल गए हैं।

ई-टेंडर में गोलमाल पर दो फर्म ब्लैकलिस्ट

बरेली, अमृत विचार : शासन ने पीडब्ल्यूडी में ई-टेंडरिंग में फर्जीवाड़ा करने वाले दो ठेकेदारों पर कार्रवाई की है। प्रमुख अभियंता वीके श्रीवास्तव ने प्रहरी पोर्टल पर अपलोड धरोहर धनराशि के दस्तावेजों में गड़बड़ी मिलने पर निविदाएं निरस्त करने के साथ ही दोनों ठेकेदारों की फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। कई मामले प्रकाश में आए हैं जिसमें निविदा निकालने के बाद ठेकेदार की ओर से प्रहरी पोर्टल पर अपलोड धरोहर राशि की बिना जांच किए अफसर उसे सही कर देते हैं। उन्होंने चीफ इंजीनियर, अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए है कि किसी भी कार्य की निविदा के निस्तारण से पूर्व पोर्टल पर जमा धरोहर राशि की रसीद सक्षम अधिकारी खुद डाउनलोड कर इसकी ठीक से जांच कर लें। इ

जिला अस्पताल: महिलाओं का ईसीजी करने को पुरुष स्टाफ लगाने पर विरोध

फिटनेस की जांच कराने पहुंची थीं हज जाने वाली आजमीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिला अस्पताल में शनिवार को हज के लिए जाने वाली महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए पुरुष स्टाफ लगा दिया गया। महिलाओं ने ईसीजी के लिए भी पुरुष टेक्नीशियन देखा तो एतराज शुरू कर दिया। बात अधिकारियों तक पहुंची तो आननफानन ईसीजी के लिए महिला स्टाफ की व्यवस्था की गई।

शनिवार को काफी संख्या में हज जाने वाले आजमीन जांच कराने जिला अस्पताल पहुंचे थे। इनमें काफी महिलाएं भी थीं जो पुरुष टेक्नीशियन से ईसीजी कराने के लिए तैयार नहीं हुईं। इसकी शिकायत उप्र राज्य हज समिति के सदस्य डॉ. एसए हुदा से की। डॉ. हुदा ने इस बारे में अफसरों से बात की तो समस्या का समाधान हुआ। उधर, तमाम आजमीन का मेडिकल के लिए ऑनलाइन पर्चा नहीं बन पाया। आजमीन ओपीडी बंद होने के बाद जिला अस्पताल पहुंचे थे। बाद में उनका ऑफलाइन पर्चा बनाया गया। यहां सीवीसी, रेंडम ब्लड शुगर, एक्सरे चेस्ट, केएफटी और ईसीजी की जांचें की जा रही हैं। डॉ. हुदा ने बताया कि हज आजमीन को किसी तरह की तकलीफ नहीं हो, इसके लिए जिला अस्पताल के अधिकारियों से बात की है। एडीएसआईसी डॉ. अल्का शर्मा ने बताया कि शाम चार बजे तक अस्पताल आने वाले सभी आजमीन की जांचे की गई हैं। कोई अव्यवस्था नहीं हुई। समिति की ओर से 12 फरवरी मेडिकल एंड फिटनेस सर्टिफिकेट जमा करने की अंतिम तिथि है।

अस्पताल में हज आजमीन की भीड़।

देहात में तैनात किए जाएंगे एक और एसपी

बरेली, अमृत विचार : बरेली के देहात क्षेत्र में एक और एसपी जल्द तैनात किए जाएंगे। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने शासन और मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव पर सोमवार तक हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद देहात क्षेत्र को दो भागों में बांटा जाएगा।

देहात क्षेत्र जिला मुख्यालय से उत्तराखंड की सीमा तक है। ऐसे में एक एसपी देहात के पास काम का बोझ ज्यादा होने और मानीटरिंग पूरी तरह से न हो पाने के कारण ये फैसला लिया गया है। एसएसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि देहात क्षेत्र को दो भागों में वितरित करने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जिसकी अनुमति सोमवार तक मिल जाएगी। देहात में एक और एसपी तैनात किए जाएंगे।

- **सोमवार को शासन से मिल सकती है अनुमति**

बकाया टैक्स न अदा करने 28 दुकानें सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नगर निगम टीम ने शहामतगंज समेत कई जगह की कार्रवाई**
- **व्यापारी नेताओं ने किया विरोध नगर आयुक्त से मिले**

अमृत विचार : नगर निगम ने शहर में टैक्स के बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को शहामतगंज समेत कई स्थानों पर 28 दुकानों को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई का विरोध करते हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारी नगर आयुक्त से मिले। नगर आयुक्त ने कहा कि कोई समस्या है तो तीन दिन में हल करा दी जाएगी लेकिन टैक्स जमा करना पड़ेगा।

जोन - 2 में शहामतगंज क्षेत्र में पुलिस चौकी के सामने एक व्यापारी पर लगभग नौ लाख का बकाया था। नगर निगम टीम यहां पहुंची तो व्यापारियों ने टीम का विरोध शुरू कर दिया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। टीम ने दुकान सील कर दी। इसके अलावा सिकलापुर, कालीबाड़ी, रामपुर गार्डन आदि क्षेत्रों में भी दुकानों को सील किया गया। दोपहर बाद कुछ लोगों ने टैक्स की एक तिहाई रकम तुरंत जमा करने और सोमवार को शेष राशि जमा करने का वादा किया तो दुकानों की सील खोल दी गई। व्यापार मंडल के पदाधिकारी दुकानें सील करने के विरोध में नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स से मिले। टैक्स संबंधी गड़बड़ियां बताईं तो सीटीओ पीके मिश्रा को बुला लिया गया। सीटीओ ने बताया कि व्यापारियों को बिल से पहले टैक्स जमा करने का नोटिस भेजा गया, लेकिन इसपर ध्यान नहीं दिया गया। जो बिल भेजे गए हैं, उसकी आधी राशि जमा कर दी जाए। इसके बाद व्यापारी अपनी समस्या बताएं, उनका तुरंत समाधान होगा।

व्यापारियों ने नगर आयुक्त से कहा कि दुकान सील करने के बजाय व्यापारियों के बैंक खातों को सीज कर दिया जाए। दुकानों का म्यूटेशन शीघ्र कराया जाए। सुभाषनगर में महिला शौचालय निर्माण की मांग की गई, उसे नगर आयुक्त ने स्वीकार कर लिया। जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल,अनिल अग्रवाल, परमेंद्र पाल सिंह, अभय अग्रवाल, अनुज गुप्ता, देवेंद्र पाल सिंह ,नरेंद्र मिश्रा, ऋषभ अग्रवाल , विक्की बग्गा, पारस अग्रवाल, असीम जौहरी, संजय कटेरिया, अजय कुमार, धीरेंद्र गंगवार, मोनू, ,हर्ष अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, हरजीत सिंह, चरणजीत सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।

अलर्ट : आज तेज हवा के साथ होगी बारिश, फसलों को हो सकता है नुकसान

बरेली, अमृत विचार : पश्चिमी विक्षोभ की वजह से जिले में रविवार को भी एक बार मौसम में परिवर्तन होगा। मौसम विभाग ने तेज हवा के साथ बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। सोमवार को भी बूंदाबांदी हो सकती है। इससे फसलों को भी नुकसान होने की संभावना है। हालांकि 6 फरवरी के बाद मौसम साफ हो जाएगा।

- **मौसम विभाग ने कहा- बादलों के गरजने के साथ बिजली गिरने की भी संभावना**

शनिवार को अधिकतम तापमान 21.6 और न्यूनतम 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से रविवार को 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की झोंकेदार हवा के साथ बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना है। इससे झोपड़ी, पेड़ों और कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। फसलों को भी नुकसान होगा। प्रदेश के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि भी हो सकती है।

आज तीस हजार से ज्यादा घरों में गुल रहेगी बिजली

बरेली,अमृत विचार : गर्मी में बेहतर बिजली व्यवस्था के लिए पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने फरवरी में अनुरक्षण माह मनाने के निर्देश दिए हैं। अनुरक्षण कार्य के चलते रविवार को शहर के कई इलाकों में कई घंटे तक बिजली सप्लाई गुल रहेगी। इससे तीस हजार उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता ने बताया कि 33 और 11 केवी विद्युत उपकेंद्र कोहड़ापीर में कार्य होना है। इसके चलते सुबह 10 से शाम पांच बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ अमित सक्सेना ने बताया कि नकटिया विद्युत उपकेंद्र में 33 केवी लाइन के अनुरक्षण कार्य होंगे। ऐसे में यहां से पोषित सभी फीडर की आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। नकटिया, उमरिया, मोहनपुर, उड़ला जागीर, पदारतपुर, सैदपुर खजुरिया, नरियावल, बिथरी चैनपुर, भरतौल, नवदिया समेत अन्य गांवों में बिजली प्रभावित होगी। सिविल लाइंस प्रथम उपकेंद्र से पोषित सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति दोपहर 12 से दो बजे तक बाधित रहेगी। इसकी वजह से सर्किट हाउस, चौकी चौराहा, मुख्य डाकघर, स्टेशन रोड, अयूब खां चौराहा, विकास भवन रोड, गांधी उद्यान रोड, आवास विकास, कचहरी, बटलर आदि इलाकों में लोगों को बिजली आपूर्ति से परेशान होना पड़ेगा।

18 हजार घरों में नहीं आई बिजली: कांधरपुर विद्युत उपकेंद्र में 33 केवी और 11 केवी लाइनों पर अनुरक्षण कार्य किए गए, जिससे सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रही। वहीं कोहड़ापीर बिजलीघर से गांधीनगर फीडर सुबह 9 से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। करीब 18 हजार घरों में लोग बिजली न आने से परेशान हुए।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 78, पृष्ठ 18+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 16.0° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल रहेंगे बारिश की संभावना। | सूर्योदय 06:58 सूर्यास्त 5:54

भूलभुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता...15

ट्रेन की चपेट में आकर 20 निराश्रित गोवंशों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पशुओं से टकराने पर पलटने से बचीं पदमावत व राप्ती गंगा
- कसरक क्रॉसिंग व हुलासनगरा गांव के सामने हुआ हादसा

अमृत विचार : मीरानपुर और बिलपुर स्टेशन के बीच कसरक रेलवे क्रॉसिंग और हुलासनगरा के पास दो ट्रेनों की चपेट में आकर 20 निराश्रित गोवंशों की कटकर मौत हो गई। हादसे में अप लाइन की पद्मावत और राप्ती गंगा एक्सप्रेस पलटने से बचीं। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेनें रोकीं।

प्रतापगढ़-आनंद बिहार पद्मावत एक्सप्रेस शुक्रवार की रात करीब 1.30 बजे बरेली की ओर जा रही थी। मीरानपुर कटरा और बिलपुर के बीच कसरक क्रासिंग के निकट अप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर 10 गोवंशों की मौत हो गई। कुछ घंटे बाद ही शनिवार को तड़के 5 बजे बरेली की ओर जा रही राप्ती गंगा एक्सप्रेस से हुलासनगरा गांव के सामने अप लाइन पर निराश्रित गोवंशों के झुंड के 10 गोवंशों की कटने से मौत हो गई। एसडीएम अंजली गंगवार, सीओ तिलहर प्रयांक जैन, कटरा प्रभारी निरीक्षक, बरेली आरपीएफ, रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे।

नकेल : फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ बनेगा कानून

सांसदों की बैठक मंगलवार को, दिल्ली में फ्री कानूनी सहायता का मंच गठित

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचारः फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इस बार त्रिकोणीय आंदोलन शुरू होने जा रहा है। इसकी मांग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ देशव्यापी सख्त कानून बनाने की है। अभी तक यह मोर्चा सिर्फ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ही संभालता था। अब एलोपैथी डाक्टरों के साथ सांसद एवं वकील भी आ गए हैं। फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध मरीज या उनके तीमारदारों को निशुल्क सहायता देने के लिए दिल्ली में एक कानूनी मंच भी गठित हुआ है।

उक्त मुद्दे पर संसद के बजट सत्र के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन करेंगे। डॉ. अशोकन ने अमृत विचार को बताया कि चिकित्सा जगत में तमाम ज्वलंत मुद्दे हैं, जिनकी वजह से डॉक्टरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। उसमें एक मुद्दा फर्जी डॉक्टरों का भी है। जिनके चंगुल में फंस कर आम मरीज का मर्ज जब नासूर बन जाता है, तब वे बड़े डॉक्टरों या अस्पतालों की शरण में आते हैं। मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

डॉ. अशोकन के मुताबिक फर्जी डॉक्टरों की धर पकड़ के लिए आईएमए की राज्य इकाइयों को सक्रिय किया गया है, लेकिन कोई पुख्ता कानून न होने की वजह से फर्जी डॉक्टरों का कारोबार बेरोक टोक चल रहा है। आईएमए असम की अध्यक्ष डा. अरुणिमा गोस्वामी ने बताया कि उनके राज्य में झोलाछाप डॉक्टरों ने आईएमए के फर्जी प्रमाण पत्र अपने क्लीनिक में लगा रखे हैं और मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध राज्य सरकार को पत्र भी लिखा गया है। आईएमए तमिलनाडु के अध्यक्ष डॉ. अबुल हसन कहते हैं कि पूरे राज्य के दूर दराज इलाकों में फर्जी डॉक्टर अंग्रेजी चिकित्सा पद्धति की प्रैक्टिस कर रहे हैं। आईएमए झोलाछाप डॉक्टर विरोधी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों की साठगांठ स्थानीय पुलिस एवं नेताओं से होती है। डॉ. बंसल के मुताबिक केंद्र सरकार को आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानून बनना चाहिए।

शिकायतकर्ताओं को मिलेगी निशुल्क कानूनी सहायता

दूसरी तरफ दिल्ली ला चैंबर्स के अध्यक्ष मिलन कुमार वर्मा की अगुवाई में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ "आयुर्विजिलेंस" नामक अभियान छेड़ा गया है। इसके तहत देश भर में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आने वाली शिकायतों का न सिर्फ निपटारा कराया जाएगा, बल्कि शिकायतकर्ताओं को निशुल्क कानूनी सहायता भी दी जाएगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमन शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद के नाम पर भी बड़े शहरों में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय है और ग्रामीण क्षेत्र के मरीज वहां पर ठगे जाते हैं। इनके विरुद्ध कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए हम लोगों ने उक्त आभियान छेड़ा है।

एक नजर

जल निगम में भर्ती होंगे 155 इंजीनियर

लखनऊ। उप्र जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर संवर्ग में 155 इंजीनियरों की भर्ती होगी। रिक्त चल रहें 129 जूनियर इंजीनियर (सिविल) और 26 जूनियर इंजीनियर (विद्युत या यांत्रिकी) पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने अनुमति दे दी है। नगर विकास विभाग में अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी ने शनिवार को प्रबन्ध निदेशक जल निगम को निर्देश जारी किए हैं। इंजीनियरों की नियुक्ति के बाद कार्यो में गति प्राप्त होगी।

मौत का तमाशा रचने के बाद पलटीं पूनम पांडे

मुंबई। सर्विकल (गर्भाशय से संबंधित) कैंसर से अपनी मौत की खबरों के बीच अभिनेत्री पूनम पांडे ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके जानकारी दी कि वह अभी जीवित हैं। अभिनेत्री तथा उनकी टीम ने सर्विकल कैंसर के बारे अहम जागरूकता फैलाने के लिए झूठी खबर फैलाई। उनकी मौत की खबर के बाद सोशल मीडिया पर गंभीर बहस छिड़ गई थी। कई मीडिया संगठनों ने पूनम पांडे की मौत की खबर दी थी लेकिन पुष्टि नहीं थी। पूनम पांडे (32) ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करके कहा कि मैं जीवित हूं।

पंजाब के राज्यपाल बीएल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी।

आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न

वाजपेयी-नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। इस घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया।

सरकार ने पिछले महीने समाजवादी दिग्गज और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया था। कई राजनीतिक विशेषज्ञ ठाकुर के 1988 में निधन के कई वर्षों बाद उन्हें यह सम्मान दिए जाने को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के बीच अपनी जड़ें मजबूत करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। वहीं, आडवाणी को यह पुरस्कार दिया जाना पार्टी की मूल विचारधारा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है।

आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। कई नेताओं ने आडवाणी को यह सम्मान दिए जाने पर खुशी जताई और देश के लिए उनके योगदान की सराहना की। गृह मंत्री अमित शाह ने आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई।'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भी आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के केंद्र के फैसले की सराहना की और कहा कि भाजपा नेता ने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने का प्रयास किया। **–लालकृष्ण आडवाणी, वयोवृद्ध भाजपा नेता**

आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दीः मोदी

संबलपुर (ओडिशा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी थी और भारत के लोकतंत्र को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के लिए गर्व और गौरव का दिन है। आज देश ने हम सब के आदरणीय नेता लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा की है।"

अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान : योगी

लखनऊ। लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा की।

सिविल जज का सरकारी आवास में फंदे से लटका मिला शव, हत्या की आशंका

पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 29 अप्रैल 2023 को बदायूं में संभाला कार्यभार, 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन थीं
- डायरी में मिला सुसाइड नोट, जिसमें किसी को नहीं बताया गया मौत के लिए जिम्मेदार
- अवसाद में ज्योत्सना राय के प्राणघातक कदम उठाने की चर्चा, मऊ की रहने वाली थीं

ज्योत्सना राय

अमृत विचार : जज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह पंखे से लटका मिला। कमरे में रखी एक डायरी से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने तनाव में रहने और किसी को अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं बताया है। वहीं, शाम को बदायूं पहुंचे पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली सदर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जज ज्योत्सना राय मूलरूप से मऊ जिले की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की रहने वाली थीं। 29 वर्षीया ज्योत्सना अविवाहित थीं। 29 अप्रैल 2023 को उन्होंने बदायूं में कार्यभार ग्रहण किया था। 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे उनका अर्दली कोर्ट ले जाने के लिए जज कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पहुंचा, दरवाजा खटखटाया किंतु भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने जज के मोबाइल पर कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर अर्दली ने कोर्ट के अन्य कर्मचारियों और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे।

न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो जज का शव पंखे से लटका मिला। जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी सिटी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे। महिला जज की साथी न्यायिक अधिकारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता, जज के आवास पहुंच गए। कमरे की वीडियोग्राफी कराई गई। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य संकलित किए। जज के कमरे में रखी डायरी से लाल पेन से लिखा एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें ज्योत्सना राय ने खुद के अवसाद में होने की बात लिखी है। कई अन्य बातों का जिक्र भी किया है। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन और सुसाइड नोट कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

महिला जज समय से कोर्ट नहीं पहुंचीं तो उनके साथी न्यायिक अधिकारी ने फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। उनके कमरे का दरवाजा खोला गया तो पंखे पर जज का शव लटका मिला। कुछ दस्तावेज मिले हैं उसमें कुछ चीजें हैं, जो घटना पर प्रकाश डालती हैं, जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

–आलोक प्रियदर्शी, एसएसपी

केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट पहुंची ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

समन अनुपालन मामला

- सीएम के खिलाफ शिकायत पर 7 फरवरी को होगी सुनवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पेश नहीं होने पर शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ यहां एक अदालत में शिकायत दाखिल की। शिकायत अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा के समक्ष दाखिल की गई, जिन्होंने मामले की अगली सुनवाई 7 फरवरी को तय की। न्यायाधीश ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 50 के अनुपालन में उपस्थित नहीं होने को लेकर नई शिकायत प्राप्त हुई है। न्यायाधीश ने आंशिक दलीलें सुनीं और मामले की सुनवाई को स्थगित कर दिया।केजरीवाल शुक्रवार को पांचवें समन पर भी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। ईडी ने उन्हें बुधवार को यह समन जारी किया था। चार महीनों में चार बार तलब किए जाने के बावजूद समन को गैर कानूनी बताते हुए वह ईडी के सामने पेश नहीं हुए।

दिल्ली पुलिस ने सौंपा मुख्यमंत्री को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने शनिवार को पांच घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के बाद यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उन्हें एक नोटिस तामील कराया और आम आदमी पार्टी (आप) के सात विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त का प्रयास किए जाने के उनके आरोपों पर तीन दिनों के अंदर उनसे जवाब मांगा। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा हमने उन्हें (केजरीवाल) नोटिस तामील कराया है। वह लिखित रूप में तीन दिनों के अंदर जवाब दे सकते हैं।

प्रदेश में 3 दिन तक बारिश और ओलावृष्टि के आसार

- तेज हवा चलने से पारा नीचे आने का अनुमान

लखनऊ। प्रदेश में रविवार से मंगलवार तक बारिश, बिजली कड़कने और ओलावृष्टि के आसार हैं। इस दौरान कुछ जिलों में हल्की और कुछ में अधिक बारिश होने का अनुमान जताया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पूर्वी, पश्चिमी और बुन्देलखंड अंचल के ज्यादातर हिस्सों में बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।

कुछ इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। आगरा, अमरोहा, बिजनौर, हाथरस, मुरादाबाद, रामपुर, सहारनपुर, शामली सहित करीब 28 जिलों में ओले पड़ने का आरेंज अलर्ट है। इनके साथ कई अन्य जिलों में रविवार को बिजली गिरने की भी आशंका है। कासगंज, मथुरा, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मुरादाबाद, पीलीभीत, रामपुर, संभल, शाहजहांपुर सहित कई जिलों में वज्रपात की भी आशंका है।

बेटे के अपहरण की बात कह नगर संघ चालक से ठगे 18 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- साइबर ठगों ने पीड़ित के बेटे की आवाज में दूसरे से कराया फोन

अमृत विचार : आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स के सहारे अपहरण का झांसा देकर 18 लाख रुपये की ठगी की गई है। साइबर ठगों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अमांपुर नगर संघ चालक एवं कारोबारी राकेश पाराशर को दिल्ली में रह रहे उनके बेटे को अगवा करने की बात कहकर झांसे में लिया। एक ठग ने राकेश के मोबाइल पर कॉल कर कहा कि उनके बेटे का अपहरण कर लिया है। छोड़ने के बदले में 18 लाख रुपये की फिरौती मांगी। अपहरण का यकीन दिलाने को ठगों ने राकेश से उनके बेटे के जैसी आवाज में फोन पर किसी से बात कराई। बेटे की आवाज सुन राकेश झांसे में आ गए और दिल्ली में न्यायिक परीक्षा की तैयारी कर रहे इकलौते बेटे विशाल की सलामती के लिए ठगों के बताए खातों में 18 लाख की रकम भेज दी।

इसके बाद राकेश ने फोन पर बेटे से बात की, तो अपहरण की बात फर्जी निकली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच साइबर सेल को ट्रांसफर कर दी है। अमांपुर कस्बे के गांधीनगर निवासी नगर संघ चालक राकेश पाराशर बिल्डिंग मेटेरियल का कारोबार करते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे उनके व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से काल आई। फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारा बेटा हमारे पास हैं। बेटे को जिंदा चाहते हो तो बिना किसी को बताए 18 लाख रुपये दे दो तो छोड़ देंगे।

सीबीआई ने सीएपीएफ में भर्ती को लेकर की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फर्जी अधिवास प्रमाणपत्र से भर्ती मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई
- कोलकाता और चौबीस परगना जिले में 8 स्थानों पर छानबीन

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में भर्तियों में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए उपलब्ध फायदे हासिल करने के लिए जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल के आरोपों पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तर परगना जिले में आठ स्थानों पर छापे मारे। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अगस्त में इस मामले की जांच संभाली थी। ऐसे आरोप हैं कि सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में फर्जी अधिवास प्रमाणपत्रों के जरिए कई अभ्यर्थियों की अवैध भर्ती की गई। इन प्रमाणपत्रों में उन्हें सीमावर्ती इलाकों का दिखाया गया और इस तरह उन्हें कम कट-ऑफ अंकों पर भी उत्तीर्ण कर दिया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी इससे फायदा मिला। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गिरोह के सदस्यों के परिसरों पर तलाशी ली गई जो जाली अधिवास प्रमाणपत्र बनाने में कथित तौर शामिल हैं।

कैंसर से बचना है तो करें उपवास

विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

आज यानी 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जहां 20वीं शताब्दी में मनुष्य की मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग था, 21वीं शताब्दी में कैंसर मनुष्यों की मौतों का सबसे बड़ा कारण बनेगा। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करके कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर फॉर न्यू मिलेनियम के दौरान हुई थी। समिट में संकल्प लिया गया था कि हम 21वीं शताब्दी में इस महामारी से लड़ने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

डॉ. अर्जुन अग्रवाल
वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ
रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली

जहां आधुनिक ऐलोपैथी में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी कैंसर से लड़ने के लिए मुख्य तकनीक हैं। वहीं नई तकनीकों का विकास करने में अलग तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इसको इंटीग्रेटिव मेडिसिन का नाम दिया गया है।

इंटीग्रेटिव मेडिसिन में मौजूदा समय में उपवास यानी व्रत रखने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मनुष्य आदिकाल से ही उपवास करता आया है, चाहे वह भोजन की कमी के कारण, धार्मिक कारणों से या आजकल वजन कम करने जैसे उद्देश्यों के लिए। व्रत रखने से कैंसर से बचाव पर कई क्लीनिकल ट्राइल्स चल रहे थे, परंतु जापानी विशेषज्ञ डॉक्टर योशीबोरी ओसूमी ने एक ऐसी रिसर्च की, जिसमें उन्हें वर्ष 2016 का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी रिसर्च में यह पाया गया कि 12 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के सेल मरने लगे और इसका नार्मल सेल पर फर्क नहीं पड़ा। इससे यह पता लगता है कि कैंसर के सेल को ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है। व्रत रखने से नार्मल सेल को इतना फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कैंसर के सेल को अपने मेटाबालिज्म के लिए ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है, इसलिए वह ग्लूकोज की कमी में मर जाते हैं। इस रिसर्च के बाद व्रत और कैंसर के रिश्ते को खोजने के लिए चूहों और मनुष्यों में क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू हुए। वर्ष 2016 में चूहो पर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि व्रत रखने से बोनमैरो स्टीमूलेट होती है, और ट्यूमर इनफ्लिट्रिंग लिम्फोसाइट्स बनते है, जो कि कैंसर के पास जाकर उसको मारते है।

शोध की खास बातें

- 2016 में ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया की एक रिसर्च में पाया कि जो लोग कीमोथेरेपी ले रहे हैं, अगर वह व्रत रखते हैं, तो कीमोथेरेपी का असर और अच्छा आता है।
- यूनिवर्सिटी ऑफ सेन फ्रांसिस की रिसर्च में यह पाया कि व्रत रखने से इम्यून सिस्टम एक्टीवेट होता है, जिससे कैंसर के प्री-मैलीगेन्ट सेल मर जाते है।
- वैज्ञानिक मैरीअर्क के शोध के अनुसार जो महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं अगर वे 13 घंटे से ज्यादा व्रत रखती हैं, तो कैंसर की आशंका 36 प्रतिशत से कम हो जाती है।
- कुछ लोगों को ये आशंका भी हुई कि कैंसर के मरीजों का वैसे ही वजन कम होता है, तो क्या व्रत रखने से ऐसा तो नहीं होगा कि वो कैंसर के इलाज लेने में अक्षम हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने शोध किया और इसको निराधार बताया।
- अब इतनी चर्चा का हम क्या निष्कर्ष निकालें? निष्कर्ष ये है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद है। इससे मोटापा, डायबिटीज, बीपी के बचाव के साथ कैंसर से बचने में भी मदद मिलती है। एक हफ्ते में दो बार 16 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के प्रारंभिक सेल मर जाते हैं। आने वाले वर्षों में इसका परिणाम अलग तरह के कैंसर में नजर आएगा।

84 ग्राम पंचायतों में दस करोड़ का गबन

वित्तीय वर्ष 2016-17 में ऑडिट के दौरान नहीं दाखिल किए गए खर्च के दस्तावेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ तत्कालीन ग्राम प्रधानों, सचिवों से होगी वसूली, डीएम ने जारी किया आदेश

अमृत विचार : जिले की अलग-अलग 84 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2016-17 में कराए गए विकास कार्यों के ऑडिट में 10 करोड़ रुपये से अधिक का गबन पकड़ा गया। डीएम रविंद्र कुमार ने गबन की धनराशि वसूलने का आदेश दिया है। डीपीआरओ ने सचिवों से वसूली के लिए नोटिस जारी किया है। गबन की आधी-आधी धनराशि प्रधान और सचिवों को जमा करनी होगी।

84 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2016-17 में धनराशि आवंटित की गई थी। ऑडिट में 10 करोड़ 10 लाख 89 हजार रुपये का हिसाब संबंधित पंचायतें नहीं दे सकीं थी। ऑडिट टीम ने गबन मानते हुए वसूली करने की सिफारिश के साथ रिपोर्ट सौंप दी। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने ऑडिट टीम की रिपोर्ट का संज्ञान लिया है। उन्होंने शनिवार को वसूली का आदेश जारी किया है। इसमें संबंधित पंचायतों के प्रधानों और तत्कालीन सचिवों को जिम्मेदार माना गया है। डीएम ने गबन के पांच करोड़ 54501 रुपये की वसूली के लिए 84 ग्राम प्रधानों को नोटिस जारी किया। वहीं, इतनी ही धनराशि को पंचायत के खाते में जमा करने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने तत्कालीन पंचायत सचिवों के नाम भी नोटिस जारी किए हैं। सात दिन में धनराशि जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

इन ग्राम पंचायतों ने नहीं दिया हिसाब-किताब

ऑडिट टीम को सरकारी धन का हिसाब नहीं देने वाली 24 पंचायतें दमखोदा ब्लॉक की हैं। वहीं भदपुरा विकासखंड की 18, रामनगर की नौ, बहेड़ी की सात, मझगवां की छह, फरीदपुर, बिथरी चैनपुर ब्लॉक की तीन-तीन, क्यारा और शेरगढ़ की दो-दो ग्राम पंचायतों ने हिसाब नहीं दिया। इसके अलावा भोजीपुरा ब्लॉक की एक ग्राम पंचायत खर्चे से संबंधित दस्तावेज नहीं दे सकी।

जेई, प्रधान और सचिव ने दो लाख का किया गबन वसूली का आदेश

मझगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत गुरगांवा मुस्तकिलन में 192389 रुपये का गबन जांच में पकड़ा गया है। डीपीआरओ ने जेई, प्रधान और सचिव से वसूली के लिए आदेश दिया है। ग्राम प्रधान से 64130 रुपये, पंचायत सचिव से 64130 और जेई से 64129 की वसूली की जाएगी। डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कराने पर मामला सही पाया गया। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि गबन की धनराशि तत्कालीन ग्राम प्रधान ज्ञानू शर्मा, सचिव अजय कुमार और जूनियर इंजीनियर राकेश कुमार से वसूली जाएगी। सात दिनों के भीतर पंचायत के खाते में धनराशि जमा न करने पर भू-राजस्व की तरह वसूली होगी।

बराथानपुर में विकास कार्यों में भारी गड़बड़ियां, प्रधान और सचिव को नोटिस

बरेली, अमृत विचार : रामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बराथानपुर में विकास कार्यों में भारी गड़बड़ियां की गईं हैं। न गुणवत्तापूर्ण काम नहीं कराया और न उनके दस्तावेज मुहैया कराए गए। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

बराथानपुर ग्राम पंचायत के पुष्पेंद्र कुमार, नेत्रपाल, कस्तूरी देवी, राजेश, शांति देवी, सत्यवती, बालकराम, जितेंद्र ने शपथ पत्र के साथ विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां होने का आरोप लगाया था। आरोप था कि प्रधान ने अपने कार्यकाल में एक बार भी प्रबंध कमेटी की बैठक नहीं बुलाई। रजिस्टर पर सभी सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठा लगाकर प्रस्ताव पारित किए गए। हैंडपंप की मरम्मत, रीबोर कराने में भी धांधली के आरोप थे। डीएम ने जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, एई लघु सिंचाई, नोडल अधिकारी ब्लॉक रामनगर की जांच कमेटी का गठन करते हुए 15 दिन में जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधान रीता देवी और ग्राम पंचायत सचिव को दोषी माना गया। नोटिस में कहा गया कि अनियमितताओं के संबंध में स्पष्टीकरण दें, अन्यथा की स्थिति में वित्तीय अधिकारों को सीज करते हुए ग्राम पंचायत में प्रधान पद सभी कार्यों के लिए तीन ग्राम पंचायत सदस्यों की वित्तीय, प्रशासनिक समिति गठित की जाएगी। कमेटी ने जांच में 15 अक्टूबर 2023 को खुली बैठक में रजिस्टर पर हस्ताक्षर न करने के आरोप आंशिक रूप से सही पाए।



इतने स्मार्ट हैं नगर निगम के कर्मचारी

यह कोई और नहीं, नगर निगम का ही कर्मचारी है जो स्मार्ट सिटी कार्यालय की दीवार पर लिखे स्वच्छता अभियान के नारों के नीचे निवृत्त हो रहा है। ● मोहित कुमार सिंह

ये निकली धांधली : गांव में 22 हैंडपंप रिबोर के लिए 325538 रुपये निकाले गए, लेकिन ग्राम पंचायत कोई अभिलेख नहीं दिखा सकी। जूनियर हाईस्कूल की टाइल्स 40 प्रतिशत टूटी मिलीं। गांव के प्रमुख रास्ते पर जलभराव मिला। सफाई के नाम पर निकाली गई धनराशि का बिल बाउचर नहीं दिखाया गया। पत्रावलियों के परीक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत ने टेंडर में बिल बाउचर संलग्न नहीं है।

महिला का आरोप, फाइल जमा करने से मना कर रहे डूडा वाले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचीं 37 शिकायतें

अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए पात्रों को अब भी धक्के खाने पड़ रहे हैं। यह स्थिति तब है, जब पिछले दिनों डीएम रविंद्र कुमार छापा मारकर दलालों पर बड़ी कार्रवाई करा चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी लोगों को अब भी परेशान किया जा रहा है। शनिवार को सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अफसरों के पास इससे संबंधित शिकायत पहुंची।

सीबीगंज क्षेत्र के खना गौटिया वंडिया निवासी नसरीन ने अफसरों को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने के लिए डूडा ऑफिस में आवेदन किया था। तहसील से सत्यापन हो चुका है। पति दिव्यांग हैं। किसी तरह से परिवार का गुजारा हो रहा है। आरोप है कि डूडा वाले फाइल जमा करने से मना कर रहे हैं। किला क्षेत्र के पंजाबपुरा निवासी याकूब अली ने कहा कि उनके घर के सामने एक झोलाछाप क्लिनिक चला रहा है। इसी में मेडिकल स्टोर है। आरोप है कि इस नाम से कई और भी मेडिकल हैं। मेडिकल चलाने वाला ही मरीजों को देखता है। उसके पास कोई डिग्री भी नहीं है। कई बार टीमें छापा मार चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने फरियादियों का आश्वासत किया कि उनकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। कुल 37 शिकायतें आईं, मगर मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। तहसीलदार रामनयन सिंह, नायब तहसीलदार विदित कुमार मौजूद रहे।

अगले महीने से ग्राम पंचायतों में होगी ऑनलाइन हाजिरी की शुरुआत

अनुपम सिंह, बरेली

▸▸ साढ़े चार हजार कर्मचारियों के लिए एक मार्च से लागू की जाएगी नई व्यवस्था

▸▸ पंचायत सहायक, केयरटेकर और सफाई कर्मियों का अपलोड हो रहा डाटा

अमृत विचार : पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। एक मार्च से करीब साढ़े चार हजार कर्मचारियों को ग्राम पंचायतों में पहुंचकर ऑनलाइन हाजिरी लगानी होगी। सभी कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। अधिकांश का डाटा ऑनलाइन हो चुका है।

दरअसल, पंचायती राज विभाग से जुड़े पंचायत सहायक, केयर टेकर, सफाई कर्मी अभी तक मैनअुल हाजिरी लगा रहे हैं। अधिकतर कर्मचारी ग्राम पंचायतों में लंबे समय तक नहीं जाते हैं। जुगाड़ के जरिए नौकरी चलाते हैं। सफाई कर्मियों के नियमित गांवों में नहीं जाने से नालियां गंदगी से बजबजाती रहती हैं। पंचायत सहायक और केयर टेकरों की मनमानी से भी कई तरह के कार्य प्रभावित होते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इसके लिए एक मार्च से सभी की हाजिरी की व्यवस्था को ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों की मनमानी पर अंकुश लगेगा। शासन के निर्देश पर पंचायती राज विभाग ने पंचायत सहायक, केयर टेकर और सफाई कर्मियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करना शुरू कर दिया है। निदेशक ने भी इस कार्य को जल्द पूरा करने के आदेश डीपीआरओ को दिए हैं। विभागीय अफसरों के अनुसार कुछ ही कर्मचारियों का डाटा अपलोड होना शेष है। अधिकांश का डाटा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

नई व्यवस्था से कर्मचारियों में खलबली

हाजिरी की व्यवस्था ऑनलाइन होने की सूचना मिलने के बाद से कर्मचारियों में खलबली है, क्योंकि वे नहीं चाहते हैं कि हाजिरी ऑनलाइन लगे। हाजिरी ऑनलाइन होने से उन्हें समय का पाबंद होना पड़ेगा। हाजिरी लगाने के लिए ग्राम पंचायतों में पहुंचना होगा।

ऐसे लगेगी ऑनलाइन हाजिरी

सभी कर्मचारियों का उनके नाम से नंबर एलॉट हैं और किसकी किस ग्राम पंचायत में तैनाती है। यह जानकारी अब पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड की जा रही है। तैनाती वाली ग्राम पंचायत में पहुंचकर एप के माध्यम से हाजिरी लगेगी। तकनीकी व्यवस्था के अनुसार दूसरी जगह से हाजिरी लग पाना संभव नहीं होगा।

इतने हैं कर्मचारी

जिले में करीब 2000 सफाई कर्मचारी हैं। 1188 केयर टेकर हैं। इतनी ही संख्या पंचायत सहायकों की है। अफसरों के अनुसार 170 कर्मचारियों का डाटा अपलोड होना बाकी है।

पंचायत सहायक, केयर टेकर और सफाई कर्मियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करने का काम चल रहा है। एक मार्च से इन सभी की हाजिरी ऑनलाइन लगेगी। संभवत: सुबह-शाम दोनों समय हाजिरी लगाने के लिए पंचायतों में जाने की व्यवस्था बन रही है।

– धर्मेंद्र कुमार, डीपीआरओ

जापान के वैज्ञानिकों ने खोज निकाला ऐसा वॉटर जिसे पीने से कोई बीमार नहीं होता व बुढ़ापा जल्दी नहीं आता।

अल्कालाईज्ड-आयोनाईज्ड वॉटर सभी बीमारियों की रोकथाम में सहायक

● कैंसर ● हार्ट अटैक ● डायबिटीज
● थायराइड ● माइग्रेन ● एसिडिटी
● अल्सर ● गैस ● थकान

Mr. Rajesh Sharma
KANGEN Independent
Distributor Bareilly (U.P.)
Mob.: 9319325977

केशलता अस्पताल

फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप

प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है

दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक

स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली

हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ

डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट

विशेष सुविधाएं
- नि:शुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
- कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट

नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)

मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *

विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें

ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रू. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक

हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)

इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*

हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

जगह और मुआवजा मिलने से पहले नहीं उजड़ेगी महावटों की बस्ती : डीएम

समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम रविंद्र कुमार।

▸▸ नवाबगंज के समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

▸▸ कहा-क्योलड़िया डैम के समीप नहर से कब्जा हटाएं

बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 154 शिकायतें दर्ज की गईं। ग्राम बथुआ नवादा के महावट परिवारों ने हाईवे निर्माण के दायरे में आने वाले उनके मकानों को हटाने से पूर्व आवास दिए जाने की मांग की। इसपर डीएम ने इन परिवारों को दूसरी जगह आवास के लिए जमीन उपलब्ध कराने, मुआवजा दिए जाने से पूर्व उनके आवास न हटाए जाने के आदेश दिए।

भारतीय किसान यूनियन ने क्योलड़िया डैम पर नहर किनारे अवैध कब्जे हटाए जाने की मांग की। मामले में डीएम ने नहर विभाग को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही थाना प्रभारी से कहा कि यदि विभागीय अफसर कब्जा नहीं हटवाते हैं तो उनके खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की जाए। डीएम ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दबाव में आकर गलत कार्रवाई न करें। किसान नेताओं ने छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने, हाईवे के नालों से अतिक्रमण हटवाने और गन्ना भुगतान दिलाए जाने की मांग की। बड़ी संख्या में फरियादी समाधान दिवस में पहुंचे। सीएमओ, एसडीएम आदि मौजूद रहे।

वैक्सीन फ्रीजर की जांच में तापमान में मिली भिन्नता: सीएचसी के निरीक्षण में जिलाधिकारी को वैक्सीन के फ्रीजर और टेम्प्रेचर मापक के परिणाम में भिन्नता मिली। इसपर उन्होंने इसे दुरुस्त कराने के निर्देश सीएचसी प्रभारी को दिए।



शहर में आज

- विश्व कैंसर दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कैंसर विजेताओं का सम्मान दोपहर 1:30 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक का मंचन शाम 5 बजे।
- आईएमसी प्रमुख मौलाना तोकीर रजा खां की बिहारीपुर सौदागरान आवास पर प्रेसवार्ता दोपहर 2 बजे।
- अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा द्वारा बसंत उत्सव को लेकर आइडियल गेस्ट हाउस में बैठक दोपहर 2:30 बजे।
- जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर अल्पसंख्यक के जिला कांग्रेस की प्रेसवार्ता दोपहर 1 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारे पर दशमेश डिस्पेंसरी की शुरुआत सुबह 9:30 बजे।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से।

सांड़ समस्या और विकराल...सीहोर में बुजुर्ग की जान ली, दिल्ली हाईवे पर बाइक सवार घायल

घर के बाहर चारपाई पर बैठे बुजुर्ग पर अचानक कर दिया हमला, गुस्साए गांव वालों ने लगाया जाम

संवाददाता, दुनका

- सांड़ों को पकड़वाने के साथ मृतक बुजुर्ग के परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग
- नायब तहसीलदार के आश्वासन पर सड़क से हटे, शव पोस्टमार्टम को भेजा गया

अमृत विचार : छुट्टा घूम रहे सांड़ों के लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। गांव सीहोर में अपने घर के बाहर चारपाई पर बैठे 65 वर्षीय जागनलाल को रास्ते पर निकले एक सांड़ ने अचानक उठाकर पटक दिया। गंभीर घायल हुए जागनलाल को परिवार वाले अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन इसी बीच उनकी मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने इसके बाद काफी देर तक जाम लगाए रखा। उधर, दिल्ली हाईवे पर सांड़ ने बाइक पर जा रहे लकड़ी कारोबारी चंद्रसेन को टक्कर मारकर गिरा दिया। उन्हें गंभीर हालत में शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जागनलाल।

सीहोर गांव में शनिवार शाम पांच बजे हादसा हुआ। गांव के लोगों के मुताबिक जागनलाल अपने दरवाजे के सामने ही चारपाई डालकर बैठे हुए थे, तभी इधर से गुजरा एक सांड़ उन पर हमलावर हो गया। जागनलाल के अपना बचाव करने से पहले ही उसने उन्हें सींगों पर उठाकर पटक दिया। जागनलाल की चीख सुनकर घर से बाहर निकले परिजनों ने सांड़ को भगाया। जागनलाल को उठाकर अस्पताल ले जाने की तैयारी की ही जा रही थी कि उनकी सांसें थम गईं। जागनलाल की मौत से गांव के लोगों में गुस्सा फैल गया और उन्होंने सहोड़ा से मीरगंज जाने वाली सड़क पर मोटी लकड़ी रखकर जाम लगा दिया। गांव वालों का कहना था कि इलाके में बड़े पैमाने पर छुट्टा गोवंशीय पशु हैं जो खेतों में फसलें नष्ट करने के साथ लोगों पर हमला भी कर रहे हैं। काफी देर जाम लगाए रखने के बाद मीरगंज के नायब तहसीलदार ने आकर ग्रामीणों से बात की तो उन्होंने छुट्टा जानवरों को पकड़वाने के साथ जागनलाल के परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की। नायब तहसीलदार के आश्वासन पर जाम खत्म होने के बाद पुलिस ने जागनलाल का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

फतेहगंज पश्चिमी : स्वार टांडा (रामपुर) के गांव मिलक ताज खां में रहने वाले 55 वर्षीय लकड़ी कारोबारी चंद्रसेन शनिवार दोपहर बाइक से बरेली की तरफ जा रहे थे। दिल्ली हाईवे पर रुकुमपुर यात्री शेड के पास अचानक सामने आए सांड़ की टक्कर से चंद्रसेन गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सूचना दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चंद्रसेन को एक निजी एंबुलेंस से बरेली के अस्पताल भिजवा दिया।

गांव सीहोर में सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत के बाद लोगों ने लगाया जाम।

घायल की जेब से ढाई लाख रुपये गायब!

सांड़ की टक्कर से गंभीर घायल चंद्रसेन के बेटे जयप्रकाश को पुलिस ने सूचना दी तो शाम को उनके परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल के मैनेजर ने उन्हें जानकारी दी कि चंद्रसेन की जेब से 91 हजार रुपये मिले हैं। इस पर जयप्रकाश ने बताया कि चंद्रसेन घर से साढ़े तीन लाख रुपये लेकर निकले थे। उन्होंने बाकी ढाई लाख रुपये से ज्यादा रकम के बारे में काफी देर पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

... तो काबू से बाहर हो जाएगी सांड़ों की आबादी

- आईवीआरआई के वैज्ञानिक ने कहा- कुछ सालों में सांड़ों की तादाद कई गुना बढ़ने के आसार

बरेली, अमृत विचार : आईवीआरआई के पुनरुत्पादन विभाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नीरज के मुताबिक सांड़ों की आबादी रोकने के लिए ठोस कदम न उठाए गए तो उनकी संख्या जल्द ही बड़े संकट में तब्दील हो जाएगी।

डॉ. नीरज ने बताया कि सांड़ों में वृद्धि दर अधिक होती है। एक छुट्टा सांड़ 20-25 गायों को गाभिन करने के लिए काफी है। छुट्टा सांड़ों की संख्या एक अनुमान के तौर पर जिले में अभी हजारों में है। अगर इसकी रोकथाम के लिए ठोस कदम न उठाए गए तो कुछ ही सालों में इनकी संख्या कई गुना बढ़ जाएगी।

उन्होंने बताया कि इन छुट्टा पशुओं को वैज्ञानिक शोध के लिए भी प्रयोग नहीं किया जा सकता क्योंकि सांड़ों के सीमन का प्रयोग नहीं किया जा सकता। डॉ. नीरज के मुताबिक मनुष्यों की तरह सांड़ों में भी डबल एक्स और एक्सवाई क्रोमोसोम से लिंग निर्धारण होता है। इस तरह सांड़ों से सांड़ पैदा होने की संभावना 50 प्रतिशत हो सकती है।

चनेहटा : ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर सांड़ की मौत

- खुला रखा ट्रांसफार्मर बन चुका है दो दर्जन से ज्यादा पशुओं की मौत की वजह

कैंट, अमृत विचार : क्यारा ब्लॉक के गांव चनेहटा में जमीन पर रखे एक ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर शुक्रवार शाम एक और सांड़ की मौत हो गई। अधिकारियों को बार-बार सूचना देने के बावजूद सांड़ का शव 24 घंटे बाद भी जहां के तहां पड़ा हुआ है। गांव वालों का कहना है कि खुले रखे इस ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर अब तक दो दर्जन से ज्यादा गोवंशीय पशुओं की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों के मुताबिक जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर के चारों तरफ फेंसिंग न होने के कारण अक्सर जानवर उसकी चपेट में आ जाते हैं और करंट लगने से उनकी मौत हो जाती है। वे लोग अधिकारियों को ट्रांसफार्मर पर फेंसिंग लगाने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन वे सुन नहीं रहे हैं। ग्राम प्रधान के बेटे शकील रजा ने बताया कि गांव में तीन ट्रांसफार्मर बिना फेंसिंग रखे हुए हैं। छह-सात खंभे भी लोहे के हैं जिनमें बारिश होने पर करंट उतर आता है। खंभों और ट्रांसफार्मरों की चपेट में आने से पशुओं की मौत हो जाती है। ठिरिया निजावत खां सबस्टेशन के जेई विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर फेंसिंग लगाने का प्रस्ताव बिजनेस प्लान में भेजा जा चुका है।

आय और घट गई, छुट्टा पशुओं से किसानों का जीना भी मुश्किल

मीरगंज में भाकियू पदाधिकारियों ने किसानों के साथ किया मार्च। ● अमृत विचार

संवाददाता, मीरगंज

- भाकियू की महापंचायत में किसान नेताओं ने लगाया समस्याएं न सुनने का आरोप
- बोले- सरकार ने बजट में भी कुछ नहीं सोचा, एसडीएम को दिया तीन सूत्री ज्ञापन

अमृत विचार : किसानों के लिए यह सबसे ज्यादा परेशानी का दौर है और उसकी समस्याएं कोई सुन भी नहीं रहा है। छुट्टा पशुओं का संकट इतना बड़ा हो गया है कि किसानों की आय दोगुनी होना तो दूर, वह जीवनयापन कर ले तो यही बहुत बड़ी बात होगी। शनिवार को यह बात भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) की महापंचायत में मंडल अध्यक्ष अरुण राठी ने कही। उन्होंने कहा कि बजट में भी सरकार ने किसानों के बारे में कुछ नहीं सोचा।

मंडल अध्यक्ष ने महापंचायत में कहा कि छुट्टा पशु पूरे जिले में किसानों की फसलें नष्ट कर रहे है। इतनी ठंड में भी किसान रात में खेतों पर जागकर फसल की रखवाली कर रहा है। जिला अध्यक्ष तेजपाल गंगवार ने कहा कि सरकार का किसानों की आय दोगुनी करने का दावा झूठा निकला है। किसान की आय पहले से भी कम हो गई है। डीजल और खाद के दाम बढ़ गए। गन्ने के मूल्य में 20 रुपये बढ़ाकर सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। किसान नेताओं ने कहा अगर उनकी मांगे न मानी गईं तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे।

महापंचायत से पहले सिंधौली चौराहे पर इकट्ठे हुए किसान और भाकियू पदाधिकारी पैदल मार्च करते हुए तहसील पहुंचे। महापंचायत में एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर किसानों का कर्ज माफ करने, फसलों को बर्बाद कर रहे गोवंशीय पशुओं से निजात दिलाने और गन्ने का मूल्य 500 क्विंटल करने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से अजय बाबू गंगवार, इमरान अली खान, तेजपाल गंगवार, संजीव रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

बीडीए ने बदायूं रोड पर सात अवैध कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बीडीए वीसी मानिकन्दन ए ने भी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उनके चार्ज संभालने के अगले दिन शनिवार को बीडीए की प्रवर्तन टीम ने बदायूं रोड पर 26 हजार 200 वर्गमीटर जमीन पर बन रही सात अवैध कालोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। पूर्व वीसी जोगिन्दर सिंह के समय भी अवैध निर्माण पर जमकर बुलडोजर चले।

बदायूं रोड पर महेशपुरा ठाकुरान में अरविन्द लगभग चार हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में, विकास प्रजापति तीन हजार वर्गमीटर में, एसडी प्रजापति दो हजार वर्ग मीटर में, बबलू दो हजार वर्ग मीटर में, प्रभाकर और जितेंद्र 42 सौ वर्ग मीटर में और गौरव श्रीवास्तव और सागर तीन हजार वर्ग मीटर में अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे। सड़क पर मिट्टी भराई, बिजली पोल और बाउंड्रीवॉल बना रहे थे। इसके अलावा एसडी प्रजापति आठ हजार वर्ग मीटर में दूसरी कॉलोनी बना रहे थे। बीडीए की टीम ने सभी अवैध कॉलोनियों के निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

बदायूं रोड पर अवैध कालोनी पर बुलडोजर चलाया गया। ● अमृत विचार

> बीडीए क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अवैध कॉलोनियां नहीं बनने दी जाएंगी। जो बन चुकी हैं, उन्हें भी ध्वस्त कर दिया जाएगा। -**मानिकन्दन ए**, वीसी बीडीए

जंक्शन पर यात्रियों की मुसीबत भीख न दी तो चप्पल से हमला

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर भिखारियों से लोग परेशान हो रहे हैं। शनिवार को एक महिला भिखारी ने मुंह मांगे पैसे नहीं देने पर यात्री से गाली-गलौज की और मारने के लिए चप्पल भी उठा ली। वहीं आरपीएफ ने भीख मांगने वाली महिला को पागल बता दिया।

शनिवार दोपहर एक महिला कुछ यात्रियों से पचास रुपये की मांग करने लगी। यात्री ने महिला को 20 रुपये दे दिये गये लेकिन वह 50 रुपये देने पर अड़ी रही। दोनों के बीच काफी नोकझोंक होती रही। महिला ने यात्री को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दीं, इस पर यात्री ने विरोध किया तो वह यात्री को मारने के लिए चप्पल निकालकर दौड़ पड़ी।

किसी तरह यात्री ने अपनी जान बचाई। इस बीच आरपीएफ का स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया लेकिन भीख मांगने वाली महिला फरार हो गई। इस संबंध में आरपीएफ के अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना था कि किसी ने शिकायत नहीं की है। जिस महिला से यात्री का विवाद हुआ वह पागल थी, जब तक स्टाफ पहुंचा वह फरार हो गई।

यात्री को मारने के लिए चप्पल दिखाती महिला भिखारी। ● अमृत विचार

बरात घर से मोबाइल और कैश लेकर भागा युवक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कोतवाली के सिकलापुर निवासी राजेश अग्रवाल ने शादी समारोह में बैंड में काम करने वाले युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। राजेश ने बताया कि एक फरवरी को उनके भतीजे रिषभ का शादी समारोह जैन मंदिर में था। रात को परिवार की महिलाएं और बच्चे मंदिर के एक कमरे में सो गए। इसी दौरान एक युवक कमरे में गया और मोबाइल लेकर चला गया। सीसीटीवी चेक करने पर पता चला कि चोरी करने आया युवक बरात में आए बैंड में शामिल था। पुलिस ने शिकायती पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कैमरे के सामने मुंह छिपाकर निकल रहा चोरी का आरोपी। ● अमृत विचार

कार से लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी

बरेली, अमृत विचार : लावा मोबाइल कंपनी के कर्मचारी की कार से चोरों ने लैपटॉप समेत जरूरी सामान चोरी कर लिया। शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइंस निवासी नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि 11 जनवरी को वह महेशपुर के पास कंपनी के कार्य से आए थे। वहीं सड़क पर कार खड़ी करके चले गए। इसी दौरान चोरों ने उनकी कार से लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल फोन, पेन ड्राइव आईडी कार्ड समेत अन्य सामान चोरी कर लिया।

स्कूटी में टक्कर मारने का विरोध करने पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बाइक से टक्कर लगने का विरोध करने पर तीन लोगों ने दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला एजाजनगर गौटिया निवासी अरबाज ने बताया कि शुक्रवार रात 9.30 बजे वह स्कूटी से अपने दोस्त साहिल और अजीम के साथ जुबैर कपड़ों वालों के यहां जा रहे थे। रास्ते में रवि की चक्की के पास पहुंचे तो पीछे से बाइक से आ रहे अंशु पटेल निवासी जगतपुर, आयुष निवासी बुखारपुरा और सैंडी ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। पूछने पर तीनों आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। उनके हाथ और साहिल के चेहरे पर चोट लगी है। बारादरी पुलिस ने अंशु पटेल, आयुष ठाकुर और सैंडी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जनता की जरूरतों के मुताबिक विकास कराएगा बीडीए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बीडीए के नए उपाध्यक्ष मानिकंदन ए ने कहा है कि प्राधिकरण भविष्य में विकास कार्यों की गति तेज कर जनता की जरूरतों के मुताबिक निर्माण कराएगा। नाथ कॉरिडोर को उन्होंने सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्राधिकरण सीमा में अवैध अवैध निर्माण किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकारी जमीन पर कब्जा करने के मामलों में तुरंत सख्त कार्रवाई होगी।

बीडीए उपाध्यक्ष ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं साफ कीं। उन्होंने कहा कि रामगंगा नगर प्रोजेक्ट पूरा होने वाला है। ग्रेटर बरेली के लिए सौ हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत हो चुकी है। प्राधिकरण क्षेत्र में कहां-कहां क्या हुआ है और आगे बेहतर क्या हो सकता है, इस पर लगातार फोकस रहेगा। फिलहाल कोशिश की जाएगी कि नाथ कॉरिडोर पर तेजी से काम आगे बढ़े। सचिव योगेंद्र कुमार ने बताया कि बरेली का मास्टर प्लान शासन में लंबित है। मथुरा, अयोध्या समेत कई प्राधिकरण का मास्टर प्लान मंजूर हो चुका है। उम्मीद है कि बरेली का भी मास्टर प्लान जल्द मंजूर हो जाएगा।

- नए बीडीए उपाध्यक्ष मानिकंदन ए ने गिनाई प्राथमिकताएं

अवैध निर्माण में साठगांठ मिली तो सीधे बर्खास्त होंगे कर्मचारी

बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि अवैध कॉलोनियां बनाने वाले भूमाफिया काम बदल लें या शहर छोड़कर चले जाएं तो बेहतर रहेगा। अवैध निर्माण में बीडीए कर्मचारियों की भी साठगांठ होने के सवाल पर कहा कि ऐसा पाया गया तो कर्मचारी का निलंबन नहीं, बर्खास्तगी होगी। जनता के धन की लूटखसोट करने वाले कॉलोनाइजरों के निर्माण पर भी जेसीबी चलाने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई जाएगी। एक बार अवैध् निर्माण हटाने के बाद दोबारा उसी जगह निर्माण किया गया तो रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

जानलेवा हमले के आरोपियों को थाने से छोड़ने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : जानलेवा हमले में घायल युवक के पिता ने पुलिस पर आरोपियों को थाने से छोड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने शनिवार को एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

प्रेमनगर के चंद्रशेखर आजाद नगर निवासी ओमप्रकाश पांडेय ने बताया कि हल्द्वानी निवासी जीवन पाठक और ऋषभ बिष्ट ने उनके बेटे गौरव के साथ आईटीआई की थी। 18 नवंबर को ऋषभ और जीवन ने गौरव के साथ मारपीट की और उसे मरा समझकर बिलवा पुल के पास अर्बन वाटिका के पास छोड़कर चले गए थे। गौरव 11 दिन तक अस्पताल में भर्ती रहा था। 26 नवंबर को उन्होंने थाना भोजीपुरा में शिकायती पत्र देकर ऋषभ और जीवन के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को थाने बुलाया और पूछताछ के बाद छोड़ दिया। वहीं आरोपियों ने धमकी दी है कि यदि समझौता नहीं करोगे तो एक्सीडेंट दिखाकर एफआर लगवा देंगे।

- पिता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर की गिरफ्तारी की मांग

सबके सामने बेनकाब हो दिवंगत साथियों के परिवारों से वसूली करने वालों का चेहरा

टीएससीटी पदाधिकारियों के कृत्य पर शिक्षकों में भारी गुस्सा, बहिष्कार करने की मांग शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित शिक्षकों के परिवारों को आर्थिक मदद के बदले वसूली का मामला
- पैसे लौटा चुके हैं पदाधिकारी फिर भी कम नहीं हो रहा शिक्षकों का गुस्सा

अमृत विचार : लालच की हद पार कर अपने दिवंगत साथियों के परिवारों से आर्थिक सहायता के बदले वसूली करने वाले टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) के पदाधिकारियों को अब मुंह छिपाते नहीं बन रहा है। कहने को वसूल किया गया पैसा वापस कर कुछ परिवारों से लिखवा लिया गया है कि उन्होंने खुद अपनी मर्जी से पैसा दिया था लेकिन शिक्षकों की ओर से उनके बहिष्कार की मांग शुरू कर दी गई है। उन पर सार्वजनिक तौर पर पैसा वापस करने का भी दबाव बनाया जा रहा है ताकि उनके चेहरे सारे शिक्षकों के सामने बेनकाब हों।

टीएससीटी नाम का संगठन बेसिक शिक्षा परिषद के उन शिक्षकों के परिवारों की आर्थिक मदद के लिए बनाया गया था जो असमय ही दिवंगत हो गए हैं। पूरे प्रदेश में शिक्षक इस संगठन को नियमित रूप से बतौर सहयोग राशि एक निश्चित रकम देते हैं। बरेली में इस संगठन की 20 सदस्यीय कार्यकारिणी बनी हुई है। हाल ही में 28 जनवरी को जीआईसी के ऑडिटोरियम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिले में दिवंगत हुए छह शिक्षकों के परिवारों को संगठन की ओर से 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई थी।

कार्यक्रम के फौरन बाद शिक्षक परिवारों ने आरोप लगाया कि टीएससीटी पदाधिकारियों ने आर्थिक सहायता देने के बदले उनसे 50-50 हजार रुपये की वसूली की है। ये आरोप सार्वजनिक हुए जिले भर के शिक्षकों में भारी गुस्सा फैल गया। चूंकि पदाधिकारियों ने कुछ परिवारों से ऑनलाइन रकम अपने खाते में ट्रांसफर कराई थी, इसलिए वे इन आरोपों का खंडन भी नहीं कर सके। इसी कारण शिक्षक समुदाय में इस कृत्य को शर्मनाक बताते हुए वसूली करने वाले उनके बहिष्कार की मांग शुरू हुई तो उन्होंने कुछ परिवारों को आननफानन पैसे वापस कर उन्हें यह लिखकर देने को भी मना लिया कि उन्होंने अपनी इच्छा से यह धनराशि दी थी।

इसके बावजूद शिक्षकों की ओर से लगातार सवाल उठ रहे हैं कि अगर किसी परिवार ने अपनी इच्छा से भी धनराशि दी थी तो उसका सार्वजनिक एलान क्यों नहीं किया गया। साथ ही यह स्पष्ट क्यों नहीं किया गया कि यह पैसा किसलिए लिया गया है।

> सभी पीड़ित परिवारों के पैसे लौटा दिए हैं। उनकी सहमति पर बतौर सहयोग यह धनराशि ली गई थी। शिक्षक परिवारों की अधिक से अधिक मदद की जाएगी, इसी उद्देश्य से संगठन का निर्माण किया गया है। -**अनुजवीर गंगवार**, जिला संयोजक टीएससीटी

सार्वजनिक कार्यक्रम में लौटाएं पीड़ित परिवारों के पैसे

यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि टीएससीटी के इस कृत्य से शिक्षकों की भावनाएं आहत हुई हैं। अगर पीड़ित शिक्षक परिवारों को पैसे लौटा भी दिए गए हैं तो उनसे रातोंरात आरोपों का खंडन क्यों लिखवाया गया। जो पैसे लिए गए थे, वह सार्वजनिक रूप से लौटाए जाने चाहिए ताकि असलियत सभी शिक्षकों के सामने आए। जिन पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से पैसा लिया है, उन्हें खुद ही पदमुक्त हो जाना चाहिए। वह महानिदेशक से भी शिकायत करेंगे।

अब भी अडिग, पदाधिकारियों ने ही मांगे थे पैसे

पीड़ित परिवारों से संगठन के पदाधिकारियों ने यह तो लिखवा लिया है कि उन्होंने खुद अपनी इच्छा से 50-50 रुपये दिए थे लेकिन ये परिवार मीडिया के सामने अब भी खुलकर कह रहे हैं कि उनसे पदाधिकारियों ने ही पैसे मांगे थे। यह भी कहा जा रहा है कि जिन परिवारों ने ऑनलाइन ट्रांसफर किया था, उनका पैसा तो लौटा दिया गया लेकिन नकद देने वालों को पैसे वापस नहीं मिले हैं।

आठ दिन बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची पुलिस

बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार : फरीदपुर के फर्खपुर मोहल्ले में कमरे में जलकर एक ही परिवार के पांच लोगों के मौत के मामले में पुलिस आठ दिन बाद भी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। पुलिस मामले की जांच हादसा मानकर कर रही है, जबकि परिजन लगातार हत्या की बात कह रहे हैं।

फर्खपुर मोहल्ले में अजय गुप्ता, उनकी पत्नी और तीन बच्चों की किराये के मकान में 28 जनवरी को जलकर मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट आने के बाद पुलिस इस प्रकरण में अंतरिम रिपोर्ट लगा सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कमरे में यदि अंदर से सिटकनी लगी होती तो पुलिस अब तक फाइनल रिपोर्ट लगा चुकी होती, लेकिन बाहर ताला लगा होना ही पेच अटक गया है।

अग्निशमन अधिकारी भी परेशान: दो बार अग्निशमन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर गहनता से जांच की, लेकिन वहां अलाव के भी प्रमाण नहीं मिले। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अजय बीड़ी सिगरेट भी नहीं पीता था। इसलिए आग लगने का सवाल ही नहीं।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें

1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा
दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720

निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दों की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

रेड रोट बीमारी वाले खेतों में न लगाएं गन्ना

बरेली। किसानों की पहली पसंद रही रोगग्रस्त गन्ना किस्म 0238 को धीरे-धीरे बाहर करने का प्रयास जारी है। जिले में अब नई किस्म का गन्ना किसान बो रहे हैं। इस बार बसंत कालीन गन्ना बुआई के लिए नए किस्म का बीज किसानों को मुहैया कराई जा रहा है। उप आयुक्त गन्ना राजीव राय ने कहा कि किसान गन्ना बुवाई के समय बीज शोधन कर ट्राईकोडर्मा का प्रयोग जरूर करें। जिन खेतों में रेड रोट बीमारी का प्रकोप देखा गया है उन खेतों में गन्ना न लगाएं। ऐसे खेतों में किसान अन्य फसल लगाएं। किसानों को फसल चक्र अपनाना जरूरी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश् लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत
मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

लोकसभा चुनाव में जुझारू कार्यकर्ताओं की जरूरत

एक मार्च को बरेली के लोग जाएंगे अयोध्या

कार्यकर्ता को सम्मानित करते संतोष गंगवार, मेयर उमेश गौतम और डॉ. अरुण कुमार।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ अभिनंदन समारोह में सांसद संतोष गंगवार बोले पुष्पेंद्र पटेल को दें बड़ी जिम्मेदारी

अमृत विचार : शहर के नौ मंडलों में हरमिलाप मंडल में जहां तीन पार्षद होते थे, वहां अब सात पार्षद हैं। यह मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल की सक्रियता और जुझारूपन का ही नतीजा है। उनकी सेवाओं को अब महानगर संगठन में लिया जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव में ऐसे ही कार्यकर्ताओं की जरूरत होगी। यह बात सांसद संतोष गंगवार ने शनिवार रात संजयनगर में बैंक्वेट हाल में कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव है। राम मंदिर बन गया है। जिस तरह नगर निगम चुनाव में पार्षद और मेयर को भारी मतों से जिताया है उसी तन्मयता से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को जिताने में जुट जाएं। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने संतोष गंगवार को नौंवी बार के सांसद संबोधित करते हुए कहा कि जब तक बीजेपी की पहुंच 100 फीसदी घरों में न हो जाए तब तक कार्यकर्ताओं को शांत नहीं रहना है। उन्होंने कहा कि बरेली को एक मार्च को अयोध्या जाने की तिथि मिली है। रामलला के दर्शन करने के हर इच्छुक लोगों को दर्शन कराए जाएंगे। वन व पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रत्याशी तो जीतेगा लेकिन कार्यकर्ताओं को इस बार जीत का अंतर बढ़ाने के लिए जुटना होगा। हरमिलाप मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र राठौर ने कहा कि कार्यकर्ता जिस भी पद पर पहुंच जाएं लेकिन अपने को कार्यकर्ता ही समझें। मंडल के लगभग 200 कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीलीभीत लोकसभा प्रभारी गुलशन आनंद, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष डॉ. केएम अरोरा, अनिल कुमार, पार्षद बनवारी लाल, वीरेन्द्र कुमार, अरुण सिंह, पूर्व पार्षद तिलकराज डुसेजा, बंटी ठाकुर आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

दरगाह अमीन मियां पर अदा की कुल की रस्म

बरेली, अमृत विचार : मलूकपुर लाल मस्जिद स्थित दरगाह हजरत सैयद अमीन मियां पर 100 वें उर्स का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार सुबह कुरान की तिलावत से कार्यक्रम का आगाज हुआ। महफिले समां में फनकारों ने कलाम पेश किए। इसके बाद रंग पढ़ा गया और फिर कुल की रस्म अदा हुई। दरगाह के सज्जादानशीन अब्दुल कय्यूम मियां ने सभी का शुक्रिया अदा किया और तबर्रूक बांटा। इसके साथ ही उर्स का समापन हो गया। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी, हाजी साकिब रजा खां, बिलाल खान, शाहबाज वारसी, रजी अनवर, हाजी अजमी शकील सीटू, फाहद जीशान, फैजान रजा, शमीम खान, जफर अनवर, आशी, मुन्ना, चंदा आदि मौजूद रहे।

भाजपा को हराने के लिए शुरू करें प्रचार अभियान

बरेली, अमृत विचार : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी (विस्तारित) की बैठक अजय त्रिवेदी की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। राज्य सचिव मंडल सदस्य एवं बरेली इंचार्ज बीएल भारती ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए सघन प्रचार अभियान शुरू करने का आह्वान किया। जिला सचिव राजीव शांत ने बीती बैठक की रिपोर्ट रखी। कमालुद्दीन, आबिद हुसैन, हरीश, सद्दीक, अरमान, हेमराज, कमल, तुलाराम, शकील, जावेद, इरशाद अहमद, नारायन लाल आदि मौजूद रहे।

जिन सेक्टरों में पीडीए पंचायत नहीं हुई, वहां मतदाता को करें जागरूक

सपा कार्यालय में मासिक बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियां पर हुई चर्चा।

बरेली, अमृत विचार : सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में 60-70 दिन बचे हैं। जिन सेक्टरों में अभी तक पीडीए पंचायत नहीं हुई है। वहां सेक्टर प्रभारी प्राथमिकता के आधार पर पीडीए पंचायत आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करें। शनिवार को वह पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक में बोल रहे थे। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद, अनीस अहमद खां, प्रदेश प्रवक्ता मोंटी शुक्ला, साजिद रजा, कलीम उद्दीन, अनिल जौहरी, सुरेन्द्र सोनकर, रविंद्र यादव, जुल्फीकार अली बिट्टू ने भी विचार रखे। दीपक शर्मा, रविंद्र यादव, तनवीर उल इस्लाम, संजीव यादव दंन्नू, मो. खालिद खां, दिनेश यादव, विजेंद्र यादव, नदीम अली, संजय वर्मा, मोहित सक्सेना, समयुन खान, राजेश यादव, असलम खान आदि मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व एमएलसी स्व.जगजीवन प्रसाद को श्रद्धांजलि भी दी गई।

एक नजर

स्वर्ण प्राशन से बच्चों में रोगों से लड़ने की बढ़ती है क्षमता

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी डॉ. शालिनी कौशिक ने बताया बचपन से खानपान ठीक रखना चाहिए। आयुर्वेद में बच्चों का स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। इससे बच्चे कभी-कभी बीमार तो पड़ेंगे लेकिन ठीक भी उतनी ही जल्दी हो जायेगें। गम्भीर रोगों जैसे कैंसर, ट्यूमर और अन्य दूर रह सकते हैं। वहीं आंवला खाने वाले व्यक्तियों में भी शरीर को रोगों से दूर रखने में सहायता होती है।

जिला अस्पताल में शनिवार को 11 सौ से अधिक मरीज पहुंचे

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में शनिवार को बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचे। सुबह 11 बजे तक ओपीडी में 11 सौ से अधिक पंजीकरण हुए। इनमें सबसे अधिक हड्डी और जोड़ों में दर्द की बीमारी वाले मरीज रहे। इसके साथ ही सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या भी अधिक रही।

पान मसाला और छाली खाने से भी हो सकता है कैंसर

विश्व कैंसर दिवस : कैंसर विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश मामलों में धूम्रपान, गुटखा, तंबाकू बनते हैं कारण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एक समय कैंसर को लाइलाज बीमारी माना जाता था, लेकिन वर्तमान में चिकित्सा जगत में आधुनिक शोध, उपकरण, दवाओं से अब कैंसर लाइलाज नहीं रह गया है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि मरीज का प्रारंभिक अवस्था में ही इलाज शुरू हो जाए। यह तभी संभव है, जब सही समय पर जांच होगी। इसके लिए जागरूक होने की जरूरत है। कैंसर विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश मामलों में धूम्रपान, गुटखा, तंबाकू का सेवन कैंसर की वजह होता है। सादा पान मसाला और छाली भी खाना कई बार कैंसर की जड़ बन जाता है।

▸▸ लक्षण दिखने पर तुरंत लें डॉक्टर की सलाह, कैंसर से डरने की नहीं जागरूक होने की जरूरत

विशेषज्ञों के अनुसार मुंह और गले के कैंसर के केस सबसे ज्यादा हैं। युवा भी इस कैंसर के सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। दूसरा नंबर पर स्तन और गर्भाशय में कैंसर के मामलों का है। कैंसर विशेषज्ञों के मुताबिक पहले 40 से 60 आयु वर्ग के लोग ज्यादा कैंसर की चपेट में आते थे, मगर वर्तमान इस उम्र में कमी देखने को मिली है। अब कम उम्र में ही लोग इसकी जद में आ रहे हैं।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल के अनुसार कैंसर से डरने की नहीं बल्कि जागरूक होने की जरूरत है। पुरुषों में गले-मुंह और महिलाओं में गर्भाशय, पित्ताशय और स्तन कैंसर के केस ज्यादा हैं। सामान्य लक्षण जैसे सूजन, अल्सर, रक्तस्राव, वजन घटना आदि हैं, जो दिखते ही डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। रोहिलखंड कैंसर संस्थान में रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी के माध्यम से गंभीर कैंसर का इलाज संभव है।

वरिष्ठ कैंसर पैथोलॉजिस्ट डॉ. चीना गर्ग ने बताया कि कैंसर सेल की खोज के दौरान पैथोलॉजी का अहम योगदान रहता है। इसमें एफएनएसी, बायोप्सी, इम्यूनोहिस्ट्रोकैमिस्ट्री, फ्रोजन सेक्शन जांच हैं, इस तरह की पैथोलॉजी जांचों को लेकर भी कैंसर सेल की पुष्टि की जा सकती है। डब्ल्यूएचओ क्लासीफिकेशन के तहत ट्यूमर टाइप, कैंसर का ग्रेड, ट्यूमर नोड मेटा स्टेसिस के तहत ही रिपोर्ट दी जाती है, इससे मरीज किसी भी राज्य में अपनी मेडिकल हिस्ट्री को चिकित्सक के साथ साझा कर सकता है।

डॉ. अंकित कुमार के अनुसार कैंसर का उपचार अब संभव है, इसके लिए पीईटी-स्कैन के तहत शरीर के किस भाग में कैंसर सेल मौजूद हैं, उनको देखा जाता है। स्कैनिंग के दौरान समय-समय पर शरीर पर दवाई के असर, पूरी तरह कैंसर सेल के समाप्त होने से मरीज के स्वास्थ्य की सही जानकारी मिलती रहती है।

डॉ. लक्ष्मण पांडेय ने बताया कि कैंसर रोग किस स्टेज पर पहुंच चुका है, उसपर निर्भर करता है कि वह कितना खतरनाक है। वैसे तो लिवर और ईएमएल कैंसर को सबसे घातक माना गया है। लक्षण की पहचान समय से हो जाए तो उपचार आसानी से हो सकता है, इसके लिए सजग रहने की जरूरत है। कैंसर के लक्षणों के बारे में बात करनी चाहिए।

डॉ. आमिर मालिक सैफी का कहना है कि कैंसर के अधिकांश मामले तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट के पहुंचते हैं इसके साथ ही सादा पान मसाला खाना भी कई बार कैंसर की जड़ बनता है। इसके साथ ही छाली वाले उत्पादों से भी लोगों को जागरूक होना चाहिए। कैंसर के लक्षण होने पर फौरन विशेषज्ञ की सलाह लें। इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरतें।

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि मुंह, नाक, सिर और गर्दन के कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। इसकी बड़ी वजह गुटखा, पान, मसाला, धूम्रपान है। इसके साथ ही बत्तीसी के इस्तेमाल करने वाले लोगों को दांत के घाव से भी कैंसर के मामले सामने आते हैं। युवा भी कैंसर की चपेट में आ रहे हैं। तेजी से इनकी संख्या बढ़ रही है।

गुटखा खाने से कैंसर हुआ तो दूसरों को जागरूक करने की ठानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कैंसर को मात देने वाले प्रदीप दूसरों को जागरूक कर रहे हैं। धूम्रपान, तंबाकू और गुटखा खाने से होने वाले नुकसान के बारे में बता रहे हैं। साथ ही कैंसर पीड़ितों का हौसला भी बढ़ा रहे हैं।

नवाबगंज निवासी प्रदीप को गुटखा खाने की लत लग गई। जीभ में छाले हुए तो उन्होंने चिकित्सक से परामर्श लिया। जांच कराने पर पता चला कि कैंसर तीसरी स्टेज पर है। उन्होंने उपचार से कैंसर को मात दी। इसके बाद उन्होंने दूसरों को कैंसर से बचाने की ठान ली और लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया। आज प्रदीप क्षेत्र में कैंसर पीड़ितों को हौसला दे रहे हैं। वहीं, जिला संभल की रहने वाली पुष्पा को मार्च 2023 में सीने में गांठ की समस्या हुई, जो समय के साथ बढ़ती रही। उन्होंने रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट में चिकित्सकों से परामर्श लिया। जांच के बाद पता लगा कि पुष्पा को स्टेज- तीन का स्तन कैंसर है। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया। 15 सिकाई और आठ कीमोथेरेपी की गईं। जिसके बाद उन्होंने रिकवर किया। इस वक्त वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

कैंसर से ठीक हुईं संभल निवासी पुष्पा।

▸▸ नवाबगंज के प्रदीप लोगों को बता रहे धूम्रपान, तंबाकू, गुटखा खाने से होने वाले नुकसान

▸▸ कैंसर पीड़ितों को भी हौसला दे रहे, इलाज से संभल की पुष्पा ने कैंसर को दी मात

सार-संक्षेप

एसआरएमएस में कैंसर विजेताओं का सम्मान

बरेली, अमृत विचार : विश्व कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज ने कैंसर से जंग लड़कर मात देने वालों को सम्मानित किया। कैंसर विजेताओं ने बीमारी के साथ उपचार के दौरान के अपने अनुभव साझा किए। पीजी के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये कैंसर मरीज फूलवती की कहानी का मंचन किया। इसके जरिए लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया। मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पीजी स्टूडेंट डॉ.मिशा ने कैंसर मरीजों की परेशानी को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। अन्य पीजी विद्यार्थियों ने गाना रुक जाना नहीं तू कहीं हार के गाकर कैंसर का सामना बहादुरी से करने को प्रेरित किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.आरपी सिंह, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डा.ललित सिंह, डॉ.रोहित शर्मा, डॉ.राजीव टंडन, डॉ. शशांक शाह, डॉ. प्रतीक गहलोत, डॉ.सचिन पाठक, डॉ.आशीष मेहरोत्रा, डॉ.वंदना नेगी, डॉ.मिलन जायसवाल, डॉ.स्मिता गुप्ता, डॉ.तनु अग्रवाल, डॉ.हुमा खान, डॉ.पवन मेहरोत्रा, डॉ. आयुष गर्ग, डॉ.शुभांशु गुप्ता मौजूद रहे।

मानव शृंखला बनाकर विश्व कैंसर दिवस मनाया

बरेली, अमृत विचार : स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रिज स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर विश्व कैंसर दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बरेली कॉलेज बरेली के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. कृष्ण अवतार वार्ष्णेय और विद्यालय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय ने की। अवधेश सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को कैंसर दिवस के बारे में बताया। डॉ. वीरेंद्र कुमार वर्मा, वंदना वार्ष्णेय, प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय, रश्मि त्रिपाठी, डॉ. प्रतीक्षा वार्ष्णेय, हिमांशी राजपाल, पूजा शर्मा, पुष्पा बोरा, हेमलता सक्सेना, हेमा सक्सेना, रिम्पी सक्सेना, शिवांगी सक्सेना, पीयूष सिंह, प्रियंका पाराशरी, ज्ञानेश्वर आचार्य मौजूद रहे।

इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने की बजट पर चर्चा

बरेली, अमृत विचार : इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने शनिवार को अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 की बारीकियों को समझने के लिए परिचर्चा का आयोजन किया। डीन प्रो. आरके शुक्ला ने बताया कि वित्तीय जागरूकता के लिए बजट पर परिचर्चा बहुत जरूरी है। पत्रकारिता के छात्र हमेशा अपने विचार निष्पक्ष होकर रखें, ताकि आप तथ्यों को अच्छे से पेश कर सकें। विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार दुबे ने कहा कि परिचर्चा का उद्देश्य पत्रकारिता के छात्रों में बजट की समझ को पैदा करना है, ताकि वे बजट पर अच्छे से विश्लेषण कर सकें। छात्रों ने कहा कि बजट में कई क्षेत्रों में सकारात्मक कदम उठाए गए हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था सुधरेगी। डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ. ललित कुमार आदि मौजूद रहे। मेयर एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम की प्रेरणा और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के मार्गदर्शन में यह परिचर्चा हुई।

क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल आज

बरेली, अमृत विचार : इसवा वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन टू का फाइनल रविवार को गंगाशील आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में होगा। इसवा अध्यक्ष एवं मैक्स लाइफ लायंस क्रिकेट टीम के मालिक डॉ. अनीस बेग ने बताया कि इसवा फाइलेरिया मुक्त और नशामुक्त भारत के लिए प्रयत्नशील है। बताया कि क्रिकेट लोगों के दिल में महत्वपूर्ण जगह रखता है। यह लोगों को आपस में जोड़ता है। सेक्रेटरी एवं बदायूं फाइटर्स के मालिक डॉ. शकील अहमद ने बताया कि इस बार प्रीमियर लीग को और भव्य तरीके से करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन की छात्रों को दी जानकारी

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के पीजी फोरम के तत्वाधान में शनिवार को पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण की तकनीकी जानकारी संबंधित कार्यशाला हुई। इसमें प्रो. मनमीत कौर ने कहा संचार और सूचना को पावर पॉइंट के माध्यम से सशक्त ढंग से प्रेषित किया जा सकता है। प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. नीलम गुप्ता, सत्येंद्र कुमार और जसपाल सिंह ने भी जानकारी दी।

लाइट वोकल गायन में जीता पुरस्कार

बरेली, अमृत विचार : स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय सेंट्रल जोन यूथ महोत्सव में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की छात्रा अपर्णा मिश्रा ने लाइट वोकल सोलो में पुरस्कार प्राप्त किया। गायन में अपर्णा मिश्रा और लिपिका सक्सेना, नृत्य में अनमोल शंखधार, ईशा शर्मा, ड्रामा में हिमांशु, पोस्टर, पेंटिंग और रंगोली में अनमोल, वाद विवाद, भाषण, क्विज में गीता और अभिषेक, मेंहदी में ईशा, इंस्ट्रूमेंटल में मोनालिका सक्सेना और सामूहिक नृत्य, लोक नृत्य, इंस्ट्रूमेंटल लाइट वोकल म्यूजिक, क्लासिकल म्यूजिक में भी विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, डॉ. ज्योति पाण्डेय, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. अमित सिंह ने बधाई दी।

रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण कार्यक्रम में डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा ने किया जागरूक।

एचपीवी के तहत 125 छात्राओं का टीकाकरण

बरेली, अमृत विचार : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्राथमिक विद्यालय क्यारा ब्लॉक की 125 छात्राओं का एचवीपी टीकाकरण किया गया। टीकाकरण से पहले स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाश्य ग्रीवा में विकसित होता है। मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल मौजूद रहीं। प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लेखराज वर्मा, कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह, पीड्रियाट्रिक विभागाध्यक्ष डॉ. प्रसाद नायक, डॉ. मेधावी अग्रवाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान, चिकित्सक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में कैंसर के इलाज के नाम पर सिर्फ स्क्रीनिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ कैंसर विशेषज्ञ न होने के कारण रोगियों को हायर सेंटर किया जाता है रेफर

▸▸ हर महीने एनसीडी क्लिनिक पर स्क्रीनिंग के लिए पहुंचते हैं 1600 लोग

अमृत विचार : जिला अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए सिर्फ स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध है। यहां कैंसर रोग विशेषज्ञ तक नहीं है। इलाज के लिए मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाता है। हर माह एनसीडी क्लिनिक पर करीब 1600 लोगों की स्क्रीनिंग होती है।

जिला अस्पताल में एनसीडी क्लिनिक संचालित है। यहां स्क्रीनिंग होती है। दो महीने में सरकारी अस्पतालों में कैंसर के करीब 110 मरीज पहुंचे हैं। इसमें करीब दस मरीज मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में चिह्नित हुए। उन्हें जांच और उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिले में लंबे समय से कैंसर विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है। इस संबंध में शासन को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। उन्होंने बताया कि जल्द शासन की ओर से कैंसर के इलाज को लेकर उचित प्रबंध किया जाने की उम्मीद है।

सख्ती करने पर बोले छात्र परीक्षा छोड़कर चले जाएंगे

बरेली, अमृत विचार: बरेली कॉलेज में एलएलबी परीक्षा में कॉलेज प्रशासन काफी सख्ती कर रहा है। परीक्षा से पहले सघन तलाशी के बाद परीक्षा के दौरान भी कई बार सचल दल चेकिंग कर रहा है। इसके अलावा नकल छिपाने के संभावित ठिकानों पर भी चेकिंग की जा रही है। शनिवार को भी सचल दल ने काफी सख्ती की। इस दौरान दो-तीन छात्रों ने कहा कि बार-बार चेकिंग होगी तो वह परीक्षा छोड़कर चले जाएंगे। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि शनिवार को कोई भी छात्र नकल के साथ नहीं पकड़ा गया। शौचालय, खिड़कियों और अन्य जगहों पर चेकिंग में नकल मिली तो उसे जला दिया गया। कुछ छात्र परीक्षा से पहले नकल छिपाकर रख दे रहे हैं, ऐसे में संभावित स्थानों पर भी चेकिंग से छात्र परेशान हैं।

बरेली कॉलेज में छात्रों की चेकिंग की।

स्कूलों में बिना खेल बजट खिलाड़ी बनाने का चमत्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ बेसिक स्कूलों को तीन साल से नहीं मिला बजट, खेल प्रतियोगिता 10 फरवरी से

▸▸ न खेल का सामान, न पर्याप्त खेल अनुदेशक, न ही खेल प्रशिक्षकों की तैनाती

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों को तीन साल से खेलों के लिए कोई पैसा नहीं मिला है। स्कूलों में बच्चों के अभ्यास की सुविधा तो दूर, खेल का सामान तक नहीं है। इसके बावजूद 10 फरवरी को जिला स्तरीय और 12 फरवरी को मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। बीएसए की ओर से शिक्षकों को बच्चों को खेलों की तैयारी कराने के भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

स्कूलों में बच्चों के न खेल पाने की वजह बजट न मिलना तो है ही, घोषणाओं के उलट ज्यादातर स्कूलों में खेल अनुदेशक और खेल प्रशिक्षकों की भी तैनाती नहीं है।

जिले भर में 2482 स्कूल होने के बावजूद खेल अनुदेशकों की संख्या सिर्फ 192 और खेल प्रशिक्षक सिर्फ सौ हैं। खेलों पर विभागीय अफसरों का भी कितना ध्यान है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नवंबर में संकुल और ब्लॉक स्तरीय खेल होने थे लेकिन अफसरों ने इसे जरूरी नहीं समझा। अब करीब एक महीने से सर्दी की वजह से छुट्टी होने के कारण बच्चे खेलना तो दूर स्कूल तक नहीं जा रहे हैं।

शिक्षकों का कहना है कि खेल अनुदान न मिलने की वजह से उन्हें खेलों पर अपनी जेब से खर्च करना पड़ रहा है। इसके लिए उन पर विभागीय अधिकारियों का भी दबाव था लेकिन अब शिक्षक लगातार अपनी जेब ढीली करने को तैयार नहीं हैं। यूटा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का कहना है कि ग्रांट न मिलने से 80 फीसदी स्कूलों में खेल का सामान नहीं है। शिक्षक भी पैसा खर्च करते-करते तंग आ चुके हैं। वह बीएसए को पत्र लिखकर ग्रांट भेजने की मांग करेंगे। प्रधानाध्यापक हरीश बाबू शर्मा का कहना है कि बिना खेल संसाधनों के बच्चों को खेल में आगे बढ़ा पाना संभव नहीं है। फिर भी वह अपने स्कूल में तैयारी करा रहे हैं।

> जिला स्तरीय खेल 10 से 12 जनवरी के बीच कराने का निर्णय लिया गया है। सभी प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी कर बच्चों की तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> – संजय सिंह, बीएसए

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में इलाज करा कर हजारों पीड़ितों ने कैंसर को दी मात

कैंसर से घबराएं नहीं, यह अब लाइलाज नहीं

राम मूर्ति मेडिकल कालेज का आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट कर रहा मरीजों का सफल इलाज

बरेली: कैंसर का नाम ही इसकी भयावहता को बताने के लिए काफी है। कैंसर पीड़ित होने की जानकारी पर मरीज बीमारी से लड़ने की हिम्मत हार जाते हैं। यही हाल घरवालों का भी होता है। हालांकि कुछ लोग इस बीमारी से लड़ते हैं और जीतते भी हैं। मुस्कुराकर फिर अपनी स्वस्थ जिंदगी गुजारते हैं, जैसे कभी कुछ हुआ ही न हो। कैंसर से लड़कर जीतने वाले ऐसे ही कुछ योद्धाओं से आज आपकी मुलाकात कराते हैं। ये कोई सेलिब्रिटी नहीं, जो विदेश गए हों और महंगा इलाज करा कर स्वस्थ हुए हों। यह आपके आसपास के ही आम लोग हैं। जिन्होंने बरेली में ही रहकर एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में इलाज कराया और जानलेवा समझी जाने वाली बीमारी कैंसर को मात दी। 2007 में स्थापित होने के बाद यह कैंसर इंस्टीट्यूट 35 हजार से अधिक कैंसर पीड़ितों को इलाज दे चुका है। यह सेंटर रुहेलखंड रीजन और आसपास के इलाके का एक बड़ा सेंटर बन चुका है। जहां उत्तराखंड, नेपाल तक से मरीज अपना इलाज कराने आते हैं।

कैंसर से डरें नहीं, बस जागरूक रहें

कैंसर लाइलाज नहीं, बस जागरूकता की कमी से लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। शुरुआती चरणों में पूरी तरह से इस भयानक बीमारी पर काबू करना संभव है। लेकिन इसकी जांच के लिए बायोप्सी कराने से डरना, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी को लेकर गलत धारणाओं से लोग इसके इलाज से बचते हैं। इस लापरवाही से यह बीमारी अंतिम चरण में पहुंच कर लाइलाज हो जाती है। यदि समय से जांच और इलाज कराया जाए। तो इसे प्रारंभिक अवस्था में ही पकड़ा जा सकता है और इसका पूर्ण इलाज संभव है। एसआरएमएस मेडिकल कालेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट में आरंभिक चरण में ही सभी प्रकार के कैंसर की पहचान और इसका संभव है। हजारों मरीज यहां से स्वस्थ होकर सामान्य और कैंसर से बेखौफ जीवन बिता रहे हैं।

–डा.पियूष कुमार अग्रवाल , डायरेक्टर
आर.आर. कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर, बरेली

- 2007 से आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट में हैं विश्वस्तरीय सुविधाएं और कैंसर विशेषज्ञों की टीम उपलब्ध
- कैंसर महामारी नहीं, जागरूकता की कमी से लोग आ रहे इसकी चपेट में
- शुरुआती चरणों में पूरी तरह से इस भयानक बीमारी पर काबू करना संभव
- शरीर में कहीं भी, किसी भी अनियंत्रित गांठ की अनदेखी बन सकती है जानलेवा
- कुशल डाक्टरों की देखरेख में इलाज और हिम्मत से कैंसर पर काबू पाना आसान

SRMS आर.आर. कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर, बरेली

WORLD CANCER DAY 4 FEBRUARY
विश्व कैंसर दिवस

17 वर्ष (2007-2024)
विश्वस्तरीय कैंसर चिकित्सा में समर्पित उ.प्र. एवं उत्तराखंड का एक अग्रणी संस्थान

आपरेशन कर निकाली कैंसर की गांठ

रामपुर के स्वार निवासी फारुख खान की पत्नी आयशा खान के कंधे पर गांठ थी। आयशा को इलाज के लिए वर्ष 2015 में राममूर्ति अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान कैंसर की जानकारी मिली। आपरेशन कर गांठ निकाली गई। इसके बाद दो महीने रेडियोथैरेपी हुई। कैंसर से निजात पाकर आयशा पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य जीवन जी रही हैं। आयशा कैंसर से न घबराने की सलाह देती हैं।

आपरेशन से प्रोस्टेट कैंसर से मुक्ति

शाहजहांपुर के कांट निवासी अवधेश कुमार को वर्ष 2017 में पेशाब करने में दिक्कत हुई। इलाज के लिए राममूर्ति अस्पताल पहुंचे। जहां प्रोस्टेट कैंसर की जानकारी मिली। प्रोस्टेट का आपरेशन हुआ। दो महीने रेडियोथैरेपी के बाद अवधेश ने कैंसर को मात दे दी। आज अवधेश पहले की तरह सामान्य दिनचर्या के साथ जीवन यापन कर रहे हैं और इसका श्रेय राममूर्ति अस्पताल को देते हैं।

गले के कैंसर का सफल इलाज

चंपावत निवासी महा सिंह को वर्ष 2015 गले में दिक्कत हुई। हल्द्वानी में इलाज करवाया। काफी दिन इलाज के बाद भी कोई फायदा न होने पर घरवाले उन्हें लेकर राममूर्ति अस्पताल पहुंचे। यहां उन्हें कैंसर की जानकारी मिली। डा.पियूष अग्रवाल ने उनका इलाज शुरू किया। कुछ ही महीनों में स्वस्थ महा सिंह आज सामान्य दिनचर्या से जीवन जी रहे हैं और इसका श्रेय राममूर्ति अस्पताल के डॉक्टरों को देते हैं।

कैंसर से थी खाने में दिक्कत

बदायूं निवासी महेश चंद्र को वर्ष 2014 में गले में तकलीफ थी। खाना निगलना मुश्किल था। स्थानीय इलाज से कोई फायदा न होने पर वह राममूर्ति अस्पताल के ईएनटी विभाग में पहुंचे। डा.रोहित शर्मा ने बायोप्सी की, जिसमें कैंसर की पुष्टि हुई। इसके बाद यहीं कैंसर का इलाज शुरू हुआ। दो महीने में आठ कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी हुई। कैंसर को मात देने के बाद महेश पूरी तरह स्वस्थ हैं।

श्री राम मूर्ति स्मारक अस्पताल, भोजीपुरा, बरेली ✆ 9458705555

advt

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बे-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोड़ों का दर्द

GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

खून के आंसू

हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।
ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

हत्या की कोशिश के तीन दोषियों को चार साल कैद

कोर्ट ने दस-दस हजार जुर्माने की भी सजा सुनाई

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः चौदह साल पहले युवक की हत्या की कोशिश के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अरविन्द कुमार यादव ने सिरौली ग्राम सुनराशि निवासी कुरू उर्फ धर्मपाल सिंह यादव, इंद्रपाल सिंह और मुनीश यादव को दोषी पाया। कोर्ट ने सभी को चार साल कारावास और प्रत्येक को 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील तेजपाल सिंह राघव ने बताया कि घायल अमर सिंह ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया था कि 9 अक्टूबर 2009 की शाम 8 बजे गांव में दुकान से मोबाइल का रिचार्ज लेकर आ रहा था। घर पर खड़े आरोपियों ने उसका हाथ पकड़कर मारना पीटना शुरू कर दिया। कुरू उर्फ धर्मपाल ने माथे पर तमंचे की नाल मारी। कुरू ने पीछे से फायर मारा जो उनकी दाहिनी जांघ में लगा। पुलिस ने हत्या की कोशिश में मामला दर्ज कर विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट भेजी थी। शासकीय अधिवक्ता ने छह गवाह पेश किए।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को जमानत नहीं

बरेली। शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी बहेड़ी ग्राम भैसिया निवासी राजकुमार की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट राम दयाल ने खारिज कर दी। विशेष लोक अभियोजक सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना शेरगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि 28 अप्रैल 2023 को पुत्री घर से गायब थी। घर में रखे जेवर और नकदी भी गायब थी। पता लगा कि राजकुमार, वीरपाल और पप्पू आदि पुत्री को बहला फुसलाकर ले गये। पीड़िता ने अपने बयान में आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने की बात कही।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली : नाबालिग लड़की (16) को नशा सुंघाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी आंवला ग्राम पुन्नापुर निवासी जय सिंह की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हरि प्रकाश गुप्ता ने खारिज कर दी। विशेष लोक अभियोजक राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना आंवला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 मार्च 2019 की रात 12 बजे पुत्री को नेतराम और जयसिंह भगाकर ले गए। पीड़िता ने अपने बयान में जय सिंह पर जबरदस्ती ले जाने और दुष्कर्म करने की बात कही थी।

संदिग्ध हालात में महिला की मौत, चारपाई पर मिला शव

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र के शांति बिहार में महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि महिला ने आत्महत्या की है लेकिन अभी तक पता नहीं चल सका कि महिला ने जहर खाया या फिर उसने फंदे से लटककर जान दी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मढ़ीनाथ चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार ने बताया कि शनिवार दोपहर 3 .30 बजे उन्हें सूचना मिली कि शांति विहार में मोनू मिश्रा की पत्नी शीतल मिश्रा (28) ने आत्महत्या कर ली है। जब मौके पर पहुंचे तो शीतल का शव घर में चारपाई पर पड़ा था। गले में फंदे के स्पष्ट निशान नहीं दिख रहे थे। वहीं परिजन भी आत्महत्या कैसे और क्यों की इस बारे में नहीं बता सके। वहीं पड़ोसियों का कहना है कि शीतल का पति से आए दिन विवाद होता रहता था।

दहेज के लिए गर्भवती विवाहिता को घर से निकाला

सीबीगंज, अमृत विचार : दहेज में 15 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर एक गर्भवती महिला को ससुराल वालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। सीबीगंज पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव सरनिया निवासी फैजीन मलिक ने बताया कि उनकी मां और भाई ने उनका निकाह पिछले साल सरताज अहमद निवासी गांव धुंधरी पीलीभीत से किया था। आरोप है कि पति सरताज अहमद ने परिजनों के कहने पर उनके साथ मारपीट की और 15 लाख रुपये लाने की बात कहकर घर से निकाल दिया। गर्भावस्था में वह मायके आ गईं, और बरेली के एक अस्पताल में पुत्री को जन्म दिया। सूचना पर आरोपी पति मिलने पहुंच गया। पुलिस ने पति सरताज अहमद, ससुर एजाज अहमद, सास शहनाज, ननद नजमुलवरा, देवर शादाब मलिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पारिवारिक परामर्श केंद्र में एक माह में दो मामले सुलझे

बरेली, अमृत विचार : पुलिस लाइन में पारिवारिक परामर्श केंद्र में जनवरी में 62 मामले आए, जिनमें सिर्फ दो में ही समझौता हो सका। वहीं तीन मामलों को दोनों पक्षों की असहमति से बंद करना पड़ा। कई मामलों में दूसरे पक्ष के पहल नहीं करने और दोनों पक्ष अनुपस्थित होने की वजह से 58 मामले अनसुलझे हैं। कई बार काउंसलर भी नहीं पहुंचने की वजह से दिक्कत होती है।

पोर्टल पर शिकायत के बाद मोबाइल ढूंढ़कर लौटाया

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत के बाद गुम हुए मोबाइल को ढूंढ़कर नरियावल निवासी सुमित को लौटा दिया। पुलिस ने बताया कि पोर्टल पर खोए हुए मोबाइल को बंद कराने और सूचना दे सकते हैं। यहां पर सूचना देने पर संबंधित थाना पुलिस को जानकारी दी जाती है। इसके बाद पुलिस मोबाइल को सर्विलांस और अन्य माध्यम से ढूंढ़ती है। अब तक देश में 12,82,792 मोबाइल ब्लॉक, 6,63,765 मोबाइल ट्रेस और 83,049 ढूंढ़े गए। वहीं प्रदेश में 37,733 मोबाइल ब्लॉक, 19,867 ट्रेस और 2,279 ढूंढ़े गए।

बाल अपराध में न बरतें लापरवाही : आईजी

बरेली, अमृत विचार : पुलिस लाइन स्थित सभागार में बाल अपराध कार्यशाला में आईजी डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चों संबंधी अपराधों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करे। कार्यशाला में पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम और आईटीएसएसओ एवं चाइल्ड ट्रैक पोर्टल के संबंध में जानकारी दी गई। आईजी ने कहा कि बच्चों के साथ होने वाले अपराधों में चिकित्सीय परीक्षण कराकर महिला दरोगा के स्तर के अधिकारी से बयान दर्ज कराकर विवेचना दो महीने में निस्तारित करानी चाहिए। गुमशुदा बच्चों के संबंध में लापरवाही न बरती जाए। कार्यशाला में एसपी ट्रैफिक शिवराज अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

चौकी चौराहे पर चालकों को यातायात के नियम बताए

बरेली, अमृत विचार : यातायात पुलिस ने शनिवार को चौकी चौराहा पर एनजीओ की मदद से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। एसपी ट्रैफिक शिवराज और द शौर्य सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सरताज बहादुर ने अपनी टीम के साथ वाहन चालकों को जागरूक किया। एसपी ट्रैफिक ने कहा कि बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन न चलाएं। पुलिस के चालान से बचने के बजाय अपनी और लोगों की जान की चिंता करते हुए शराब पीकर भी वाहन न चलाएं।

नाली निर्माण के विरोध पर दंपती पर किया फावड़े से हमला

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज क्षेत्र के गांव सरनिया में नाली निर्माण के विरोध पर दबंग युवक ने पड़ोसी दंपती पर फावड़े से हमला कर दिया। परिजनों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अमर सिंह ने बताया कि पड़ोसी युवक शनिवार की सुबह उनके घर के दरवाजे के सामने नाली का निर्माण करा रहा था। जिसका उन्होंने विरोध किया था।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO-9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
● रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
● 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज

नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

स्पोर्ट्स मीट वालीबॉल में ब्लू टीम ने मारी बाजी

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ इज्जतनगर मंडल की ओर से रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय ऑफीसर्स स्पोर्ट्स मीट-2024 में टीमों ने भाग लिया। पहले दिन वालीबॉल के फाइनल मुकाबले में ब्लू टीम ने रेड टीम को हरा दिया। मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने भी वालीबॉल मैच में हाथ दिखाए।

इससे पहले स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक ने किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) विवेक गुप्ता, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे। आयोजन मंडल क्रीड़ा अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव और मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। शतरंज, बॉक्स क्रिकेट, क्रॉस कंट्री रेस, टेबिल टेनिस, कैरम आदि प्रतियोगिताएं हो रही हैं।

बैकफुट पर आए अफसर, हेडमास्टर ने चौथे दिन खत्म की भूख हड़ताल

देर शाम मांगों पर बीएसए ने जारी किया पत्र, सुनवाई का भरोसा

कार्यालय संवाददाता,बरेली

अमृत विचार : विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर भूख हड़ताल करने वाले हेड मास्टर रामगोपाल वर्मा को शुरू में कार्रवाई की चेतावनी देने वाले अफसर शनिवार को बैकफुट पर दिखे। बीएसए के पत्र जारी कर मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन देने पर चौथे दिन हेड मास्टर ने भूख हड़ताल खत्म कर दी।

रामगोपाल बीएसए कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे थे। देर शाम उनकी चार मांगों को लेकर बीएसए ने पत्र जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से पत्र दिया गया है। मुख्य रूप से रोकी गई वेतन वृद्धि बहाल करने और 50 किमी दूर स्कूल में ट्रांसफर रद्द करने की मांग थी। बीएसए के पत्र जारी करने के बाद उन्होंने भूख हड़ताल समाप्त कर दी है। बीएसए की ओर से जारी पत्र के मुताबिक प्रधानाध्यापक की वेतन वृद्धि पर बहाली के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा। आलमपुर जाफराबाद के किसी विद्यालय में पदस्थापित करने के संबंध में शासन से पत्राचार किया जाएगा। बहाली नोटिस में उन पर लगे आरोप हटाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारी कमेटी से फिर से जांच कराकर आरोपों का निस्तारण होगा। एमडीएम के लिए व्यय धनराशि को दिलाने के संबंध में जांच करा कर भुगतान भी कराया जाएगा। वहीं, शनिवार को हेड मास्टर के समर्थन में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने संगठन की ओर से चार सूत्रीय ज्ञापन बीएसए को सौंपा।

▸▸ प्राथमिक शिक्षक संघ भी आ गया था शिक्षक के समर्थन में

> इस संबंध में शासन को पत्र भेज दिया गया है। जिला स्तर पर प्रधानाध्यापक के हित में जो भी उचित होगा, वह कार्रवाई की जाएगी।
> –संजय सिंह, बीएसए

सीएम डैशबोर्ड में एनआरएलएम को सी ग्रेड : बरेली, अमृत विचार : सीएम डैशबोर्ड की मासिक रैंकिंग में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार मिशन (एनआरएलएम) में जिले को सी ग्रेड मिला है।

भक्त गोरा कुम्हार का प्रसंग सुनाया

कार्यालय संवाददाता,बरेली

कथाव्यास गौरदास महाराज।

अमृत विचारः श्री आनंद आश्रम में आयोजित भक्तमाल कथा में शनिवार को कथा व्यास गौरदास महाराज ने भक्त गोरा कुम्हार का प्रसंग सुनाया।

कहा कि गोरा कुम्हार प्रभु नाम का आस्वादन करते हुए अपनी सुध बुध खो बैठते थे। एक दिन जब गोरा कुम्हार मिट्टी गूंथते हुए अपने बच्चे को भी गूंथ बैठे और नाम कीर्तन में लगे रहे। बाद में पत्नी के जाग्रत करने पर होश आया तो आश्चर्यचकित हुए। इसके बाद प्रभु ने उनकी भक्ति के प्रभाव से उनके पुत्र को जीवित कर दिया। आनंद आश्रम के अध्यक्ष संत ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती, मंत्री नरसिंह मोदी, अनिल गुप्ता, अनिल अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, पुजारी सचिन शर्मा, रवि दीक्षित, गुलाब पंडित आदि उपस्थित रहे।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड मकसद से भटका: शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचारः ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने दिल्ली में एक मीटिंग कर एलान किया था कि बोर्ड को न्यायालय पर भरोसा नहीं रहा है।

मौलाना ने कहा कि सुन्नी सूफी बरेलवी मुसलमानों का मानना है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के गठन का मकसद शरीयत के उसूलों की रक्षा और मुसलमानों के धार्मिक मसलों को हल करना है, लेकिन बोर्ड अपने मकसद से भटक गया है। मुसलमानों की शरई नुमाइंदगी के बजाय राजनीतिक मामलों में ज्यादा दिलचस्पी लेने लगा है। मौलाना ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद है। इस मुद्दे पर किसी से समझौता नहीं किया जा सकता है। मुसलमानों को सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है कि हमें इंसाफ मिलेगा।

विक्रय
राजेंद्र नगर (बरेली) के.के. हॉस्पिटल रोड पर कोठी 560 वर्ग गज
9690455551, 8630613646
किराए हेतु
कामर्शियल हाल राजेंद्र नगर (बरेली) के.के. हॉस्पिटल रोड 3000 वर्ग फिट भू-तल, 2500 वर्ग फिट प्रथम तल, 1800 वर्ग फिट निम्न भू-तल
9690455551, 8630613646

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

सार-संक्षेप

भक्तों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

बरेली, अमृत विचार : अखंड भारत गौरव ट्रस्ट ने शनिवार को बड़ा बाग में श्रीराधा कृष्ण मंदिर के समीप गुप्ता नर्सरी में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इससे पहले पूजा अर्चना की गई। कथा वाचक विरद शर्मा और निकत शर्मा ने प्रभु के नाम का संकीर्तन किया। इस मौके पर पुराना शहर के धर्म संस्थापना केंद्र के बच्चों ने धार्मिक कार्यक्रमों प्रस्तुति दी। ट्रस्ट के संस्थापक अनिल मुनि, राज गोपाल खट्टर, रतन शर्मा, अजय राज शर्मा, तुलसीराम शर्मा, हरि ओम प्रकाश गौतम, लव लिन कपूर, सचिन, श्याम आदि मौजूद रहे।

फूलों की होली खेलकर श्रीमद्भागवत कथा को विश्राम

बरेली, अमृत विचार : सिंधु नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागत कथा का विधिवत विश्राम हो गया। शनिवार को कथाव्यास व्योम त्रिपाठी ने श्रीकृष्ण विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने पारिजात व्रत का महत्व बताया और भक्त और प्रभु के बीच प्रेम का वर्णन किया। भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर फूलों की होली खेली गई। श्रद्धालु तालियां बजाकर थिरकते रहे। संजय आयलानी, लेखराज मोटवानी, पूनम आयलानी, जय राम, विष्णु गुप्ता, सुरेश परचानी, आशीष परचानी, पवन, सुधांशु, राजकुमार, सोहन लाल, विनोद, गोवर्धन आदि उपस्थित रहे।

घर- घर जाकर महायज्ञ का दिया निमंत्रण

बरेली, अमृत विचार : 17 से 20 फरवरी तक महानगर कॉलोनी के मोदी ग्राउंड में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित होगा। इस संबंध में शनिवार को प्रचार समिति की टोलियों ने घर – घर जाकर लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दिया और धार्मिक साहित्य बांटा। हेमंत शर्मा, अरविंद चौहान और प्रमोद अग्रवाल ने टोलियों का नेतृत्व किया। मीना गंगवार, मोना, सुशीला, जय गंगवार, राजकुमारी, सरस्वती गंगवार, दीपमाला शर्मा, संध्या गौतम, शालिनी सक्सेना, कमला गंगवार, सुनीता यादव आदि टोलियों में शामिल रहे।

नारायण ई टेक्नो स्कूल के कार्यालय का किया उद्घाटन

बरेली, अमृत विचार : नारायणा ई टेक्नो स्कूल के नए कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम ने किया। एकता नगर में खुले कार्यालय में नारायण ई टेक्नो स्कूल हैदराबाद की नई शाखा है। संस्थान में नीट और जेईई एडवांस की तैयारी के लिए पाठयक्रम और मौलिक कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनजीओ प्रमुख पारुल मालिक, डॉ. राजा चावला, स्कूल की प्रिंसिपल भावना कौशिक, एजीएम हर्षित शर्मा और उनकी टीम मौजूद रही।

सजला राष्ट्रीय सचिव और नम्रता बनीं उत्तराखंड अध्यक्ष

सजला

नम्रता।

बरेली,अमृत विचार : अखिल भारतीय कायस्थ सभा ने सजला सक्सेना को राष्ट्रीय सचिव और नम्रता सक्सेना को उत्तराखंड का अध्यक्ष मनोनीत किया है। कर्मचारी नगर में कार्यकारिणी की विशेष सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष वाईसी सक्सेना ने इसकी घोषणा की।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

अफसरों ने नर्सिंग छात्रों को दिया प्रशिक्षण

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के जीएनएम के विद्यार्थी स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करेंगे। शनिवार को इस संबंध में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविश अग्रवाल, प्रतिनिधि पाथ संस्था डॉ. नितिन गोपी ने कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिले के 15 ब्लॉक, 21 अर्बन पीएचसी क्षेत्र में कार्यक्रम को चलाया जाएगा। फाइलेरिया रोधी दवा में आशा, आंगनबाड़ी समेत नर्सिंग के विद्यार्थियों की ओर से भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने अभियान में सहयोग के लिए नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। उप प्रधानाचार्य डॉ. अनीथा पी ने सभी विद्यार्थियों को 10 फरवरी से फाइलेरिया रोधी दवा खिलवाने के लिए निर्देशित किया।

अभियान में खोजे गए 129 टीबी मरीजों का इलाज शुरू

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान में पिछले दस दिनों में 129 मरीजों में टीबी रोग की पुष्टि हुई। इनका इलाज शुरू कर दिया गया है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. कैलाश चंद्र जोशी ने बताया कि 23 नवंबर से 5 दिसंबर तक शहरी और ग्रामीण बस्ती और हाई रिस्क क्षेत्र में 11,00,491 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। लक्षण के आधार 6,643 लोगों के बलगम की जांच हुई, जिसमें 74 लोगों में टीबी रोग की पुष्टि हुई। वहीं 55 लोगों में एक्स-रे और अन्य लक्षणों के आधार पर टीबी रोग की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि सभी मरीजों का इलाज शुरू किया जा चुका है। जिला पीपीएम समन्वयक विजय कुमार ने बताया कि अगर किसी को लक्षण हैं तो वह तुरंत जांच कराएं। जांच एवं उपचार सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध है।

इलाज से पूरी तरह से ठीक हो सकता है कुष्ठ रोग

बरेली, अमृत विचार : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अर्बन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर रामपुर गार्डन में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान और कुष्ठ पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर डॉ. अनु शर्मा ने समाज में कुष्ठ रोगियों को लेकर फैली कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। बताया कि कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टेरियम लेप्रे नामक बैक्टीरिया के कारण होता है, जो इलाज करने पर पूरी तरह ठीक हो जाता है। डॉ. अपूर्व, डॉ. सलोनी, एमएसडब्ल्यू विवेक मिश्रा, अमित कुमार, सुशीला, रीता, नेहा, कविता मौजूद रहीं।

ठगी के मामलों की होगी जांच

नवाबगंज, अमृत विचार : समाधान दिवस में डीएम के सामने विदेश भेजने के नाम पर ठगी किए जाने की शिकायतें भी आई। डीएम ने इन सभी मामलों की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस को दिए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैं Sumita Chandra D/o Suresh Chandra सुमिता चंद्रा पुत्री श्री सुरेश चंद्रा निवासी मकान नंबर 26 तिलक कॉलोनी, सुभाष नगर बरेली यूपी 243001, पहले मेरा नाम सुमिता था और यह मेरे दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में भी उल्लेखित है, मैं एतद्द्वारा घोषणा करती हूं मैंने अपना नाम सुमिता बदलकर सुमिता चंद्रा कर लिया है और मेरा सही और वास्तविक नाम सुमिता चंद्रा है, भविष्य के सभी दस्तावेजों के लिए पुराने नाम के स्थान पर नए नाम से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।
बिकाऊ है
एक मकान 100 वर्ग गज उत्तर मुखी पार्क फेसिंग उत्सव पार्ट सेकंड महानगर कॉलोनी बरेली & एक प्लाट 60 गज रामगंगानगर सेक्टर-4 में
वास्तविक खरीदार संपर्क करें
9675451445, 8937000222
आवश्यकता है
एक्सपोर्ट लाइन स्कूल ड्रेस के कारीगर की।
पता
मढ़ीनाथ रोड सनईया-सिठौरा बरेली
7817003402
7817003404
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सनातन प्रवाह है भारतीय संस्कृति

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था,लेकिन उनकी पार्टी के ही बंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डी. के. सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निंदा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है,लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' हैं। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शांति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है।

का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है।

भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण या पूरब-पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने संपूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे,पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वंदे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिंधु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है।

भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है,लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे। भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के,लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चार धामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारंभिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं।

देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डी.एम.के. के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है,लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं।

राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डी.एम.के. की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

गवर्नरों के रोल और दीनदयाल के बोल

संघ,जनसंघ और भाजपा का जहां भी जिक्र आयगा। वहां पं.दीनदयाल उपाध्याय का नाम बड़े आदर से स्मरण किया जाएगा। वे इन संगठनों के शिखरस्थ महामानवों में से थे,जो नीति और सिद्धांत की वेदी पर पद को ठुकराने वाले जाने जाते हैं। जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए, 28 दिसंबर 1967 को कालीकट (केरल) में पार्टी के अधिवेशन में दिया गया उनका भाषण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसमें उन्होंने तमाम मुद्दों के साथ गवर्नरों की भूमिका पर भी उंगली उठाई थी और उन्हें केन्द्रस्थ सरकार के इशारों पर चलने वाला बताकर, इन पदों पर ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर बल दिया, जो स्व-विवेक से काम करें और प्रदेश या देश की सरकार के हाथ के उपकरण न बने। कांग्रेस या यूपीए शासन काल के इन पदाधिकारियों ने खुलकर केंद्र के एजेंट के रूप में काम किया,लेकिन अब तो 10 साल से उपाध्याय जी के ही उत्तराधिकारियों की सरकार केंद्र में शासन कर रही है। उसके लिए तो दीनदयाल जी की वाणी वेद, पुराण तुल्य ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। कर ये भी वैसा ही रहे हैं। लगता है गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे" एकदम सही है। दो ताजे उदाहरण देखिए। विगत हफ्ते देश में दो सरकारें परिवर्तित हुईं। बिहार और झारखंड। बिहार का परिवर्तन केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अनुकूल होने जा रहा था,तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के चंद घंटे बाद ही बिना किसी किंतु-परंतु के उन्हें पुनः शपथ दिला दी गई। उन्होंने जैसा कहा,ज्यों का त्यों मान लिया गया। हालांकि उनका बहुमत डावॉडोल है। एक सप्ताह होने जा रहा है,अभी विभागों का वितरण नहीं हो पाया है और बहुमत सिद्ध करने की तारीख टाली जा रही है। एक सहयोगी जीतनराम माझी तेवर दिखा रहे हैं। इस हेतु 5 फरवरी नियत थी, किंतु अब गवर्नर साहब ही कह रहें हैं कि उन्हें समय नहीं है। यानी वे एकाध घंटे अभिभाषण पढ़ने विधानसभा नहीं आ सकते। अतः यह तारीख 12 फरवरी कर दी गई। है न खुला फेवर! अब इस अवधि में जितनी चाहो 'हार्स ट्रेडिंग' कर लो। दूसरा उदाहरण झारखंड का है,जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। अतः उन्होंने विधायक दल का दूसरा चुनाव दिया और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे जेल भेज दिए गए। नए चुने गए नेता चंपई सोरेन अपने दल और गठबंधन के विधायकों के समर्थन पत्र लेकर राज्यपाल से 31 जनवरी को मिले और सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत कर दिया। राज्यपाल ने उनसे सरकार बनाने को न कहकर इंतजार करने को कहा। कारण कि चम्पई सोरेन भाजपा के विरोधी गठबंधन के हैं। अगले दिन पहली फरवरी को दिन भर गहमागहमी रही। मीडिया के समक्ष विधायक उपस्थित हुए। राज्यपाल के दरवाजे पर धरने पर बैठने की धमकी दी। शाम पांच बजे फिर चम्पई गवर्नर हाउस पहुंचे,उनसे कहा गया कि प्रकरण पर विधिक राय ली जा रही है। मतलब साफ था कि भाजपा,जो वहां विपक्षी है,को मौका दिया जा रहा था कि विधायकों का अश्व व्यापार कर लो। अंततः जब बात नहीं बनी, तो रात 11 बजे चम्पई को सरकार बनाने का आमंत्रण पत्र मिला और अगले दिन 2 फरवरी को शपथ ग्रहण हुआ। पर्दे के पीछे खरीद फरोख्त की कोशिशें अब भी जारी हैं,क्योंकि चम्पई को बहुमत सिद्ध करने को कहा गया है। भय वश चम्पई सोरेन ने अपने विधायक चार्टर्ड प्लेन से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिए हैं। इस तरह स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दीर्घकालिक आर्थिक खाके को दर्शाता अंतरिम बजट

चुनावी वर्ष में प्रस्तुत केंद्र सरकार का अंतरिम बजट लोक लुभावन घोषणाओं के बजाय अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। बजट के प्रावधानों में सरकार का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बजट में सरकार की स्वस्थ,संपन्न एवं शिक्षित (हेल्दी, वेल्दी और वाइज) समाज के निर्माण का संकल्प नजर आता है। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए नीतिगत सुधारों एवं आर्थिक विकास के कदमों विशेष तौर से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति से जीडीपी की दृष्टि से भारत आज दस वर्ष में 10 वें स्थान की अर्थव्यवस्था से पांचवे स्थान पर पहुंचा है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी को सरकार की गवर्नेंस नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया,उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी (गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है) सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए और विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह अंतरिम बजट मजबूत और विकसित भारत के सपने को अमली जामा पहनाने की ओर एक पड़ाव समझा जा सकता है।

प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

बजट में देश की चारों प्रमुख स्तंभों युवा,गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रावधानों को तरजीह दी गई है,क्योंकि चार जातियों के विकास से देश के प्रत्येक नागरिक का कल्याण स्वाभाविक है। इससे स्पष्ट है कि यह बजट आम नागरिक को केंद्र में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में नए मेडिकल कॉलेज खोलने,नए एम्स खोलने,आयुष्मान योजना का विस्तार,मौजूदा अस्पतालों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचे। उसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर कार्यरत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को देने का निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की प्रभावी योजना है।

बजट में पूंजीगत व्यय की 11.1 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान होने से रेल,सड़क, वायु परिवहन, ऊर्जा इत्यादि के ढांचागत विकास को गति मिलने एवं औद्योगिकरण की राह आसान होने के आसार हैं,जो रोजगार के नए विकल्प खुलेंगा। कृषि के लिए 1.27 लाख करोड़ से अधिक रुपये का प्रावधान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी सेक्टर जैसे- पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन,

मधु पालन आदि को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के बजट में 26000 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।

यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की तलाश में हो रहे पलायन को रोकने में सहायक होगा। हालांकि यदि हिमालयी व कोस्टल क्षेत्रों के सीमांत किसानों की कृषि कार्यों को इससे जोड़ा जाता तो यह योजना अधिक कारगर रहती। उद्यमिता के विकास पर बजट का खास फोकस है,छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज रहित ऋण का प्रावधान होने से युवा स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगे जिससे औद्योगिकरण को गति प्राप्त होगी। स्कूली शिक्षा के लिए बजट में 19.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सहायता होगी साथ ही प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, पीएम उषा, पीएम श्री आदि योजनाओं के तहत बजट आवंटन होने से शिक्षित समाज के निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। क्योंकि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर बजट में विशेष फोकस किया गया है। यह देश को नॉलेज अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। रेलवे के तीन कॉरिडोर विकसित होने, चालीस हजार नए रेल बगियां के निर्माण, नई मेट्रो लाइन का विस्तार होने से औद्योगिक उत्पादों का वितरण एवं विपणन सुगम होगा।

इस प्रकार की सुविधा आम व्यक्ति के रोजमर्रा की दिनचर्या को आसान बनाएगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयात-निर्यात प्रभावी तरीके से संचालित करना आसान होगा। लगातार बढ़ते आयकर एवं जीएसटी संग्रह के बावजूद बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में अधिक फेरबदल न करके आयकर के स्लैब में भी परिवर्तन नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से देखा जा सकता है। यह कदम सरकार आत्मविश्वास को दर्शाता है और इससे राजकोषीय घाटे को कम करने में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक लाने का है,जो इन प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। बजट के प्रावधान सरकार की दीर्घकालीन,स्थाई एवं मजबूत आर्थिक नीतियों को प्रदर्शित करती है।

समाज की मशाल

इमाम जाफर अल सादिक हजरत अली की चौथी पीढ़ी में थे। उनके वालिद इमाम मोहम्मद बाकर खुद वैज्ञानिक थे और मदीने में अपना कॉलेज चलाते हुए सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाते थे। अपने पिता के बाद जाफर अल सादिक ने यह काम संभाला और अपने शागिर्दों को कुछ ऐसी बातें बताईं,जो इससे पहले किसी ने नहीं बताई। उन्होंने अरस्तू की चार मूल तत्वों की थ्योरी से इंकार किया और कहा कि मुझे हैरत है कि अरस्तू ने कहा कि दुनिया में केवल चार तत्व हैं,मिट्टी, पानी, आग और हवा। मिट्टी खुद तत्व नहीं है,बल्कि इसमें बहुत सारे तत्व हैं।



हफीज किदवई
लेखक

इसी तरह जाफर अल सादिक ने पानी, आग और हवा को भी तत्व नहीं माना। हवा को भी तत्वों का मिश्रण माना और बताया कि इनमें से हर तत्व सांस के लिए जरूरी है। मेडिकल साइंस में इमाम सादिक ने बताया कि मिटटी में पाए जाने वाले सभी तत्व मानव शरीर में भी होते हैं। इनमें चार तत्व अधिक मात्रा में आठ कम मात्रा में और आठ अन्य सूक्ष्म मात्रा में होते हैं। उन्होंने बताया, "जो पत्थर तुम सामने गतिहीन देख रहे हो,उसके अंदर बहुत तेज गतियां हो रही हैं। उसके बाद कहा "यह पत्थर बहुत पहले द्रव अवस्था में था। आज भी अगर इस पत्थर को बहुत अधिक गर्म किया जाए तो यह द्रव अवस्था में आ जाएगा। ऑप्टिक्स का बुनियादी सिद्धांत प्रकाश जब किसी वस्तु से परिवर्तित होकर आंख तक पहुंचता है तो वह वस्तु दिखाई देती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्मांड में कुछ भी स्थिर नहीं है। सब कुछ गतिमान है।

ब्रह्मांड के बारे में एक रोचक थ्योरी उन्होंने बताई कि ब्रह्मांड हमेशा एक जैसी अवस्था मं नहीं होता। एक समयांतराल में यह फैलता है और दूसरे समयांतराल में यह सिकुड़ता है। उनके मशहूर शागिर्दों में जाबिर इब्ने हय्यान, इमाम अबू हनीफ, मालिक इब्न अनस थे। जिन रवायतो को आप मजाक बताते हैं,उन्हीं ने आज उनको जिंदा रखा है वरना ढूंढते रहते अरबी फारसी की किताबों में। कई बार रवायतें इसीलिए डाली जाती हैं कि शख्सियतें और उनके काम पीढ़ी दर पीढ़ी नीचे पहुंच जाएं। यह तरीके वोह नहीं समझेंगे जो एक झटके में सब खत्म कर देना चाहते हैं। हम सभी धर्म के लोगों से कहते हैं कि अपने बीच से अच्छे लोगों के किस्से आम करो। वह ही समाज की मशाल हैं। हमें भी इमाम जाफर ही रास्ता दिखाएंगे।

निभाएं अच्छे नागरिक का फर्ज

भारत में सबसे बड़ी समस्या का कारण यदि कुछ है तो वह है कचरा प्रबंधन। विदेशों में तो साफ सफाई का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है,लेकिन यदि बात हमारे देश की आती है तो मैनेजमेंट स्तर पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता है। यदि आप अपने घर से शुरुआत करें कचरा कम फैलाएं उसे अलग-अलग करें और कंपोस्टिंग का मेथड सीखें तो एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज आप भी निभा सकते हैं। कुछ साल पहले स्टेशनों पर प्लास्टिक बैग्स, बोतलों और चिप्स के पैकेट का कचरा फैलाने वाले पर्यटकों के सामने कुछ युवाओं ने ऐसा उदाहरण पेश कर दिया था कि वहां मौजूद तमाम लोगों को सबक मिल गया। युवाओं ने सबके सामने कूड़ा एकत्र किया और एक बड़े थैले में भरकर ले गए। पूरे देश में यदि साफ सफाई की मुहिम चल रही है तो हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर और आसपास की भी सफाई का ध्यान रखें और अपने स्तर पर पहल करें अपनी आदतों को सुधारने का प्रयास करें। यदि देश में स्मार्ट सिटी बनाने का सोच रहे है तो क्या आप अपना यह सपना पूरा करने में सक्षम हैं? क्या आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं? सार्वजनिक स्थलों, ऑफिस, कैंटीन, गमलों में पान थूकना, मसालों के रैपर्स इधर-उधर फेंकना, घर का कूड़ा सड़क पर डाल देना, छत, बालकनी या सीढ़ियों की सफाई करके गंदगी को यहां वहां बिखेर देना,अपने घर के आसपास का कचरा दूसरों के घर के आगे डाल देना नागरिक का धर्म नहीं है। यदि आप अपने देश से प्यार करते हैं तो आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आप का प्रथम कर्तव्य बनता है। यदि कोई समस्या बढ़ी है तो उसे और आप बड़ा न बनाएं।

पूजा गुप्ता
मिर्जापुर

कचरा प्रबंधन के लिए कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं आगे आई हैं। यदि प्लास्टिक का कोई समान फेंके जा रहे हैं तो इस समस्या को सुधारें। यह देश की समस्या बन रही है कि शहरों और महानगरों में सबसे अधिक कूड़ा कर्कट पाया जाता है। इसलिए बेस्ट मैनेजमेंट यहां की बड़ी समस्या है।

संस्मरण

किताब चोर मैं

मैं 1982 के दिसंबर में पहली बार हालैंड की राजधानी अमस्टर्डम गया था। वहां किताबों की एक बहुत बड़ी दुकान थी। मेरे पास कुल 35 गिल्डर थे और मुझे अभी तीन दिन और अम्सटर्डम में रुकना था,लेकिन फिर भी जब मुझे किताबों की एक दुकान दिखाई पड़ी तो मैं उसमें घुस गया। वहां हर तरह की किताबें थीं। घासलेटी साहित्य से लेकर उच्चस्तरीय साहित्य तक मैंने दुकान में ही एक आदमी को किताब के कवर फाड़कर किताब अपनी कमीज में घुसाते देखा। मैं करीब डेढ़ घंटे से उस दुकान में घूम रहा था। मैंने देखा कि वो पुस्तक-चोर बड़ी सहजता से दुकान के बाहर चला गया। अब मेरा मन भी एक-दो किताबें चोरी करने का हो आया,जो दो किताबें मुझे पसंद आईं उनमें से एक 60 गिल्डर की थी और दूसरी 55 गिल्डर की। मैंने भी कमीज के नीचे किताबें छिपाईं और बाहर निकलने की कोशिश की। जब दरवाजे से बाहर निकलने लगा तो अचानक भोंपू-सा बजना शुरू हो गया।

अनिल जनविजय
वरिष्ठ लेखक

दुकान के दरवाजे पर खड़े दुकान के मालिक ने मुझसे कहा कि आप किसी किताब का भुगतान करना भूल गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने उनकी दुकान से कोई किताब नहीं ली है तो उसने मुझसे कहा कि क्या आप अपना झोला दिखाएंगे? मेरा झोला किताबों से भरा हुआ था,लेकिन वो सभी किताबें मैंने बर्लिन में खरीदी थीं और उनका कैशमीमो भी मेरे पास था। उसने ध्यान से सारी किताबें देखीं और मेरा थैला अपने ही पास रखकर मुझसे कहा कि मैं एक बार फिर दरवाजे से बाहर जाऊं। जैसे ही मैं दरवाजे पर पहुंचा, भोंपू फिर से बजना शुरू हो गया। उसने मुझसे कहा कि अभी आपके पास और किताब हैं कोई। आप वह किताब भी निकालिए। मैं फंस चुका था। मैंने अपनी कमीज के नीचे से दो किताबें निकालकर सामने रख दीं।

दोनों किताबें देखकर वो दंग हो गया। एक किताब नाजिम हिकमत की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की थीं और दूसरी किताब पाब्लो नेरूदा की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की। उसने मुझसे कहा कि ये किताबें तो हमारी दुकान में कोई चुराता ही नहीं है। हमारे यहां तो ज्यादातर घासलेटी साहित्य ही चोरी होता है। मैंने उसे बताया कि मैं खुद कवि हूं और मुझे सिर्फ कविता-संग्रह ही पसंद हैं। उसने मुझसे कहा कि वह मुझे दोनों किताबें पचास प्रतिशत की रियायत पर दे देगा। मैंने उससे कहा कि मेरे पास सिर्फ 35 गिल्डर हैं और मुझे अभी वहां तीन दिन और रहना है। इन कवियों की किताबें देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने अपने काव्य प्रेम की वजह से धनाभाव की मजबूरी में वे किताबें चुरा ली थीं। वैसे बर्लिन में मैंने सारी किताबें खरीदी हैं और उनका कैशमेमो भी मेरे पास हैं।

इसके बाद वो दुकानदार मुझसे देर तक बात करता रहा। फिर अचानक उसने मुझसे कहा कि वह पांच सौ गिल्डर की किताबें मुझे भेंट करना चाहता है और मैं उसकी दुकान में से पांच सौ गिल्डर की किताबें चुन सकता हूं। मेरे तो जैसे कोई लाटरी खुल गई थी। मैंने लोर्का, ब्रेख्त, रिल्के, विक्टर ह्यूगो, कंस्तान्तिन कवाफ़ी, सफ़्फ़ो के छह कविता संग्रह और चुन लिए वो कविता के लिए मेरा पागलपन देखकर हैरान हुआ। फिर उसने पूछा कि मैं कौन से होटल में रुका हूं? मैंने उसे बताया कि मेरे पास इतने पैसे ही नहीं हैं कि मैं होटल में रुकूं। मैं अपनी रातें हर शहर में रेलवे स्टेशन पर बिताता हूं। मेरा यह जवाब सुनकर वह और ज्यादा आश्चर्यचकित हुआ। उसने मुझे कॉफी पीने का ऑफर दिया और खिद ही कॉफी बनाकर मुझे पिलाई। तब तक वह भारत के बारे में और भारतीय संस्कृति के बारे में मुझसे बात करता रहा। काफी पीने के बाद जब मैंने उससे जाने की इजाज़त मांगी तो उसने मुझे विदा करते हुए कहा कि अगर मैं चाहूं तो अगली दो रातें उसके घर पर बिता सकता हूं। मैं सहर्ष तैयार हो गया।

मैंने उससे पूछा कि यह क्या रहस्य है कि किताबें छुपाकर बाहर निकलने पर भोंपू कैसे बजने लगता है? उसने बताया कि किताबों के कवर में एक ऐसी इलैक्ट्रॉनिक चुंबक की पतली-सी परत छुपी हुई है जिसको निरस्त करना जरूरी होता है। उसे अगर निरस्त नहीं किया जाएगा, वह चुंबकीय परत दरवाजे में लगी मशीन के पास पहुंचते ही दरवाजे में लगा भोंपू बजने लगेगा। उसने मुझसे कहा कि अगर मैं उसके साथ रुकना चाहूंगा तो शाम को आठ बजे तक उसकी दुकान पर वापिस आ जाऊं। आठ बजे दुकान बंद होती है, तब वो मुझे अपने घर ले चलेगा। मैंने किताबों और अन्य सफरी सामान से भरा अपना थैला उसकी दुकान पर ही छोड़ दिया और शहर घूमने बाहर निकल गया। अगले दो दिन बड़े सुखद रहे।

रामभक्तिः विविधता में एकता के दर्शन

भारत विकास और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा एक जनसंख्या बाहुल्य देश है। इसकी जनसंख्या में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, मत एवं संप्रदायों का समिश्रण है जिसमें हिंदू धर्म का अनुपात सर्वाधिक है। भारत एक युवा देश है। यहां पर युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देकर उनकी कार्य-कुशलता तथा योग्यता में अकल्पनीय वृद्धि की जा सकती है। युवाओं के लिए श्री राम का दिव्य चरित्र, अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य-निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, शारीरिक सौष्ठव, मानसिक बल, निरंतर संघर्ष, भावात्मक सौंदर्य एवं त्याग युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा।

डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

हजारों वर्षों पूर्व से ही भारत के पास रामराज रूपी सुव्यवस्था रही है जिसमें प्रत्येक नागरिकों के हितों की सुरक्षा की बात स्पष्ट प्रतीत होती है। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त था। समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक दृष्टि से संपन्नता व्याप्त थी, परंतु समय-समय पर समाज में कुछ अराजकता एवं विषमताएं उत्पन्न होती रही जिससे रामराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था समय के साथ धूमिल होती नजर आई,लेकिन रामभक्ति प्रत्येक हिंदू के हृदय की धड़कन के रूप में सदैव विद्यमान रही। चाहे वह किसी भी जाति, भाषा-भाषी, भिन्न संस्कृति या मत मतांतर का व्यक्ति रहा हो। आज भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी रामभक्ति भिन्न-भिन्न स्वरूपों में विद्यमान है,जो विश्व को राम नाम के आधार पर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। भारत में रामराज की अवधारणा ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, मानवीय मूल्य, नैतिकता एवं स्वाभिमान के साथ-साथ राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए मानव को समाज के उच्च आदर्शों पर गतिमान रहने का परम संदेश प्रदान किया है। राम राज में सभी मनुष्य लोक-कल्याणकारी व्यवस्था के अंतर्गत एक ऐसे राज्य की संकल्पना कर सकते हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति दीन-दुखी और अभावग्रस्त नहीं होगा। सभी व्यक्ति शिक्षित, संस्कारी, संपन्न और आवश्यक सुविधाओं से संपन्न होंगे। चारों ओर भय मुक्त वातावरण व्याप्त होगा। रामभक्ति और रामराज भारत के हर नागरिक के लिए ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं बुनियादी आधार है जिसमें प्रत्येक नागरिक के लिए चाहे वह धनी हो या निर्धन सभी को समान न्याय प्राप्त होगा एवं इसके साथ-साथ सभी के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।

शासन का एकमात्र लक्ष्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना तथा जनता के हितों की रक्षा करना होगा। भारत में राम मंदिर की स्थापना एवं रामभक्ति ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैविध्य का समन्वय एक साथ किया है। राम भक्ति एवं राम भक्त विश्व के विभिन्न देशों में पाए जाते हैं,जो विभिन्न रूपों में राम में आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं। देशीयता की सीमाओं से परे एवं जात-पात, उच्च-नीच, छोटा-बड़ा यहां तक की कुछ मात्रा में अन्य धर्म के लोगों में भी रामभक्ति का रंग दिखाई पड़ा है। इसके पीछे उन सभी का ध्येय श्रद्धा की हो या स्वार्थ पूर्ति की, परंतु सभी ने राम नाम के एक मंच पर एकत्रित होकर विविधता में एकता के दर्शन कराए हैं।

एक नजर

दिव्यांग को भाई नहीं दे रहा संपत्ति में हिस्सा

भमोरा, अमृत विचार : एक दिव्यांग को उसके भाई और भाभी उसके हिस्से की संपत्ति नहीं दे रहे हैं। मांगने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। वहीं उसकी भाभी कही शिकायत करने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती हैं। भमोरा के गांव बिहारीपुर निवासी महेश ने बताया वह दोनों आंखों से दिव्यांग है, उसके बड़े भाई उसके हिस्से की न तो जमीन दे रहे है और न ही हिस्से में मिले जेवर देने को तैयार है।

कैंटर चालक से की मारपीट, वीडियो वायरल

भमोरा, अमृत विचार : कैंटर चालक से कार चालक ने बैंक के गार्ड के साथ मिलकर मारपीट की, मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा हैं, पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव बरौर निवासी कैंटर चालक विशाल ने बताया की वह बरेली से आंवला जा रहा था, सेंधा बैंक के सामने कार चालक डीके चौहान बैंक गार्ड के साथ मिलकर मारपीट की। ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने जैसे तैसे उसे बचाया। कैंटर चालक विशाल ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे बीस हजार रुपये भी कही गिर गए।

पशुशाला में आग लगाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

बिशारतगंज, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव में पशुशाला में लगी आग से छह पशु और एक ग्रामीण के झुलस जाने के मामले में गोकलपुर गांव निवासी एक व्यक्ति और एक अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई। घर के पास बनी पशुशाला में लगी आग से छह पशु व एक ग्रामीण गुरुवार रात झुलस गया। तहरीर के आधार पर गोकुलपुर गांव के ही कालीचरण एवं एक अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

किशोरी से छेड़छाड़ कर बनाया अश्लील वीडियो

आंवला, अमृत विचार : घर में नहा रही किशोरी का मोहल्ले के युवक ने छत से वीडियो बनाकर सार्वजनिक करने की धमकी दी। किशोरी की मां ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि एक फरवरी को उसकी बेटी घर में स्नान कर रही थी। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग उसकी बेटी को छत पर आकर देखने लगे। देखने लगे। विरोध करने पर दो युवक घर में आ गए और उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोपियों ने उसके वीडियो बनाकर सार्वजनिक करने की धमकी दी है। पीड़िता ने शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

आंबेडकर प्रतिमा के लिए बनाया गया चबूतरा प्रशासन ने ढहाया

ग्राम समाज की जमीन पर बिना अनुमति के बनाया जा रहा चबूतरा

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : बगैर अनुमति के डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए ग्राम समाज की जगह में बनाए गए चबूतरे को तहसील प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से ढहा दिया।

ढिलवारी गांव में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने के लिए जाटव समाज ने चबूतरा बनवाया था। चोरी छिपे प्रतिमा स्थापित करने की सूचना पर शनिवार को तहसील टीम भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर गांव पहुंच गई और ग्राम समाज की जगह से चबूतरे को ढहा दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम समाज की 10 बिसवा ग्राम समाज की जमीन है। जिस पर बीते वर्ष अप्रैल माह की शुरुआत में गांव के ही एडवोकेट पप्पू भारती ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना करने के लिए एक चबूतरे का निर्माण कराया था। 14 अप्रैल 2023 को गांव में निकलने बाली बाबा साहब की प्रभात फेरी के दिन किसी ने प्रतिमा स्थापना की सूचना पुलिस को दे दी। जिसको लेकर भारी संख्या में मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने बगैर अनुमति मूर्ति की स्थापना न करने की चेतावनी दी।

पूर्व प्रधान एवरन सिंह, पप्पू भारती आदि ग्रामीणों ने अनुमति के बाद ही प्रतिमा की स्थापना करने का लिखित आश्वासन दिया था। नायब तहसीलदार आंवला शोभित चौधरी ने बताया कि बीती 30 जनवरी को पप्पू भारती एडवोकेट ने अपने समाज की एक गोपनीय बैठक की जिसमें उक्त जगह पर प्रतिमा स्थापित करने की योजना बनाई और समाज के लोगों से 14 हजार 5 सौ रुपये चंदा एकत्र कर देवेंद्र जाटव के पास रख दिए। उक्त योजना में पूर्व प्रधान एवरन सिंह, रंजीत, देवेंद्र, संजीव आदि शामिल थे। नायब तहसीलदार ने बताया कि उक्त मामले में गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम समाज की जगह में बने चबूतरे को ढहा दिया गया।

चबूतरा गिराने पहुंची टीम का विरोध करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

चबूतरे को गिराती जेसीबी।

फतेहगंज पश्चिमी के ट्रक चालक की गया में मौत

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार : बिहार के गया जिले में स्थित गंगासागर ब्रिज पर सड़क हादसे में गांव कुरतरा के ट्रक चालक राहुल की मौत हो गई। जबकि हेल्पर घायल हो गया। सूचना आने पर घर में कोहराम मच गया। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव लेने बिहार रवाना हो गए है। गांव कुरतरा निवासी राहुल दिवाकर (24) और गांव का ही जितेंद्र यादव बिहार में ट्रक चलाते थे।

शुक्रवार शाम को उनका ट्रक गंगासागर ओवरब्रिज पर साइड से खड़े ट्रक में पीछे से घुस गया। जिससे ट्रक चला रहे राहुल गंभीर घायल और जबकि हेल्पर जीतेंद्र यादव चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान राहुल दिवाकर की मौत हो गई। शनिवार सुबह सूचना गांव कुरतरा आने पर घर में कोहराम मच गया।राहुल के पिता धनपाल कई लोगों के साथ मध्यप्रदेश गए है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंच सकता है। राहुल दिवाकर की शादी नहीं हुई।वह अपने पीछे एक भाई दो बहनों को छोड़ गया है।

जेसीबी की टक्कर से युवक की मौत, रिपोर्ट

मीरगंज, अमृत विचार : जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में मृतक के पिता ने शुक्रवार को अज्ञात जेसीबी चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। थाना शेरगढ़ के गांव मानपुर के मझरा मनुनगर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि गत दिवस उनका बेटा अजय बाइक से अपने घर से लभारी जा रहा था। अनुबिस चौकी के पास जैसे पहुंचा फोन आने पर वह बाइक रोककर किनारे खड़ा होकर बात करने लगा। इसी दौरान एक जेसीबी चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए बरेली अस्पताल ले गए वहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान बेटे की मौत से पूरा परिवार टूट गया। बेटे के अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के चलते रिपोर्ट लिखाने नहीं आया। शुक्रवार को थाने में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात जेसीबी चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई।थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित ओमप्रकाश की तहरीर के आधार पर अज्ञात जेसीबी चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी।

उफनाई नहर से लाही को नुकसान की आशंका

नहर में आए उफान से लाही के खेत में भरा पानी।

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : नवाबगंज के ग्रेम डैम से निकलने वाली औरंगाबाद रजवाह में बीते एक सप्ताह से पानी अपने उफान पर है। छोटी नहर का पानी किनारे को तोड़कर खेतों में भर रहा है। किसान नहर के पानी को खेतों में भरने से रोकने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। पानी खेतों में भरने से मुड़िया भीकमपुर के एक दर्जन से अधिक किसानों की लाही की फसल चौपट होने के कगार पर पहुंच गई है। किसानों ने बताया कि जब सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता थी उस समय नहर सूखी रही अब भरपूर्ण पानी छोड़ा गया है जो नुकसान कर रहा हैं।

फर्जी दस्तावेजों से खोल लीं तीन फर्म

संवाददाता, कैंट

- जीएसटी न जमा करने पर खुला भेद, चेक पर किए फर्जी दस्तख्त
- अदालत के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : धोखे से मौसा के आधार कार्ड, पैन कार्ड, जीएसटी नंबर ले जाकर फर्जी तरीके से तीन फर्म बना लीं। आरोपी ने बैंक से चेकबुक जारी कराके फर्जी हस्ताक्षर कर दुरुपयोग किया, जीएसटी की चोरी भी की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

थाना सुभाष नगर के पटेल बिहार निवासी विनोद कुमार गुप्ता बताया कि थाना कैंट के बुखारा स्थित क्लासिक सिटी कॉलोनी निवासी उनके साढ़ू का बेटा राहुल गुप्ता उनके घर आया और उनके दस्तावेज यह कहकर ले गया कि मैं आपको गल्ले की आढ़त दिलवा दूंगा। उसने धोखे से उन दस्तावेजों से केदारनाथ ट्रेडिंग कंपनी, खाटू श्याम जी ट्रेडर्स एवं बालाजी ट्रेडर्स नाम से तीन फर्जी फर्में बनवा लीं। आरोपी ने जीएसटी विभाग में कोई भी रकम जमा नहीं करने पर जीएसटी विभाग से विनोद कुमार के पास नोटिस आना शुरू हो गए। जानकारी होने पर उन्होंने आरोपों से संपर्क कर धोखाधड़ी और षड्यंत्र के तहत कार्य करने का कारण पूछा तो उसने जीएसटी जमा करने का आश्वासन दे दिया। इसके बाद भी उसने कोई भी पैसा जमा नहीं किया। विनोद कुमार गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। कार्रवाई न होने पर कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने आरोपी राहुल गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख हड़पे

बहेड़ी, अमृत विचार : काम चलाने के लिए पहले पांच लाख की मदद मांगी और फिर नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख ले लिए। वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुसि ने एसएसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं। गांव जागन डांडी निवासी महेश पाल ने बताया दो साल पहले गांव बांस बोझ निवासी नत्थू लाल और उनके बेटे वीरेंद्र ने काम चलाने के लिए पांच लाख लिए थे जो उसने अपने मौसेरे भाई से दिलवाए थे। कुछ समय बाद जब रकम वापस मांगी तो उन्होंने कुछ समस्या बताते हुए कहा कि उनकी अधिकारियों से पहचान है वे एक व्यक्ति की नौकरी दिला सकते हैं। हां कहने के कुछ दिन बात कहा कि उन्होंने आपके भाई की चपरासी पद पर नौकरी करवा दी है। नियुक्ति पत्र चार लाख देने पर मिलेगा। रुपये देने के बाद भी नौकरी नहीं मिली, मांगने पर धमकी दी।

गंदे पानी से होकर निकल रहे ग्रामीण

संवाददाता, भुता

अमृत विचार : भुता थाना क्षेत्र के गांव म्युणी खुर्द कला के मूल निवासी लोगों ने फरीदपुर उप जिलाधिकारी को ग्राम प्रधान के खिलाफ एक शिकायत्री पत्र दिया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया है कि गांव की एक गली में लंबे समय से गंदा पानी भरा है पानी का निकास का रास्ता न होने के कारण गली में गंदा पानी और कीचड़ से रास्ता बंद है। इससे वहां लोगों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा हैं। गंदगी के बीच से बच्चों को पैदल निकलना तक मुश्किल है, कीचड़ में फीसलने से लोग गिरकर चोटिल होते हैं। अधिक समय से गंदा पानी भरे होने के कारण उसमें मच्छर पैदा हो रहे हैं। लोगों को संक्रामक बीमारियां फैलने का डर सता रहा हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से कई बार की, मगर प्रधान ने इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया। परेशान ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम सदर को एक पत्र भेजकर गांव में नियमित सफाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में रमेश, बाबूराम, चरण सिंह, बलि हसन, आमना बेगम, अनीश, गुड्डू आदि शामिल है।

गली में भरे पानी के बीच से निकलने को लोग मजबूर। ● अमृत विचार

बाइक दूसरे स्थान पर मिलने से परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता, बहेड़ी

- घर से लापता शक्ति केंद्र संयोजक विष्णुकांत अग्रवाल का शव मिलने का मामला

अमृत विचार : भाजपा से जुड़े गांव सकरस निवासी शक्ति केंद्र संयोजक विष्णु कांत अग्रवाल का शव गुरुवार को मुड़िया नबी बक्श मार्ग स्थित नगर की पूर्वी सीमा से सटे गांव आकराबाद की नहर में पड़ा मिला था।

शनिवार को उनकी बाइक सकरस गांव से पहले नहर में मिली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण डूबना बताया गया है। परिस्थिति जन्य हालात मृतक के परिजनों के शक को गहरा कर रहे हैं, जिसमें वे हत्या करके फेंके जाने की बात कह रहे हैं। विष्णु कांत अग्रवाल की 27 जनवरी की काल डिटेल में आखिरी काल उनके बेटे की बताई जा रही है। शनिवार को बाइक सकरस गांव से पहले नहर के नजदीक मिली।

परिजनों का कहना है कि बाइक जब सकरस गांव के नजदीक ही थी, तो उनका शव दूसरे मार्ग पर आकराबाद नहर तक किस तरह पहुंचे। मृतक के बेटे मनीष अग्रवाल ने फोन पर हुई बातचीत में पिता की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए किसी का हाथ होने की आशंका जताई है। सीओ डॉ. तेजवीर सिंह का कहना है कि मामले में पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

नकब लगाकर दुकान से सामान समेट ले गए चोर

मीरगंज, अमृत विचार : मोहल्ला मीर खां बाबर नगर निवासी सखावत हुसैन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी दुकान धर्मशाला के सामने है। शुक्रवार रात दुकान बंद करके घर चले गए शनिवार को जब दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान में रखा सामान सिगरेट के डिब्बे, गुटके के पैकेट, नमकीन, बिस्किट और लगभग 40 हजार के सिक्के गायब मिले। चोर गोदाम में कूमल लगाकर अंदर पहुंचा। ताला तोड़ दिया और कैमरे को भी तोड़ते हुए फुटेज में देखा गया, लेकिन निशानदेही नहीं हो सकी क्योंकि चेहरे पर नकाब लगा रखा था। इससे पहले इसी दुकानदार के यहां दो बार चोरी हो चुकी है।

शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर व्यापारी को पीटा

नवाबगंज, अमृत विचार : शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर कुंडरा कोठी कस्बे में एक दवा विक्रेता को पड़ोस के मंदिर के दो बाबाओं और उनके साथियों ने हमला कर घायल कर दिया। घायल के पिता की ओर से इनके विरुद्ध तहरीर दी गई है। कुंडरा कोठी के बाजार में गांव गेला टांडा के नरेंद्र पाल के पुत्र वीरेन्द्र पाल की दवा की दुकान है। आरोप है शुक्रवार शाम 4 बजे मंदिर के दो बाबा उसके पास आकर शराब के लिए रुपये मांगने लगे और न देने पर उस पर हमला कर दिया एक बाबा ने उस पर तलवार से हमला कर दिया, तलवार लगने से उसके बाएं हाथ की अंगुलियां कट गई। एसएचओ श्रवण कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

दुल्हन ने शराबी दूल्हे से शादी से किया इन्कार, रोकी बरात

संवाददाता, आंवला

- एक सप्ताह में खर्च रकम लौटाने पर दोनों पक्षों में हुआ समझौता

अमृत विचार : एक गांव में बरात की खातिरदारी के लिए पूरी तैयारी हो गई थी। इस बीच दुल्हन को पता चला कि लगन के समय होने वाला दूल्हा शराब के नशे में था तो उसने शादी से मना कर दिया। लड़की वालों ने जब शनिवार को वर पक्ष को बरात लाने से मना किया तो सारी तैयारी धरी की धरी रह गई।

आंवला के एक युवक ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी डेढ़ माह पूर्व सिरौली थाना क्षेत्र के गांव संग्रामपुर निवासी एक युवक से तय की थी। वह युवक वर्तमान में परिवार के साथ मुरादाबाद में रहता है। शुक्रवार शाम वह अपने रिस्तेदारों के साथ लगन के लिए वर के घर गए थे, इस दौरान वह नशे में धुत था। पंडित जी जब लगन में उसे बैठाने लगे तो वह गिर गया। लगन कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद शराब पीने को लेकर उससे विवाद हो गया। शनिवार को बरात आनी थी। परंतु मध्यस्थ के माध्यम से बरात न लाने की सूचना दे दी गई। वहीं बरात न लाने की सूचना पर लड़का पक्ष में हड़कंप मच गया। लड़का पक्ष रिश्तेदारों के साथ आंवला पहुंचा और लड़की पक्ष को शादी करने के लिए मनाने लगा। दिन भर मान मनोबल के बावजूद भी लड़की पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। शाम के समय दोनों पक्षों किए गए व्यय को वापस लौटाने की सहमति बन गई। लड़की पक्ष ने बताया कि उन्होंने बुलेट बाइक समेत करीब 3 लाख का खर्चा किया है। दोनों पक्षों ने शिकायत न करके एक सप्ताह के अंदर खर्च किए रुपये लौटाने की बात कही है।

छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग

संवाददाता, क्योलड़िया

- ग्रामीणों ने प्रधान के साथ पहुंचकर बताई अपनी समस्या
- किसान सारी रात जागकर फसल बचाने में जुटे

अमृत विचार : छुट्टा पशुओं से परेशान किसानों ने प्रधान के साथ ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर बीडीओ को शिकायती पत्र देकर गोवंशीय पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की हैं। क्योलड़िया विकास खंड भदपुरा के गांव बिहारीपुर पीतमराम, मुड़िया मलूकपुर क्षेत्र में छुट्टा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

किसान रातभर जागकर फसल बचाने के लिए पहरा दे रहे हैं। जैसे ही किसानों की नजर ओझल होती है, छुट्टा पशुओं फसलों को उजाड़ने में टूट पड़ते हैं। किसानों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि यदि छुट्टा पशुओं को नहीं गोशाला भिजवाया जाएगा तो उनका परिवार भूखमरी की कगार पर पहुंच जाएगा, क्योंकि फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी। सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि 15 जनवरी के बाद छुट्टा पशु जंगल और सड़कों पर दिखाई न दे। इसके बाद भी क्षेत्र छुट्टा पशुओं के झुंड के झुंड दिखाई दे रहे हैं। प्रधान लवलेश कुमारी के पति जयवीर को साथ लेकर किसान राजेश कुमार होरीलाल कृष्ण कुमार अजय कुमार पवन कुमार शिव ओम गुलजारीलाल नत्थू लाल रामलाल हीरालाल रामकिशोर लालाराम किशन लाल तेजपाल गुलाब राय गौरव कुमार मिश्रा हरपाल समेत अन्य ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर विकासखंड अधिकारी भगवान दास को शिकायती पत्र देकर छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की।

किसानों ने एसडीएम को भेजा शिकायती पत्र

बिशारतगंज, अमृत विचार : ब्लॉक मझगवां के शाहबाजपुर गांव के दर्जनों किसानों ने शनिवार को छुट्टा गोवंशीय पशुओं से अपनी फसल बचाने के लिए शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी आंवला को डाक से भेजा। शाहबाजपुर गांव निवासी रफीक अहमद, बाबुराम, नेकशू, मुकेश सिंह, उमेश सिंह, सुरेश पाल, अकरम, जगतपाल सिंह, सिराजुद्दीन, जलालुद्दीन, इकबाल, अबरार हुसैन, जावेद हुसैन, शेर मोहम्मद, सहित दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को उप जिलाधिकारी आंवला को डाक द्वारा एक शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया है कि उनके गांव में भारी संख्या में छुट्टा गोवंशीय पशु फसल बर्बाद कर रहे हैं। दिन-रात रखवाली करने के बाद भी वे फसल बर्बाद कर देते हैं। ग्रामीणों ने पत्र में आरोप लगाते हुए यह भी बताया है कि उन्होंने इस मामले में ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव से कई बार शिकायत की, किंतु अब तक छुट्टा गोवंशीय पशुओं को गोशाला नहीं भेजा गया है।

सार-संक्षेप

विरासत के नाम पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

आंवला, अमृत विचार : एक अधिवक्ता ने स्वयं की विरासत के आवेदन पर कानूनगो द्वारा सुविधा शुल्क मांगने और न देने पर आवेदन को विवादित बताकर न्यायालय में भेजने का आरोप लगाया। अधिवक्ता ने अन्य अधिवक्ताओं के साथ एसडीएम से शिकायत कर कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। देवकोला गांव निवासी राकेश कुमार शर्मा एडवोकेट ने बताया कि बीती 28 दिसंबर को उसके पिता ओमप्रकाश शर्मा की मौत हो गयी थी। उन्होंने अपने पिता की विरासत पाने के लिए आवेदन किया था। हल्का लेखपाल ने आवेदन पर रिपोर्ट लगाकर कानूनगो को भेज दिया। कानूनगो ने उनके आवेदन पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर सुविधा शुल्क मांगा। उन्होंने इनकार कर दिया। इस बात पर छुब्ध होकर कानूनगो ने विरासत विवादित करके न्यायालय में भेज दी। अधिवक्ता ने विरासत को विवादित करने का कारण बताने और कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं इस मामले में एसडीएम गोविंद मौर्य का कहना है कि शिकायत मिली है, जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फेयरवेल पार्टी में सीनियर छात्रों को दी विदाई

भोजीपुरा, अमृत विचार : हांडा पब्लिक स्कूल, दोहना बरेली में 12वीं कक्षा के छात्रों को फेयरवेल पार्टी से विदाई दी गई। कक्षा 11 के छात्रों ने सीनियर छात्रों का तिलक कर स्वागत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं के बाद उदय नारायण को मिस्टर और गौरी कुमारी को मिस फेयरवेल चुना गया। प्रबंधक प्रवीण हांडा और प्रधानाचार्य डॉ. अंशिका जॉर्ज ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों की सफलता का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर रंजीता मिश्रा, राहिला खातून, छबिता नबियाल, मो फ़ैज़ान, वेद प्रकाश, अमन पॉल, रचना बाली, तनुज कुमार का विशेष योगदान रहा।

अकीदत से मनाया गया 22 रजब का दिन

क्योलड़िया, अमृत विचार : हजरत इमामे जाफर सादिक अलैहिस्सलाम की याद में शनिवार को 22 रजब का अकीदत के साथ मनाया गया। मुसलमानों ने अपने-अपने घरों पर खीर- मीठी पूरी बनाकर तबरूक तकसीम किया। कुंडे की फातिहा को लेकर शनिवार सुबह से ही बच्चों में उत्साह देखा गया। किराने की दुकानों पर भीड़ नजर आई। लोग मीठी पूरी के लिए सामान और मेवा खरीदते देखे गए दोपहर बाद सभी ने अपने-अपने घरों में खीर और पूड़ी पर फतिहा देकर एक दूसरे के घर जाकर पूड़ी खाई और खिलाई। इस दिन लोग मन्नते मांग कर दुआएं कबूल होने पर कूंडे की न्याज दिलाते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं क्षेत्र में यह त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया।

भिटौरा विद्यालय में छात्रों को बैग वितरित किए

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : निपुण भारत कार्यक्रम और नई शिक्षा नीति को प्रभावी बनाने के लिए। आईआईटी कानपुर और यूनीसेफ की ओर से विशेष शैक्षिक डेस्क' स्कूल बैग का वितरण फतेहगंज पश्चिमी कस्बे मोहल्ला भिटौरा प्राथमिक विद्यालय में किया गया। इस दौरान जिला योजना समिति बरेली के सदस्य भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अबोध सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, जगत सिंह उर्फ सनी, डॉ. मुदित प्रताप सिंह, सौरभ पाठक, सभासद प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। बैग प्रकार सभी छात्र-छात्राओं बच्चों के चेहरे खिले। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य आभा रानी, हरप्रीत कौर, नीतू शर्मा, श्वेता सिंह, शिखा मिश्रा, पूनम मिश्रा आदि स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

आंवला तहसील में लेखपालों की कमी

आंवला, अमृत विचार : आंवला तहसील में लेखपालों की कमी हैं, इस वजह से यहां कार्यरत लेखपाल काफी परेशान चल रहे हैं। तहसील में 115 लेखपालों की आवश्यकता है, उसके स्थान पर मात्र 54 काम कर रहे है। लेखपालों ने बताया कि वर्तमान में काम के बोझ के कारण उन्हें 12 से 14 घंटे काम करना पड़ रहा है। 5 लेखपालों पर 4 सर्किल है, जबकि अधिकांश लेखपाल 3 सर्किल संभाल रहे है। लेखपालों को एग्री सर्वे, कृषि अनुदान का पुराना सत्यापन, प्रधानमंत्री सम्मान निधि सत्यापन, आदि का अतिरिक्त भार है। जबकि वह लोग ऑनलाइन सर्वे के साथ मैनुअल खसरे, रियल टाइम खतौनी, अंश निर्धारण खतौनी, आदि में व्यस्त है। एक लेखपाल पर एक दिन में खेतों पर जाकर 11 सौ गाटाओं का सर्वे करने की जिम्मेदारी है। लेखपाल आय, जाति, मूलनिवास आदि आवेदन का भी काम देख रहे है।

अभिषेक मिस्टर और दीपिका मिस फ्रेशर बनीं

रिठौरा, अमृत विचार : राजश्री कॉलेज में शनिवार को डीएलएड एवं बीएड में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 'फ्रेशर पार्टी नव कदम' का आयोजन किया गया। संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं सचिव राकेश कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुरू कराया। चेयरमैन ने कहा शिक्षण -प्रशिक्षण के रूप में किसी भी छात्र के समुचित व्यक्तित्व विकास के लिए ऐसे आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बीएड के अभिषेक को मिस्टर फ्रेशर, दीपिका को मिस फ्रेशर और डीएलएड के सोमपाल को मिस्टर फ्रेशर, राधिका को मिस फ्रेशर चुना गया।

पदाधिकारी गांवों में रहकर देंगे योजनाओं की जानकारी

फरीदपुर अमृत विचार : ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी मंडल एवं गांव की कार्य समिति की बैठक हुई, जिसमें पार्टी के गांव चलो अभियान आया है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी विधायक सांसद क्षेत्र जिला नगर के सभी पदाधिकारी गांव गांव जाकर प्रवास करेंगे। योजनाओं के लाभार्थी, रिटायर फौजी, डॉक्ट, र मास्टर सभी से मिलकर पार्टी की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। नगर के पदाधिकारी वार्डों में जाकर लाभार्थियों मास्टर सेवानिवृत फौजी विधवा सभी से मिलकर जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएंगे एक दिन का प्रवास करेंगे। बैठक में ममता अग्रवाल, ओमवीर गुर्जर, बबीता गुप्ता, सत्येंद्र सिंह लवी, नवीन शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

पशु मित्रों और पैरावेटों को किया सम्मानित

देवरनियां, अमृत विचार : दमखोदा में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में पशु मित्रों और पैरावेटों को सम्मानित किया गया। बरेली राजकीय पशु चिकित्सालय मुंडिया नवी बक्स से प्रेम सिंह पशु मित्र जो कि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार के दिशा निर्देशन में कार्य कर रहे हैं। उनके सम्मानित होने से उनके परिवार, पशुपालन विभाग में खुशी की लहर है। सरकार एवं यूपीएलडीबी की ओर से पशुपालन के क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से उत्कृष्ट संतति देने वाले सभी 25 पशु मित्रों, मैत्रियो, एआई कार्यकर्ताओं, पैरावेटों को उनकी अर्धांगिनी के साथ 26 जनवरी की परेड में शामिल होने का अवसर मिला। इसे और हमारे पशु मित्रों, मैत्रियो, एआई कार्यकर्ताओं, पैरावेटों को अपने उत्कृष्ट योगदान देने का प्रोत्साहन मिला है। ये धनराशी यूपीएलडीबी द्वार सीधे पशु मित्रों, मैत्रियो, एआई कार्यकर्ताओं, पैरावेटों के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर की गई हैं। इस दौरान उन्हें है रिश्तेदारों एवं मित्रों ने बधाई दी है।

सार-संक्षेप

धर्मस्थल पर अपशब्द लिखने वाले पर रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : आंवला के एक धार्मिक स्थल पर अपशब्द लिखने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रेवती बहोड़ा रेलवे स्टेशन के समीप एक एक धार्मिक स्थल पर किसी शरारती तत्व ने अपशब्द लिख दिए। इसकी जानकारी होने पर हिंदू संगठन के पदाधिकारी पहुंचे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपशब्दों को मिटवा दिया था। वहीं हिंदू संगठनों ने उच्च अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की थी।अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने उपनिरीक्षक दुष्यंत गोस्वामी की ओर से अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सपा नेता घर छोड़कर फरार, पुलिस ने दी दबिश

बरेली, अमृत विचार : बहेड़ी क्षेत्र के गांव ठिरिया नथमल में ग्राम समाज की जमीन कब्जा करने के लिए कई राउंड गोली चलाने वाले आरोपी सपा नेता चंद्र पाल सिंह घर से फरार है। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए रात में घर पर दबिश दी। पुलिस ने उसके दोनों बेटों सुबोध सिंह और गौरव सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाइसेंसी राइफल और 14 जिंदा कारतूस बरामद की हैं। वहीं पुलिस ने सपा नेता की तहरीर पर भी मारपीट समेत अन्य धाराओं में कुलवंत समेत अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। ठाकुर चंद्र पाल सिंह और पड़ोसी सरदार कुलवंत सिंह के बीच ग्राम समाज की जमीन के लिए लंबे समय से विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह दोनों पक्षों में रास्ते में पड़े एक पत्थर को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सपा नेता ने अपने बेटे सुबोध और गौरव के साथ मिलकर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें कुलवंत सिंह, गुरमीत कौर, उनकी बेटी कुलजीत कौर और बेटे हरवेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दो पक्षों में तनातनी

फरीदपुर अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव में चल रही धार्मिक कार्यक्रम में एक ही समुदाय के लोगों में गुटबंदी के चलते पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने गांव पहुंचकर धार्मिक कार्य को रुकवा दिया। क्षेत्र के गांव किसुर्रा में कई दिनों से एक नव निर्मित मंदिर का निर्माण होने के बाद उसे पर प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयारी चल रही थी और भंडारे का भी आयोजन किया गया। शनिवार को मंदिर पर कार्यक्रम चल ही रहा था कि दूसरे पक्ष ने फरीदपुर पुलिस को सूचना देकर उसे रुकवाने की मांग की। जिस पर पुलिस ने तत्काल गांव में पहुंचकर धार्मिक कार्यों को रुकवा दिया। दोनों पक्ष एक ही समुदाय के हैं फिर भी गांव में विवाद की स्थिति हो गई।

गांवों में जाकर नए लोगों को पार्टी से जोड़ें कार्यकर्ता

क्योलड़िया, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के भदपुरा मंडल की बैठक ब्लॉक के गांव बरखन में हुई। बैठक में गांव चलो अभियान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गंगवार, दिनेश गंगवार, धर्म विजय गंगवार मौजूद रहे। बैठक को भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव चलो अभियान के अंतर्गत 14 सूत्रीय एक फॉर्म भरा जाएगा और गांव -गांव भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचकर सरकार की नीतियों को बताएंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही गांव या क्षेत्र में कुल कितने व्यक्तियों से संपर्क किया, गांव में कौन-कौन सी गतिविधियों में अपने भाग लिया है। यह भी बताना होगा।

तालाब की जगह में दसवां संस्कार करने देने की मांग

आंवला, अमृत विचार : तालाब की जगह को लेकर चल रहे तनाव को लेकर स्थानीय लोगों ने उस जगह पर दसवां में बैठने के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस में गुहार लगाई है। नगर के मोहब्बत गंज गौंटिया में रहने वाले लोगों ने बताया कि गाटा संख्या 461 में तालाब दर्ज है। जिस पर कुछ लोग कब्जा किए हुए है। उस जगह के समीपवर्ती खेत मालिक ने खेत बेच दिया है। खरीदार कॉलोनी काटना चाहते है। स्थानीय लोगों ने उस तालाब की जगह पर दसवां संस्कार के दौरान बैठने के लिए अनुमति की मांग की। इस दौरान भगवानदास, जयराम, ज्ञानेंद्र, कृपाल, लालसिंह, प्रदीप कुमार, दाताराम आदि मौजूद रहे।

कानूनगो पर रिश्वत मांगने का आरोप, एसडीएम से शिकायत

आंवला संपूर्ण समाधान दिवस आईं 47 शिकायतें, सात का मौके पर निस्तारण

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : आंवला में एसडीएम की अध्यक्षता में लगाए गए संपूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ता ने विरासत चढ़ाने के बदले कानूनगो पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। अधिवक्ता राकेश कुमार शर्मा ने बताया ग्राम देवकोला निवासी मेरे पिता ओमप्रकाश का देहांत हो जाने के बाद उनकी विरासत पाने के लिए आवेदन किया।

जिस पर हल्का लेखपाल ने रिपोर्ट लगाकर कानूनगो को भेज दी थी, कानूनगो को मैंने बता भी दिया था कि मेरी स्वयं की विरासत है। परंतु फिर भी उन्होंने सुविधा शुल्क मांगा। मेरे मना करने पर कानूनगो ने नाराज होकर मेरी विरासत विवादित करके न्यायालय में भेज दी। जबकि हमारा कोई विवाद नहीं है। अधिवक्ता ने किस आधार पर विरासत विवादित की गई है इसकी जांच कराकर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

तहसील सभागार में माह के पहले शनिवार को एसडीएम गोविंद मौर्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनी गई। सबसे अधिक राजस्व विभाग की 21, पुलिस विभाग की 10 शिकायतें दर्ज की गई। मौके पर सात शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा में वादी को संतुष्ट करते हुए निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार अर्चि गुप्ता, सीओ आंवला नीलेश मिश्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

फरीदपुर में एडीएम और एसपी देहात ने सुनीं लोगों की शिकायतें

फरीदपुर अमृत विचार : माह के प्रथम शनिवार को फरीदपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एडीएम प्रशासन दिनेश कुमार ने की। इस दौरान एसपी ग्रामीण मुकेश मिश्रा साथ रहे। ग्राम पिपरथरा के निवासियों ने छुट्टा पशुओं से खेतों में हो रहे नुकसान की शिकायत डीएम से तहसील दिवस में की थी इसके बाद भी कोई समाधान न निकला तो किसानों ने फिर से समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई। समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें ही पहुंची जिनमें से अधिकांश शिकायत राजस्व संबंधी मामलों की रहीं। जिन्हें गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के निर्देश देते हुए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। मौके पर समाज कल्याण व पेंशन संबंधित 5 शिकायतों का निस्तारण संभव हो सका। इस दौरान एसडीएम निधि डोंडवाल, सीओ गौरव सिंह, ईओ डॉ .नितिन गंगवार व सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दबंगों ने युवक से की मारपीट

हाफिजगंज : थाना हाफिजगंज के गांव कुंवरपुर बंजरिया निवासी आरिफ ने दी तहरीर में बताया कि शनिवार को गांव का ही एक युवक उसके दरवाजे पर खड़ा था दरवाजे पर खड़े होने की वजह पूछी जिस पर दबंग ने अपने साथियों को बुलाकर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज की मांग की है।

दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

हाफिजगंज, अमृत विचार : इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया अहमदनगर की हिना ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका विवाह तीन वर्ष पूर्व हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा निवासी इम्तियाज से हुआ था। शादी में मिले दहेज से ससुराली खुश नहीं थे, उस पर दहेज में बाइक और एक लाख नकदी के लिए दबाव बनाने लगे। उसने अपने पिता की गरीबी का हवाला दिया तो उसे प्रताड़ित करने लगे। पीडिता का आरोप है कि ससुराल वालों की मारपीट में उसके गर्भाशय पर चोट लगने से उसका गर्भपात भी हो गया जिसके बाद ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर धक्का देकर घर से निकाल दिया। थाना हाफिजगंज पुलिस ने पति इम्तियाज, बाबू पेंटर व समीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जेसीबी और ट्रैक्टर से बैट्री चोरी, रिपोर्ट

देवरनियां, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के दमखोदा पुल के पास शुक्रवार की रात खड़ी दमखोदा निवासी गुड्डू की जेसीबी और ट्रैक्टर से चोर बैट्री चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह चोरी का पता लगने पर गुड्डू ने पहले अपने स्तर पर पता किया। जब कोई पता नहीं चला तो उसने चौकी पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ इसकी तहरीर रिछा चौकी पर दी है। पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। चौकी इंचार्ज श्रीचन्द्र यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

समाधान दिवस में सभासदों ने की अतिरिक्त कक्ष की मांग

बहेड़ी, अमृत विचार : माह के पहले शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुछ सभासदों ने पालिका परिषद में सभासदों के बैठने के लिए अतिरिक्त कक्ष बनाए जाने की मांग की। टांडा मीर नगर के कुछ लोगों ने पीएचसी में तैनात एएनएम के वहां नहीं जाने की शिकायत की। एक अन्य नर्स के खिलाफ टीकाकरण में अवैध वसूली किए जाने की शिकायत हुई तो एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को मामले की जांच करने के आदेश दिए। केसर मिल रेलवे स्टेशन से लेकर गौंटिया सिंह तक हर बरसात में बुरी तरह कीचड़ पसर जाने से आवागमन में बाधा और लोगों के फिसलकर गिरने से चोटिल होने का मामला उठा। इसके अलावा किसी ने चक रोड पर कब्जा तो किसी ने राशनकार्ड में नाम कट जाने की शिकायत की। कुल 80 शिकायतें दर्ज कराई गयीं जिनमें से दस शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एस डी एम अजय कुमार उपाध्याय, सीओ डा तेजवीर सिंह, एसडीओ बिजली अनिल गंगवार, ईओ वीरेंद्र प्रताप सिंह सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मीरगंज में आईं कुल 33 शिकायतें, एक का निस्तारण

मीरगंज, अमृत विचार : सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम देश दीपक सिंह, तहसीलदार भानू प्रताप सिंह, बीडीओ कुलदीप कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें मौके पर एक का निस्तारण किया गया। इस दौरान राजस्व की 12, पुलिस की 7, विकास विभाग की 6 ,आपूर्ति की 4, वन विभाग की दो, कृषि विभाग की एक, विद्युत विभाग की एक रही।

बेची गई जमीन पर बैंक से निकाला ढाई लाख रुपये का लोन

कैंट, अमृत विचार : दबंगों ने जमीन बेचने के बाद उसी पर लोन ले लिया, जब क्रेता को पता चला उसने पूछा तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस से शिकायत के बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट की आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना क्षेत्र के गांव क्यारा निवासी जगजीत सिंह ने बताया कि वह मूल रूप से पंजाब के रहने वाले हैं। उनके पिता मुख्तयार सिंह ने 16 जुलाई 2002 को क्यारा के लाल सिंह और रामशरन से 30 हजार रुपये में बैनामा कराकर जमीन खरीदी थी। लेकिन उसका दाखिल खारिज नहीं कराया था। और इसके बाद उनकी मौत हो गई। जब जगजीत सिंह अपने पिता की जमीन को अपने और भाई सुरजीत सिंह और मां सर्वजीत कौर के नाम कराने के लिए तहसील सदर गए तो पता चला कि उस जमीन पर लाल सिंह और रामशरन ने बैंक से 2.49 लाख का लोन ले रखा है। उन्होंने जब आरोपियों से पूछा तो उन्हें गाली देते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कहा कि हमारे पास लोन का कोई रुपया नहीं बचा है। अगर तुम्हें जमीन पर खेती करना है। तो हमें 50 हजार रुपये रंगदारी सालाना देनी होगी। जगजीत सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की।

प्राथमिक विद्यालय चेना, विकास खंड भदपुरा, जनपद बरेली

नीलामी सूचना

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्र संख्या S.S.A./निर्माण/461823/2023-24 दिनांक 15 दिसम्बर 2023 के अनुसार विद्यालय के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी 7 फरवरी 2024 को प्रात: 11:00 बजे विद्यालय के प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा 10000 की धनराशि जमानत के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिवस को प्रात: 10:00 बजे से 10:30 तक होगा। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।

गालिब हुसैन (अध्यक्ष) मीरा गुप्ता (सचिव)
विद्यालय प्रबंध समिति, प्राथमिक विद्यालय चेना, वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली

कार्यालय ग्राम पंचायत चक कन्हऊ, वि. खं. सिंधौली, शाहजहाँपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को इस अल्पकालीन निविदा हेतु सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चक कन्हऊ की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचम वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/एम.बी.एम.(ग्रा.)/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य मद के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से सीलबंद निविदाएं दि. 05.02.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन दि. 05.02.2024 को ग्राम पंचायत अध्यक्ष ग्राम प्रधान महोदय के समक्ष 1:00 बजे खोली जाएंगी। विवरण निम्नवत है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनुमानित लागत
1.	प्रकाश के घर से श्यामसुन्दर के घर से इण्टरलॉकिंग कार्य	60X3 मीटर	3.90 लाख
2.	रविन्द्र सिंह के मकान से ओमकार के मकान तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य।	60X3 मीटर	3.90 लाख

नियम एवं शर्तें
1. निविदादाता निविदा के साथ पैन नंबर जीएसटी नंबर की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे।
2. समस्त सामग्री ग्रामीण अभियंत्रण विभाग/पीडब्ल्यूडी के मानक के अनुसार आपूर्ति की जाएगी।
3. निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी जिसका कोई भाड़ा या टैक्स देय नहीं होगा।
4. किसी भी समय ग्राम पंचायत द्वारा बिना पूर्व सूचना के निविदा निरस्त की जा सकती है।

सीमा देवी, ग्राम प्रधान — रंजीत पटेल, सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत बगडेर, वि. खं. सिंधौली, शाहजहाँपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को इस अल्पकालीन निविदा हेतु सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बगडेर की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचम वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/एम.बी.एम.(ग्रा.)/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य मद के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से सीलबंद निविदाएं दि. 05.02.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन दि. 05.02.2024 को ग्राम पंचायत अध्यक्ष ग्राम प्रधान महोदय के समक्ष 1:00 बजे खोली जाएंगी। विवरण निम्नवत है :-

क्र.सं.	कार्य योजना का नाम	प्राकलित सामग्री धनराशि
1.	ई रिक्शा स्वचालित क्रय	2.30 लाख
2.	कचरा पात्र स्टील बॉडी/प्लास्टिक बॉडी	3000-7000/- प्रति नग
3.	प्लास्टिक बैंक जालीदार लोहे के	7500/- प्रति नग
4.	आर.आर.सी. सेंटर का निर्माण	2.00 लाख
5.	सामुदायिक इंसीनरेटर (भस्मक) निर्माण	18000/- प्रति नग
6.	स्वच्छता किट	20000/- प्रति नग
7.	नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्ढे, सोक पिट, लीच पिट, फिल्टर चैम्बर आदि का निर्माण	प्रथम ईंट, सीमेंट, मोरंग, रोड़ी, बजरी, बजरफुट, सरिया, प्लास्टिक पाइप आदि
8.	सोलर लाइट की स्थापना/अनुरक्षण	आवश्यकतानुसार

नियम एवं शर्तें
1. निविदादाता निविदा के साथ पैन नंबर जीएसटी नंबर की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे।
2. समस्त सामग्री ग्रामीण अभियंत्रण विभाग/पीडब्ल्यूडी के मानक के अनुसार आपूर्ति की जाएगी।
3. निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी जिसका कोई भाड़ा या टैक्स देय नहीं होगा।
4. किसी भी समय ग्राम पंचायत द्वारा बिना पूर्व सूचना के निविदा निरस्त की जा सकती है।

मीरा देवी, ग्राम प्रधान — अजय सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत लोहरगंवा वि.खं. तिलहर (शाहजहाँपुर)

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा व ावहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इन्टरलॉकिंग निर्माण, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट, प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिग ईट आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

हुस्नबानो-प्रधान — अनिल कुमार-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत जिन्दपुरा वि.खं. तिलहर (शाहजहाँपुर)

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा व ावहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इन्टरलॉकिंग निर्माण, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट, प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिग ईट आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

शमीम बानो-प्रधान — अनिल कुमार-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत जठिपुरा वि.खं. तिलहर (शाहजहाँपुर)

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा व ावहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इन्टरलॉकिंग निर्माण, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट, प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिग ईट आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

सरजू-प्रधान — अनिल कुमार-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत तालगांव वि.खं. तिलहर (शाहजहाँपुर)

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा व ावहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इन्टरलॉकिंग निर्माण, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट, प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिग ईट आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

मेराज-प्रधान — अनिल कुमार-सचिव

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय न्यायिक कासगंज

मु.सं. 51 सन् 1979 धारा 229B/176 जमीदारी विनाश अधीनियम मौजा जखेरा महेशपुर वनवारी लाल बनाम वुधा सिंह आदि

13. श्यामा सिंह पुत्र मूलाराम नि. जनकपुरी महोली रोड, मथुरा 14. नरेश बाबू 15. कैलाश चन्द्र 16. भूपेन्द्र सिंह पुत्रगण नाथूराम निवासीगण मिरोना पर, तह. व जिला कासगंज 17. श्रीमती सुमित्री देवी पत्नी रिषीपाल सिंह नि. भीकमपुर तहसील व जिला अलीगढ़ 18. लीलावती पत्नी तेज सिंह नि. ग्राम महेशपुर मौजा जखेरा महेशपुर पर. तह. व जिला कासंगज

हरगाह मुद्दई ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत 229B/176 जा.वि.विद्युति अदालत हाजा में गुजरानी है लिहाजा आपको सूचित किया जाता है कि आप तारीख 03 माह 02 सन् 2024 ई. को वक्त 10 बजे दिन के अदालत हाजा में हाजिर होकर असालतन या वकालत अपना उजर पेश करो, वरना आपकी गैर हाजरी से मुकदमा की समाअत एक तरफा आपको खिलाफ की जावेगी। आज वतारीख 02 माह 02 सन् 2024 ई. को मेरे दस्तखत व अदालत मोहर से जारी किया गया। जज

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड द्वितीय बरेली

ई-प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-02/अधि0अभि0/2023-24

महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत सिविल कार्यों में दक्ष एवं अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/ प्रतिष्ठानों से दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसकी बिड अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड-द्वितीय बरेली के कार्यालय कक्ष में उनके अथवा उच्चाधिकारियों द्वारा नामित अधिकारी / समिति द्वारा दिनांक 20.02.24 के अपरान्ह 2.00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी। ई-निविदा दिनांक 05.02.2024 को 9:00 बजे पूर्वान्ह से डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

1. यह ई-निविदा /बिड सूचना उ0प्र0 की वेबसाईट वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in/ एवं सिंचाई विभाग के वेबसाइट http//idup.gov.in पर उपलब्ध है।
2. निविदा प्रपत्र के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में पंजीकरण प्रमाण-पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (IDT-1), हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्व घोषणा शपथ पत्र (IDT-3) एवं समस्त अभिलेखों की स्कैण्ड प्रति वेबसाईट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। वेबसाइट से ड्राइंग उपलब्ध न होने की स्थिति में उपरोक्त सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय से ड्राइंग आदि प्राप्त कर सकेंगे।
3. निविदादाता को यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0, लखनऊ में ई-टेण्डरिंग में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
3. फाईनेन्शियल बिडिंग परिणाम ऑनलाईन होगा।
4. निविदा बिड की विस्तृत शर्त निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी।
5. नविदादाता को यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0, लखनऊ में ई-टेण्डरिंग में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
6. निविदादाता को सिंचाई विभाग में निर्धारित अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
7. निविदादाता के टेंडर सेल धनराशि जी0एस0टी0 सहित, धरोहर धनराशि जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड द्वितीय के नाम बंधक को तथा निर्धारित श्रेणी में पंजीकरण के मूल प्रमाण-पत्र कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड द्वितीय बरेली में दिनांक 19.02.24 के मध्यान्ह 12.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से जमाना कराना होगा अन्यथा बिड को Unresponsive मानते हुए कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्र0 सं0	लॉट सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रु0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रु0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज सहित (रु0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	01	Earth work foundation in wet earth for new bouler pitching, dumping/laying and packing boulders approx wt. 40-60kg/20-40kg. in wire crates including tying of crates, dismanteling and relaying of bouder, Earth work in back of boxing/wire crate by transported earth labour and T&P required for proper of work for restoration of head by boulder pitching complete in all respect of Hazipur Pump Canal.	16.25 + जी0एस0टी0 अतिरिक्त	0.33	30 दिवस	300+ 18% जी0एस0टी0+ स्टेशनरी चार्ज 2000.00	''सी'' अथवा उच्च श्रेणी ''सिविल''

नोट:- विस्तृत टेन्डर नोटिस के लिए उ0प्र0 सरकार की वेब साईट http://etender.up.nic.in देखें।

UP - 202058 दिनांक 02.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

(भूपेश कुमार गौतम)
अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-द्वितीय बरेली

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 703/413सी0(ई0टेण्डर)-3/2023-24 — दिनांक 20.01.2024

ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 05.02.2024 से दिनांक 20.02.2024 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 20.02.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

क्र0 सं0.	कार्य व योजना का नाम	खण्ड का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य((निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0)	ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
	वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सडक निधि योजनान्तार्गत विशेष मरम्मत के कार्य						
1-	जनपद बरेली में नबाबगंज बीजामउ कैमुआ कटैया मार्ग (अजिमा) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	74.00	5.75	02माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
2-	जनपद बरेली में बरेली नैनीताल मार्ग से पैरोही फाटक नजरगंज मार्ग (ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	40.30	4.02	02माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
3-	जनपद बरेली में नरियावल बिथरी चैनपुर से प्रेमनगर गौटिया मार्ग (ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	40.40	4.02	02माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
4-	जनपद बरेली में एन0एच0-24 से सैदपुर खजुरिया मार्ग (ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	58.20	4.91	02माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
5-	जनपद बरेली में एन0एच0-24 से परतासपुर मार्ग (ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	42.00	4.10	02माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
6-	जनपद बरेली में नरियावल बिथरीचैनपुर से बेनीपुर सादात होते हुए गैंगटा मार्ग (ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	46.00	4.30	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
7-	जनपद बरेली में परसोना से धारूपुर मार्ग (ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	46.30	4.32	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
8-	जनपद बरेली में बरेली बीसलपुर मार्ग से हरूनगला मार्ग(ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	40.50	4.03	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
9-	जनपद बरेली में एन0एच0-24 से परसोना मार्ग(ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	58.00	4.90	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
10-	जनपद बरेली में बिथरी चैनपुर मार्ग से उडला जागीर मार्ग (ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	55.00	4.75	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
11	जनपद बरेली में बरेली बागेश्वर मार्ग से गुनाहटटू मार्ग(ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	40.10	4.01	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
12	जनपद बरेली में बरेली नैनीताल मार्ग से मॉडर्न विलेज मार्ग(ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	44.00	4.20	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
13	जनपद बरेली में अहमदाबाद से दिवनापुर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत कार्य (ग्रा0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली	40.10	4.01	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
1-	जनपद बरेली में एस0एच0-24 से गौसगंज धारमपुर होते हुए फतेहगंज दातागंज मार्ग के किमी0-08 व 09 के ग्राम चौडेरा के आबादी भाग में सी0सी0मार्ग(अजिमा) एवं नाली का विशेष मरम्मत का कार्य	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली	40.10	4.01	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
2-	जनपद बरेली में अनुरूद्धपुर से इन्चौर मार्ग महोबा मार्ग (अजिमा) पर सी0सी0 का कार्य	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली	92.50	6.63	03 माह	2725.00	ए.बी (मार्ग कार्य)
3-	जनपद बरेली में देवचरा प्रेमपुर से सहसा मार्ग (ग्रा0मा0) की विशेष मरम्मत का कार्य	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली	40.10	4.01	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
4-	जनपद बरेली में एन0एच0-24 से रसुईया मार्ग (ग्रा0मा0) की विशेष मरम्मत का कार्य	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली	40.10	4.01	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
5-	जनपद बरेली में एन0एच0-24 से जेड सबदलपुर मार्ग (ग्रा0मा0) की विशेष मरम्मत का कार्य	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली	53.30	4.67	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
6-	जनपद बरेली में एन0एच0-24 से सथरापुर होते हुए एस0सी0आई0गोदाम तक (ग्रा0मा0) की विशेष मरम्मत का कार्य	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली	119.00	7.95	03 माह	2725.00	ए.बी (मार्ग कार्य)
7-	जनपद बरेली में नवदिया कल्याणपुर सम्पर्क मार्ग (ग्रा0मा0) की विशेष मरम्मत का कार्य	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली	67.70	5.39	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)
8-	जनपद बरेली में ग्राम बरसेर से लिलौर मार्ग (ग्रा0मा0) की विशेष मरम्मत का कार्य	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली	46.00	4.30	02 माह	2725.00	ए.बी.सी (मार्ग कार्य)

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(नारायण सिंह) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली — (राजीव अग्रवाल) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0 बरेली — (अभिनेश कुमार) अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

UP-202050 दिनांक 02.02.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

डी.पी. महाविद्यालय, सहसवान, बदायूँ

चुनाव सूचना

डी.पी. महाविद्यालय सहसवान की साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 12.02.2024 को होगा। सम्बंधित चुनाव प्रक्रिया की रूपरेखा निम्नवत् रहेगी-

1. सदस्यों की सूची विद्यालय में प्रकाशित करने की तिथि — 06.02.24 प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक
2. आपत्ति प्रस्तुत करने व निस्तारण की तिथि — 07.02.24 प्रात: 9 बजे से 4 बजे तक
3. नामांकन भरने व प्राप्त करने की तिथि — 08.02.24 प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक
4. नामांकन पत्रों की जाँच — 09.02.24 प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
5. नामांकन वापसी तिथि — 11.02.24 प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक
6. चुनाव तिथि — 12.02.24 प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक
7. गिनती व चुनाव परिणाम की घोषणा — 12.02.24 सायं 5 बजे से 7 बजे तक
8. चुनाव स्थल — डी.पी. महाविद्यालय सहसवान, बदायूं

चुनाव अधिकारी- राजेंद्र सिंह
प्रभारी प्रधानाचार्य
श्री कृष्ण इंटर कॉलेज, गाढ़ी चौखंडी, (गौतमबुद्ध नगर)

कम प्रीमियम पर बीमा कराने पर खत्म हो जाएगा परिवार का आर्थिक जोखिम

कैंसर दिवस पर परिवार को बचाने के लिए तुरंत कराएं बीमा

विश्व कैंसर दिवस पर खास

रामपुर कार्यालय

अमृत विचार : देश में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है लेकिन अभी भी लोगों की रुचि कैंसर पॉलिसी लेने में नहीं है। सभी जानते हैं कि कैंसर होने पर शारारिक पीड़ा के साथ साथ मानसिक तनाव मरीज के अलावा सभी पारिवारिक सदस्यों को होता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है , लोग कर्ज लेकर इलाज करा रहें हैं लेकिन कैंसर पॉलिसी लेने में सक्षम होने के बाद भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

स्वास्थ्य बीमा देने वाली कंपनियां कैंसर के इलाज का खर्च कवर कर रही हैं। अधिकांश लोगों को पता नहीं है कि जीवन बीमा कंपनियों द्वारा भी कैंसर पॉलिसी बहुत कम प्रीमियम पर उपलब्ध है। एलआइसी के साथ-साथ अन्य निजी कंपनियों द्वारा भी कैंसर पॉलिसी उपलब्ध है। लोगों का रुझान टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी की ओर बढ़ रहा है लेकिन कैंसर पॉलिसी को लेकर अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई दे रही है। भारत में कैंसर का प्रभाव महिलाओं में ज्यादा है लेकिन अभी भी सभी। बरेली निवासी बीमा सलाहकार अनुज अग्रवाल 1991 से बीमा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं उनका मानना है कि लोग जब तक बीमा को ज़रूरी नहीं मानेंगे और जीवन, स्वास्थ्य व जनरल इंश्योरेंस की जानकारी केलिए किसी प्रोफैशनल, अनुभवी विशेषज्ञ के ऑफीस मे मिलकर जानकारी नहीं लेंगे तब तक भारतीयों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। भारत में अभी भी एजेंट्स लोगों से मिलकर बीमा पॉलिसी के लिए कह रहे है। डिस्काउंट के लालच में आकर लोगों द्वारा ऐसी पॉलिसी ले ली जा रही है जिसकी उन्हें जरूरत नहीं थी। कैंसर पॉलिसी को लेकर हर भारतीय को तुरंत गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है। हर युवा को टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी के साथ साथ कम से कम 10 से 25 लाख तक के सम एश्योर्ड की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी जरूर लेना चाहिए। जीवन बीमा कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कैंसर पॉलिसी के लाभ समझ कर अवश्य लेना चाहिए।

कैंसर के बारे में गलत धारणाएं समाज में दूर नहीं हो पा रही हैं। सही जानकारी, समय से इलाज होने से कैंसर को हराया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व कैंसर दिवस के माध्यम से लोगो को सचेत किया जाता है कि कैंसर की समय से पहचान, इलाज में देरी जानलेवा हो सकती है यदि लोग कैंसर पॉलिसी लेते हैं तो उन्हें इलाज कराना आसान होगा। **–रितु भूटानी**, कैंसर विशेषज्ञ

परिवार को आर्थिक सुरक्षा देने के मामले में बीमा जरूर करा लें। मौजूदा हालात में युवाओं को टर्म इंश्योरेंस के बारे में नजरिया तुरंत बदलने की जरूरत है। युवाओं की जिंदगी हर समय खतरे में रहती है। दिल का दौरा पड़ने से 20 से 22 वर्ष के युवा दुनिया छोड़ रहे हैं। सड़क हादसों में मरने वालों में भी युवाओं की गिनती सबसे अधिक है। जो भी युवा टर्म इन्श्योरेंस कराने की सोच रहे हैं वे विलंब नहीं करें। सभी बीमा पॉलिसी बांड फाइल में रखकर नॉमिनी को अवश्य सौंप दें। **– अनुज अग्रवाल**, वरिष्ठ बीमा सलाहकार, बरेली

रेलवे भर्ती परीक्षा के लिए कैलेंडर जारी

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में नियमित भर्ती परीक्षा के लिए शनिवार को भर्ती कैलेंडर जारी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नियमित भर्ती परीक्षा में यह यदि कोई अभ्यर्थी पहले प्रयास में उत्तीर्ण नहीं हो सका तो उसे और भी अवसर मिलेगा। इसके साथ ही चयनित लोगों के लिए बेहतर करियर प्रगति का मौका मिलेगा। वहीं भर्ती और नियुक्ति प्रक्रिया में भी तेजी आएगी। रेलवे भर्ती परीक्षा कैलेंडर के मुताबिक जनवरी और फरवरी में सहायक लोको पायलट, अप्रैल से जून तक तकनीशीयन तथा जुलाई से सितंबर के दौरान गैर तकनीकी वर्ग, स्नातक स्तरीय 4, 5,6 तथा गैर तकनीकी वर्ग, स्नातक स्तरीय 2, और 3, जूनियर इंजीनियर तथा पैरा मेडिकल केटेगरी में भर्ती परीक्षा होगी।

प्रधानमंत्री के स्वागत में बिखेरी सांस्कृतिक छटा...

प्रधानमंत्री मोदी के गुवाहाटी पहुंचने पर उनके स्वागत में कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। ● एजेंसी

एक नजर

टाइल्स चोरी मामले में सेवानिवृत्त अधिकारी सहित चार पर होगी कार्रवाई

गुरुग्राम। हरियाणा सरकार ने 2016 में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के लिए यहां लेजर वैली पार्क में हेलीपैड के निर्माण के लिए इस्तेमाल की गई लगभग 21 लाख रुपये की टाइल्स की चोरी के मामले में तीन अधिकारियों और गुरुग्राम नगर निगम के एक सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जारी एक आदेश में एमसीजी को चारों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर करने और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट के साथ उसे सौंपने का निर्देश दिया गया। मोदी ने नवंबर 2016 में लेजर वैली पार्क मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया था। उनकी यात्रा से पहले पार्क में लगभग 21 लाख रुपये मूल्य की टाइल्स का उपयोग करके एक हेलीपैड बनाया गया था। टाइल्स की बाद में चोरी हो गई थी। यह काम एमसीजी के पूर्व कार्यकारी अभियंता धर्मवीर मलिक की देखरेख में किया गया था।

विद्यार्थियों ने टीबीएसई अध्यक्ष पर कराई प्राथमिकी

अगरतला। त्रिपुरा में टिपरा मोथा विधायक और विपक्ष के नेता अनिमेष देबबर्मा की ओर से आंदोलन शुरू करने की धमकी के एक दिन बाद शनिवार को त्रिपुरा में आदिवासी विद्यार्थियों के एक समूह ने त्रिपुरा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (टीबीएसई) के अध्यक्ष डॉ. धनंजय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि धनंजय पर कोकबोरोक भाषा की उत्तर बांग्ला में लिखने के लिए मजबूर करने का आरोप है। विद्यार्थियों का आरोप है कि बोर्ड उन्हें बांग्ला में उत्तर लिखने के लिए मजबूर कर रहा है। आगामी बोर्ड परीक्षा में स्वदेशी विद्यार्थियों के अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। पांच विद्यार्थियों के एक समूह ने न्यू कैपिटल कॉम्प्लेक्स थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई और बोर्ड द्वारा रोमन लिपि में उत्तर लिखने की अनुमति से इनकार करने के बाद चौधरी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

भाजपा में शामिल होने की बात अफवाह : कमलनाथ

छिंदवाड़ा। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने शनिवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने के सवाल को अफवाह करार दिया और कहा कि राजनेता स्वतंत्र हैं और किसी भी संगठन से जुड़े रहने के लिए बाध्य नहीं हैं। कमलनाथ आचार्य प्रमोद कृष्णम जैसे अपने कांग्रेस सहयोगियों के भाजपा में शामिल होने की संभावना पर संवाददाताओं के सवाल का जवाब दे रहे थे। कमलनाथ ने पाला बदलने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि बहुत सारी अफवाहें चल रही। यह पूछे जाने पर कि क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जिस पर कमलनाथ ने कहा कि उम्मीदवारों पर सभी निर्णय पार्टी द्वारा लिए जाएंगे। कमलनाथ ने नौ बार लोस में छिंदवाड़ा का प्रतिनिधित्व किया है।

टीएमसी विधायक के अंगरक्षक का शव बरामद

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस विधायक के अंगरक्षक का शव शनिवार सुबह यहां विधायक हॉस्टल के परिसर में पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान जयदेव घोराई के रूप में की गई है। घोराई पुरुलिया के बंदवान से तृणमूल कांग्रेस विधायक राजीब लोचन के अंगरक्षक थे। पुलिस ने कहा कि अप्राकृतिक मौत के कारण का पता लगाया जा रहा है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की खबर पाकर पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने विधायक हॉस्टल' का दौरा किया।

भाजपा ने झारखंड में सरकार चोरी करने की कोशिश की : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता ने गोड्डा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत की जनसभा

गोड्डा/देवघर (झारखंड), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झारखंड में सरकार की चोरी की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनादेश की रक्षा के लिए हस्तक्षेप किया। गोड्डा जिले में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार को बचाने में कांग्रेस की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक बार फिर भाजपा की विचारधारा का विरोध करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वह बाद में देवघर पहुंचे और कुंवर सिंह चौक पर एक अन्य रैली को संबोधित करने के अलावा प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में रुद्राभिषेक किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश का युवा रोजगार चाहता है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने देश में बेरोजगारी की बीमारी फैलाई है। इस नई बीमारी ने भारतीय युवाओं को संक्रमित कर दिया है और उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है। राहुल गांधी ने देश में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों का वास्तविक आंकड़ा जानने के लिए जाति आधारित गणना कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने दावा किया कि देश में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ अन्याय बढ़ रहा है।

मणिपुर से 14 जनवरी को शुरू हुई यात्रा शुक्रवार दोपहर को पश्चिम बंगाल से पाकुड़ जिले होते हुए झारखंड राज्य में प्रवेश की। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा शनिवार सुबह गोड्डा जिले के सरकंडा चौक से फिर शुरू हुई। सिन्हा ने बताया कि यात्रा धनबाद के लिए रवाना होगी और धनबाद के टुंडी ब्लॉक के हलकटा में रात्रि विश्राम के लिए रुकेगी। झारखंड में यात्रा दो चरणों में होगी और इस दौरान आठ दिन के दौरान 13 जिलों में 804 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 67 दिनों में 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और 15 राज्यों के 110 जिलों से होते हुए 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

देवघर जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते राहुल गांधी।

राहुल के सामने लगे मोदी जिंदाबाद के नारे

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 21वें दिन शनिवार को झारखंड के देवघर पहुंचे। उन्होंने यहां बाबा वैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। राहुल जब मंदिर से निकले तो वहां मौजूद लोगों ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद के साथ-साथ जय श्रीराम के नारे लगाए। राहुल शाम को देवघर से धनबाद के लिए निकल गए।

सागौन तस्करों ने वन अधिकारियों पर किया हमला, 50 पर केस

विदिशा। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में छापेमारी के दौरान सागौन की लकड़ी तस्करों द्वारा वन विभाग की एक टीम पर हमला किए जाने के बाद 50 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर लटेरी वन क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार रात हुई घटना के बाद प्राधिकारियों ने नौ दोपहिया वाहन भी जब्त किए हैं। प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) ओंकार सिंह मर्सकोले ने कहा कि सागौन की लकड़ी की तस्करी में शामिल 50 लोगों के एक समूह ने कोलुआ पठार क्षेत्र में छापेमारी के बाद वन अधिकारियों की एक टीम पर हमला किया। उन्होंने बताया कि हमलावर नौ दोपहिया वाहन और लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य की सागौन की लकड़ी के 32 लट्ठे छोड़कर मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। टिकाऊ घरेलू फर्नीचर बनाने के लिए सागौन की लकड़ी की अत्यधिक मांग रहती है।

मोहल्ला क्लीनिक में बीते साल 65000 फर्जी मरीजों की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की जांच में खुलासा**

दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वर्ष 2023 के 11 महीनों में निजी प्रयोगशालाओं के जरिए मोहल्ला क्लीनिक में 65,000 फर्जी रोगियों की चिकित्सकीय जांच की गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फरवरी-दिसंबर, 2023 के दौरान दो निजी प्रयोगशालाओं ने लगभग 22 लाख परीक्षण किए, जिनमें से 65,000 फर्जी पाए गए।

अधिकारियों ने कहा कि प्रयोगशालाओं को उनके द्वारा किए गए परीक्षणों के लिए सरकार ने 4.63 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। वहीं, आम आदमी पार्टी सरकार के सूत्रों ने कहा, दिल्ली सरकार मोहल्ला क्लीनिक या किसी अन्य विभाग के कामकाज में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं करेगी। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछले महीने, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक में किए गए प्रयोगशाला परीक्षणों में कथित अनियमितता के मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। गृह मंत्रालय ने इस मामले में सीबीआई को जांच करने का निर्देश दिया है।

एसीबी के एक अधिकारी ने दावा किया कि निजी प्रयोगशालाओं ने कथित तौर पर उन 'फर्जी मरीजों' की जांच की जो कभी किसी मोहल्ला क्लीनिक में नहीं गए थे। उन्होंने कहा कि यह भी सामने आया कि दो निजी प्रयोगशालाओं द्वारा प्रयोगशाला प्रबंधन सूचना प्रणाली (एलआईएमएस) के संचालन में हेर-फेर किया गया, जिसमें रोगियों के नाम और मोबाइल नंबर शामिल होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि रिपोर्ट में पाया गया है कि दो निजी वेंडर के पास डेटा और सिस्टम सॉफ्टवेयर को लेकर पूर्ण नियंत्रण है और इसलिए डेटा में हेरफेर की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एसीबी ने दोनों निजी प्रयोगशालाओं में मरीजों के मोबाइल नंबरों के यादृच्छिक (रैंडम) टेलीफोन-सत्यापन के माध्यम से पाया कि बड़ी संख्या में जांच का संबंध अमान्य मोबाइल नंबरों या उन मोबाइल नंबर से था, जो मरीजों से जुड़े नहीं थे।

पुणे विश्वविद्यालय का प्रोफेसर और पांच छात्र गिरफ्तार

पुणे। पुणे विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर और पांच छात्रों को रामलीला पर आधारित एक नाटक का मंचन करके धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नाटक में आपत्तिजनक संवाद और दृश्य थे। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पदाधिकारियों और पुणे विश्वविद्यालय के ललित कला केंद्र के छात्रों के बीच शुक्रवार शाम नाटक के मंचन को लेकर हाथापाई हो गई थी। पुलिस निरीक्षक अंकुश चिंतामन ने बताया कि एबीवीपी पदाधिकारी हर्षवर्द्धन हरपुडे की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ललित कला केंद्र के विभाग प्रमुख डॉ. प्रवीण भोले और छात्र भावेश पाटिल, जय पेडनेकर, प्रथमेश सावंत, ऋषिकेश दलवी और यश चिखले को गिरफ्तार कर लिया है।

न्याय प्रणाली को लचीला बनाने की जरूरत : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **राष्ट्रमंडल अटॉर्नी-सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में बोले पीएम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जांच और न्याय प्रदान करने के लिए देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए सहयोग किया जा सकता है, क्योंकि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। उन्होंने कहा कि 'क्रिप्टोकरेंसी' और साइबर खतरों के बढ़ने से नई चुनौतियां पैदा हुई हैं और न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है।

यहां राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी) में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम करते हैं। उन्होंने जांच और न्याय प्रदान करने में भी सहयोग की वकालत की।

मोदी ने कहा कि अपराध की प्रकृति और दायरे में आमूलचूल परिवर्तन देखा गया है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होती है। कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम में भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ न्यायाधीश और कानूनी अधिकारी मौजूद थे।

पैसे वसूलने के लिए किया अपहरण तीन लोग गिरफ्तार

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने शुक्रवार रात एक युवक को तीन अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बचाया और घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपियों को सोनीपत से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में से एक को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लिए गए 15 लाख रुपये में से 8.5 लाख रुपये नहीं लौटाने पर उन्होंने युवक का अपहरण कर लिया था। पुलिस के अनुसारएक महिला ने गुरुवार को पुलिस से शिकायत की थी कि उसके बेटे मनोज का नौरंगपुर गांव के पास एम3एम आवासीय सोसायटी के आसपास के इलाके से तीन लोगों ने अपहरण कर लिया और सोनीपत ले गए। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपियों की पहचान सोनीपत जिले के सनपेरा गांव के संदीप उर्फ काला (42), धीरन गांव के मोहित (28) और हसनयारपुर तिहाड़ कलां के निवासी कुणाल कुमार (23) के रूप में हुई है।

आरटीआई के तहत सीबीआई को पूरी तरह छूट नहीं : दिल्ली हाई कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **कहा- भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघन से संबंधित जानकारी देने की अनुमति**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के दायरे से पूरी तरह बाहर नहीं है तथा यह कानून जांच एजेंसी को भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघन से संबंधित जानकारी प्रदान करने की अनुमति देता है। आरटीआई अधिनियम की धारा 24 (कुछ संस्थाओं पर लागू नहीं होने वाला प्रावधान) पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि इससे पता चलता है कि भले ही सीबीआई का नाम इस कानून की दूसरी अनुसूची में दर्ज है, फिर भी इसका मतलब यह नहीं है कि संपूर्ण कानून ऐसी संस्थाओं पर लागू नहीं होता है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 30 जनवरी को पारित एक आदेश में कहा, कि धारा 24 का प्रावधान भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों से संबंधित जानकारी आवेदक को उपलब्ध कराने की अनुमति देता है और इसे आरटीआई अधि.की दूसरी अनुसूची में उल्लेखित संस्थाओं को प्रदान किए गए अपवाद में शामिल नहीं किया जा सकता है। यह आदेश शुक्रवार देर शाम उपलब्ध हो पाया। उच्च न्यायालय ने सीबीआई की उस याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के नवंबर 2019 के फैसले को चुनौती दी गई थी। फैसले में जांच एजेंसी को भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अधिकारी संजीव चतुर्वेदी को कुछ जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था।

चतुर्वेदी ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के मेडिकल स्टोर के लिए कीटाणुनाशक और घोल सामग्री की खरीद में कथित भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी मांगी थी। चतुर्वेदी उस समय एम्स के मुख्य सतर्कता अधिकारी थे, जब उन्होंने ट्रॉमा सेंटर के लिए की जा रही खरीद में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में एक रिपोर्ट भेजी थी। अधिकारी के मुताबिक, चूंकि सीबीआई ने उनके द्वारा दी गई जानकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की, इसलिए उन्होंने जांच एजेंसी के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) से संपर्क किया। सीबीआई द्वारा जानकारी देने से इनकार करने के बाद, चतुर्वेदी ने सीआईसी का रुख किया, जिसने केंद्रीय एजेंसी को उन्हें विवरण प्रदान करने का आदेश दिया। इसके बाद सीबीआई ने सीआईसी के 2019 के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया।

सीबीआई ने दलील दी थी कि आरटीआई कानून की धारा 24 पूर्ण प्रतिबंध के रूप में कार्य करती है और एजेंसी को अधिनियम के प्रावधानों से छूट दी गई है।

छात्रों का तनाव घटाने के लिए डिनर विद कलेक्टर कार्यक्रम

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

▸▸ **कोटा में छात्रों के बीच बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं के बीच अनूठी पहल**

कोटा के जिलाधिकारी डॉ. रवींद्र गोस्वामी ने जिले में कोचिंग छात्रों के तनाव को कम करने के लिए कामयाब कोटा अभियान के तहत एक साप्ताहिक डिनर विद कलेक्टर कार्यक्रम शुरू किया है।

डिनर विद कलेक्टर के तहत वह हर शुक्रवार को एक छात्रावास में छात्रों के साथ रात्रि भोजन करते हैं और उनके मन और दिल की बात सुनते हैं।

उन्होंने इंद्रप्रस्थ इलाके के एक छात्रावास के छात्रों से एक फरवरी को बातचीत की। उन्होंने छात्रों के साथ बॉलीवुड गाने गाए, सफलता के मंत्र साझा किए और उन्हें प्रेरित किया। पिछले महीने दो कोचिंग छात्रों और 27 वर्षीय एक बीटेक छात्र ने फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। वर्ष 2023 में कोटा में 26 कोचिंग छात्रों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, जो शहर में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर हर साल देश के विभिन्न हिस्सों से दो लाख से अधिक छात्र आते हैं। शहर में इन कोचिंग छात्रों के लिए लगभग 4500 छात्रावास और 40,000 पीजी आवास हैं।

फैसला | कोर्ट ने किहा- विवाहेतर संबंध बच्चों की अभिरक्षा से वंचित करने का नहीं एकमात्र आधार

व्यभिचारी जीवनसाथी अक्षम अभिभावक के समान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक मामले में फैसला सुनाया है कि व्यभिचारी जीवनसाथी एक अक्षम अभिभावक के समान नहीं है और किसी व्यक्ति का विवाहेतर संबंध उसे बच्चे की अभिरक्षा से वंचित करने संबंधी निर्णय लेने का एकमात्र आधार नहीं हो सकता। उच्च न्यायालय ने कहा कि तलाक की कार्रवाई और बच्चों की अभिरक्षा के मामले आपस में जुड़े हो सकते हैं, लेकिन वे हमेशा परस्पर असंबद्ध होते हैं।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि भले ही माता-पिता में किसी के विवाहेतर संबंध साबित हुए हैं तो भी उसे बच्चों की अभिरक्षा प्राप्त करने से तब तक वंचित नहीं कर सकते जब तक कि यह साबित करने के लिए कुछ और न हो कि इस तरह के व्यभिचारी कृत्य ने बच्चे का कल्याण प्रभावित हुआ है। अदालत एक व्यक्ति और उसकी पत्नी द्वारा उनकी 12 और 10 साल की दो नाबालिग बेटियों की संयुक्त अभिरक्षा देने के पारिवारिक अदालत के आदेश के खिलाफ दायर अपीलों पर सुनवाई कर रही थी।

महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति लापरवाह और गैर-जिम्मेदार था और लगभग ढाई साल तक उसे और दो बच्चों को छोड़कर किसी आश्रम व अज्ञात स्थान पर चला गया था। पुरुष ने दावा किया कि पत्नी की ओर से बच्चों की अभिरक्षा के लिए दायर याचिका तलाक की याचिका के जवाब में थी, जो उसने क्रूरता और व्यभिचार के आधार पर मांगी थी। महिला ने दावा किया कि बच्चों का उनकी बुआ ने अपहरण कर लिया था और उसे उसके ससुराल से निकाल दिया गया था। उसने आरोप लगाया कि उसे अपनी बेटियों से बात करने की भी अनुमति नहीं दी गई, जिसके कारण बच्चों की अभिरक्षा प्राप्त करने के लिए याचिका दायर करनी पड़ी। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी गैर-जिम्मेदार है, क्योंकि वह बच्चों की देखभाल नहीं करती है और अपना अधिकांश समय अवैध संबंध पर व्यतीत करती है। उसने तर्क दिया कि उसकी पत्नी व्यभिचार में लिप्त है, जिसकी वजह से वह बच्चों की देखभाल नहीं करती।

▸▸ **दिल्ली हाईकोर्ट ने एक दंपति की याचिका की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी**

गुजरात : आप के पूर्व विधायक भूपेंद्र भाजपा में शामिल

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के महीनों बाद आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक भूपेन्द्र भयानी शनिवार को जूनागढ़ जिले में आयोजित एक समारोह में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये।

जूनागढ़ की विसावदर सीट से 'आप' के विधायक रहे भयानी ने पिछले साल दिसंबर में विधानसभा सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और घोषणा की थी कि वह भाजपा में शामिल होंगे। भाजपा द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, भयानी और उनके समर्थक भेसन गांव में हुए समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल की उपस्थिति में भगवा पार्टी में शामिल हुए।

महिला सिविल जज के अंतिम शब्द...आईएम हेल्पलेस एंड अलोन

सुसाइड नोट में लिखी अंतिम इच्छा-अयोध्या के सरयू नदी पर करें मेरा अंतिम संस्कार, दो खरगोशों की भी सेवा करने के लिए लिखा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: सिविल जज ज्योत्सना राय ने अपने सुसाइड नोट में आखिरी शब्द लिखे हैं कि ''आईएम हेल्पलेस एंड अलोन''। इन शब्दों से माना जा रहा है कि वह खुद को अकेला मानते हुए ज्यादा तनाव में थीं। सुसाइड नोट में उन्होंने अयोध्या के सरयू नदी किनारे अंतिम संस्कार करने की अंतिम इच्छा जाहिर की है। इसके साथ ही अपने पाले हुए दो खरगोश की भी सेवा करने की बात लिखी है। एक पेज के सुसाइड नोट में तमाम बातें लिखी हैं लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरा मामला गोपनीय रखा है। इधर, हंसमुख रहने वाली महिला जज का शव फंदे पर लटका मिलने की बात पर किसी को यकीन नहीं हो रहा है। शाम को काली पॉलीथिन में जब पुलिस कर्मी उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर जा रहे थे तब सभी की आंख नम थीं। जजी कालोनी में आवासों में रहने वाले न्यायिक अधिकारियों को भी लग रहा है कि क्या पता था कि ज्योत्सना राय दो चेहरे लेकर जी रही थीं। वहीं बेटी की मौत पर महिला जज के माता-पिता बेसुध हैं। बेटी के गम में वह किसी से बात नहीं कर रहे हैं। रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

महिला जज का लिखा सुसाइड नोट पढ़ते एसएसपी आलोक प्रियदर्शी।

महिला जज की मौत की सूचना पर उनके आवास पर लगी अधिवक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार

अधिवक्ताओं के अनुसार ज्योत्सना राय बेहद हंसमुख थीं। सभी से मधुर व्यवहार रखती थीं। दिन में कोर्ट में सुनवाई के बाद शाम को न्यायिक अधिकारियों के परिजनों के पास बैठती थीं। घर के बातें शेयर करती थीं। अपने काम के लिए हमेशा समर्पित रहती थीं। शुक्रवार शाम भी उन्होंने पास के आवास में रहने वाले न्यायिक अधिकारी की पत्नी से आधे घंटे तक बात की थी लेकिन किसी को क्या पता था कि हंसमुख चेहरे के पीछे तनावग्रस्त चेहरा भी छिपा है। वह इतनी परेशान थीं कि अपना जीवन खोने का निर्णय ले लिया।

अयोध्या के बाद बदायूं मिली थी दूसरी तैनाती : उनका जन्म 5 जुलाई 1995 को हुआ था। उन्होंने 2010 में हाईस्कूल, 2012 में इंटरमीडिएट, 2017 में एलएलबी ऑनर्स प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। जिसके बाद उन्होंने पीसीएस-जे की परीक्षा पास की। उनकी पहली तैनाती 15 नवंबर 2019 में जिला अयोध्या में एडिशनल सिविल जज, जूनियर डिवीजन पद पर हुई थी। जो 12 अप्रैल 2021 तक रहीं। इसके बाद वह 13 अप्रैल 2021 से 4 जुलाई 2022 तक जूडिशियल मजिस्ट्रेट रहीं। 5 जुलाई 2022 से 28 अप्रैल 2023 तक अयोध्या में ही एडिशनल सिविल जज बनीं। इसके बाद वह स्थानांतरित होकर बदायूं आईं। वह 29 अप्रैल 2023 से 30 अगस्त 2023 तक एडिशन सिविल जज, जूनियर डिवीजन पद पर रहीं। जिसके बाद 18 नवंबर 2023 तक जूडिशियल मजिस्ट्रेट रहीं। वर्तमान में वह जूनियर डिवीजन की सिविल जज थीं।

बेटी का शव देखकर बेहोश हो गई मां

सूचना मिलने पर महिला जज के माता-पिता और अन्य परिजन आवास पर पहुंचे। गाड़ी में बैठे रास्ते भर रोते रहे। बेटी का शव देखा तो उनकी मां बेहोश हो गईं और बेसुध होकर गिर गईं। सभी की आंखें नम थीं। इतनी विनम्र स्वभाव की महिला जज हमारे बीच नहीं रहीं। मां कमरे में ही बेसुध बैठी रहीं।

चारों तरफ से बंद था कमरा

एक पुलिस अधिकारी के अनुसार महिला जज का कमरा पूरी तरह से बंद था। उसमें कोई भी भीतर नहीं आ और न जा सकता था। आवास का मुख्य दरवाजा भी भीतर से बंद था। जिससे आत्महत्या ही मानी जा रही है।

समय से जातीं थी कोर्ट और समय से आती थीं वापस

अधिवक्ताओं के अनुसार ज्योत्सना राय रोज समय से कोर्ट जाती थीं। निर्धारित समय के बाद ही आवास पर वापस आती थीं। शुक्रवार को वह शाम 5.30 बजे आवास पर आई थीं। उनके चेहरे पर किसी भी प्रकार की शिकन नहीं रहती थीं।

सार-संक्षेप

इविवि की छात्रा ने असिटेंट प्रोफेसर पर लगाया यौन शोषण का आरोप, कर्नलगंज थाने में दी तहरीर

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद विश्वविद्यालय(इविवि) में छात्रों और चीफ प्रॉक्टर का विवाद अभी थमा नहीं और शनिवार को एक नया मामला सामने आ गया। इविवि में शनिवार को प्राचीन इतिहास विभाग के एक असिटेंट प्रोफेसर पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। डरी और सहमी छात्रा ने असिटेंट प्रोफेसर के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दी है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग में पढ़ने वाली बीए तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार सागर पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। छात्रा ने तहरीर में लिखा है कि प्रोफेसर अजय कुमार ने उसे द्वितीय वर्ष के समय ही प्रेम प्रस्ताव दिया था। जिसके बाद उस प्रस्ताव को इंकार करने पर फोन कर परेशान करना शुरु कर दिया था। अजय कुमार ने खुद को कैंसर का मरीज बताकर इमोशनल ब्लैकमेल करना शुरु कर दिया था। मुझे बुलाकर मेरे साथ जबरियन शारीरिक संबंध बनाया। विरोध करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। छात्रा ने शनिवार को इस मामले में थाना कर्नलगंज में लिखित शिकायत कर असिटेंट प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट सम्मानित

लखनऊ, अमृत विचार : नई दिल्ली में सम्पन्न राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर व परेड-2024 में सफलतापूर्वक सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी के कैडटों को शनिवार को राजभवन में पदक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि युवाओं की गतिविधियां ही देश के भविष्य को बनाएंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं का दायित्व देश को आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि देश भक्ति के जज्बे के साथ यहां की संस्कृति, साहित्य, कला, उत्पादन, समाज कार्य जैसे विविध क्षेत्रों के ज्ञान से समग्र करके इन युवाओं को जो प्रशिक्षण एनसीसी से प्राप्त हो रहा है, वे भविष्य में जब अपने सामाजिक जीवन से जुड़ेंगे तब उनके काम आएगा। आने वाला भारत कैसा हो इसके लिए युवाओं के प्रशिक्षण के कई कार्यक्रम हो रहे हैं। राज्यपाल ने देश में अस्पतालों की बढ़ती आवश्यकता और वृद्धाश्रमों की संख्या पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आगामी पीढ़ी का स्वस्थ होना और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक होना भी जरूरी है।

अतीक के 4 करोड़ की मन्नत को नोएडा में खोज निकाला

प्रयागराज, अमृत विचार : मरहूम माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद प्रयागराज पुलिस ने उसके साम्राज्य को मिटाने की मुहीम में लागातार इजाफा कर रही है। एक के बाद एक कार्रवाई में शनिवार को प्रयागराज पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। प्रयागराज पुलिस ने नोएडा में अतीक के "मन्नत"को खोज निकाला है। पुलिस ने उसे अटैच कर लिया है। इस मकान पर जल्द कुर्क की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि माफिया अतीक अहमद ने अपने समय में रसूक और दबंगई एक दम पर न सिर्फ प्रयागराज में ही अकूत संपत्ति बनाई थी, बल्कि दिल्ली और नोएडा में भी कई प्रॉपर्टी बनाई थी। जिसे प्रयागराज पुलिस काफी समय से चिन्हित कर रही थी। शनिवार को प्रयागराज की ऑक्टोपस और जिराफ़ टीम ने लम्बी जांच के बाद आखिर नोएडा में अतीक की 4 करोड़ के "मन्नत" मकान को खोज निकाला। अतीक अहमद का ये बेशक़ीमती मकान नोएडा के सेक्टर 36 में बनाया हुआ है। इसका नाम मन्नत रखा गया है। अतीक अहमद के इस मन्नत को प्रयागराज पुलिस ने गैंगस्टर में अटैच कर लिया है। जल्द ही पुलिस इस मकान पर डुगडुगी बजवाकर कुर्की का ऐलान कर देगी।

गजेटियर बताएगा शहर का इतिहास और भूगोल

लखनऊ, अमृत विचार : अंग्रेजों के जमाने में बना लखनऊ समेत प्रदेश के सभी शहरों का 'गजेटियर' नए सिरे से तैयार किया जाएगा। इससे शहरों का इतिहास और भूगोल भी बदल जाएगा। प्रदेश सरकार ने इसकी कवायद भी शुरू कर दी है। पहले चरण में लखनऊ और मुरादाबाद का मॉडल ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसमें शहर की सीमा, क्षेत्रफल, प्रमुख ऐतिहासिक और शासकीय इमारतों से लेकर विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन का ब्योरा रहेगा। साथ ही लखनऊ की संस्कृति, भाषा, जाति, जनसंख्या और समुदाय की भी अपडेट जानकारी मिलेगी। इसके लिए नगर निगम समेत कई अन्य विभागों ने जिला गजेटियर विभाग द्वारा मांगी गई सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी है। लखनऊ के बारे में लगभग 1,000 पन्नों की बुकलेट तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री से हरी झंडी मिलते ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। मुख्य सचिव के निर्देश के बाद जिला गजेटियर विभाग के प्रमुख सम्पादक ने प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भेज दिया है। गजेटियर तैयार करने के लिए सभी विभागों को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय ने समस्त विभागों से उनका इतिहास, क्षेत्र, इमारतें, कार्य, संचालित योजनाएं और कर्मचारियों और विभाग का ब्योरा मांगा है।

दरोगा जितेंद्र पर एक और एफआईआर मिली 25.61 लाख की अवैध संपत्ति

बागपत का रहने वाला आरोपी दरोगा बरेली पुलिस लाइन में है तैनात

कार्यालय, मुरादाबाद

अमृत विचार : मझोला थाने में तैनात रहे दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर के पास आय से 40.32 प्रतिशत संपत्ति अवैध मिली है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने इस दरोगा के पास 25.61 लाख रुपये से अधिक अवैध संपत्ति होने की पुष्टि की है।

बताया जा रहा है कि मझोला थाने में अपनी तैनाती अवधि में दरोगा जितेंद्र बिना सुविधा शुल्क लिए कोई भी काम नहीं करता था। इसी के चलते इसे एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 25 अक्टूबर 2019 में 10,000 रुपये की घूस लेते धर दबोचा था। फिर इसके विरुद्ध शासन के निर्देश पर एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने आय से अधिक संपत्ति की जांच की और इस बीच में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की पुष्टि होने पर दरोगा के विरुद्ध मझोला थाने में शुक्रवार रात में एक और एफआईआर दर्ज कराई है। रिश्वतखोर दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर वर्तमान में बरेली पुलिस लाइन में तैनात है, जबकि वह बागपत जिले के थाना बड़ौत क्षेत्र के गांव हिलवाड़ी का रहने वाला है।

▸▸ अक्टूबर 2019 में मझोला थाने में तैनाती के दौरान घूस के रुपयों के साथ दबोचा गया था दरोगा

एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने मझोला थानाध्यक्ष को बताया है कि आय से अधिक संपत्ति की जांच में पता चला है कि आरोपी दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर पुत्र जगदीश सिंह ने निर्धारित अवधि में शुद्ध वेतन, बोनस, एरियर, बीमा पॉलिसी, ब्याज से हुई आय से ज्ञात आय के वैध स्रोतों से कुल 63,53,348 रुपये आय अर्जित की है। जबकि इसी अवधि में आरोपी ने चल-अचल संपत्ति, निवेश, पारिवारिक भरण-पोषण व अन्य मदों पर कुल 89,15,205 रुपये खर्च किए हैं। इस तरह निर्धारित की गई अवधि में दरोगा से ज्ञात व वैध स्रोतों से अर्जित की गई आय के मुताबिक उसने 25,61,857 रुपये अर्थात 40.32 प्रतिशत अधिक व्यय किया है, जो उसकी ज्ञात व वैध स्रोतों से अधिक है। वैसे इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने आरोपी दरोगा को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन, उसने कोई जवाब नहीं दिया है।

नमकीन वाले ने बरामदे में निकाली शापिट पुली फंसकर बच्ची की मौत

खुटार, अमृत विचार: नमकीन बनाने के लिए संचालक ने जिस कमरे में चक्की लगाई है, उस कमरे की दीवार से अपने ही मकान के बरामदे में शापिट पुली भी निकाली है लेकिन उसे ढकने का कोई इंतजाम नहीं किया है। शनिवार को इसी शापिट पुली से बड़ा हादसा हो गया। अन्य बच्चों के साथ नमकीन चक्की वाले के घर में खेल रही नौ वर्षीया अमनी शापिट पुली की चपेट में आ गई। वह उसमें ऐसी फंसी कि कई चक्कर खाने के बाद निकली तो उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। परिजन गंभीर हालत में उसे खुटार सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार शाम करीब 5:30 बजे की है। मोहल्ला नौगवां कोट निवासी अनिल राठौर की पत्नी मीना देवी ने बताया कि उसके घर के पड़ोस में रामदास ने अपने घर में नमकीन बनाने की चक्की लगाई है।

अयोध्या में सोलर प्लांट के पहले चरण का काम पूरा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की कवायद अब धरातल पर उतरने लगी है। सरयू तट के किनारे रामपुर हलवारा क्षेत्र में 165 एकड़ में 40 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित कर दिया गया है। हालांकि अभी पहले फेज में 14 मेगावाट का कार्य पूरा हो चुका है। पहला चरण का काम पूरा होने के बाद अयोध्या सिटी को बिजली सप्लाई भी शुरू कर दी गई है।

सूर्य की ऊर्जा से अयोध्या को जगमगाने के लिए सरयू तट के किनारे 165 एकड़ में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड कंपनी 40 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित कर रहा है। सोलर प्लांट का काम पूरा होने के बाद यहां से सात करोड़ 65 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। एनटीपीसी प्लांट के प्रभारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। अभी सिर्फ पहले चरण में 14 मेगावाट का काम पूरा हो गया है। काम पूरा होने के बाद इसी 14 मेगावाट से अयोध्या सिटी को बिजली की सप्लाई भी शुरू कर दी गई है। शेष बचे कामों को 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए टावर क्रेन लगाए गए हैं।

रुके निर्माण कार्य शुरू करने के लिए लगाए गए टावर क्रेन।

उत्तराखंड

एक लाख का लोन देने का झांसा देकर ठगे 25 हजार

रुद्रपुर, अमृत विचार : सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत कर्मी को ऑनलाइन लोन देने का झांसा देकर हजारों रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित का कहना था कि उसने ऑनलाइन एक लाख रुपये लोन का आवेदन किया था। मगर बार-बार लोन के बाद उससे हजारों रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने साइबर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से पिथौरागढ़ के थल ओखल गांव निवासी विक्रम कुमार ने बताया कि वह सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है और जगतपुरा स्थित किराए के मकान में रहता है। बताया कि दो दिन पहले उसने इंटरनेट मीडिया में ऑनलाइन लोन का विज्ञापन देखा और दिए गए लिंक पर लोन का आवेदन किया। आरोप था कि आवेदन करने के कुछ ही देर बाद एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी। कॉलर ने एक लाख रुपये के लोन के लिए कई प्रकार से 25 हजार रुपये का भुगतान करवा लिया। बावजूद एक लाख रुपये का लोन पारित नहीं हुआ। मगर जब कॉलर ने पुन: आठ हजार जमा करने की बात कही तो ठगी होने का एहसास हुआ और उसने भुगतान नहीं किया। पीड़ित ने साइबर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

निकाह का झांसा देकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

किच्छा, अमृत विचार : पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में निकाह का झांसा देकर युवक एक वर्ष तक युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दुष्कर्म के फरार आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। विगत दिनों एक युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बीते 20 जनवरी को उसकी बहन घर पर अकेली थी। इसी दौरान ग्राम रजपुरा, थाना बहेड़ी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी शाकिर घर में घुस गया और पीड़ित की बहन के साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया और बताने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। पुलभट्टा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक दीपा अधिकारी को सौंपी। आरोपी शाकिर को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नौली तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष भट्ट के अनुसार आरोपी शाकिर ने बताया कि वह करीब 1 वर्ष से उसकी तथा युवती की दोस्ती है। इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध हो गए। पुलिस के अनुसार आरोपी शाकिर घटना के दिन पीड़िता के घर गया था।

चोरी की 4 बाइक के साथ दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

रुद्रपुर, अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके से लगातार हो रही बाइक चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार कर चार चोरी की बाइकें बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। शनिवार को खुलासा करते हुए आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर और थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को ठाकुरनगर निवासी सुरजीत कुमार ने बाइक संख्या यूपी-26 जेड-9259 चोरी होने का मुकदमा पंजीकृत करवाया था। इसके अलावा दो फरवरी को कृष्णा कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार ने अपनी बाइक संख्या यूपी-25 बीएफ-7114 के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

काशीपुर, अमृत विचार : दहेज के लिए पत्नी का गला दबा कर हत्या करने के मामले में काशीपुर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने आरोपित पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड दिया है। बता दें कि जसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मलपुरी निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र अमरजीत सिंह ने 13 फरवरी 2020 को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उन्होंने अपनी बहन जसवीर कौर उर्फ सिमरन कौर की शादी हरविन्दर सिंह पुत्र चरनजीत सिंह निवासी ग्राम शेरगढ बहादरनगर थाना अफजलगढ बिजनौर यूपी के साथ साल 2005 में किया था। कुछ समय बाद से ही उसकी बहन को कम दहेज लाने के लिए तंग तथा प्रताड़ित करते थे। आरोप था कि बहन को ससुराल वालों ने पूर्व में कई बार जला कर मारने का भी प्रयास किया था। 12 फरवरी 2020 को रात 8.30 बजे पुलिस से उन्हें सूचना मिली थी कि उनकी बहन जसवीर कौर की लाश महुवाडाबरा एलबीएस कालेज रोड पर निर्माणधीन पुलिया के पास गन्ने के खेत में पड़ी है।

महिलाकर्मी से आईएफएस अधिकारी ने की छेड़छाड़

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचारः वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक के खिलाफ महिला कार्मिक से छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे पहले उन्हें इस मामले में शासन ने उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव पद से हटा दिया था। महिला कार्मिक से अभद्रता और छेड़छाड़ के आरोप में अब इस भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अफसर पर कानूनी और विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है।

उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीसीबी) के नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम प्रोजेक्ट (एनसीएपी) के अंतर्गत कार्यरत महिला ने बोर्ड के सदस्य सचिव व आईएफएस अधिकारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इस मामले में राजपुर थाना पुलिस ने अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

▸▸ मुकदमा दर्ज, पुलिस आरोपी से जल्द कर सकती है पूछताछ

पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि 24 जनवरी की दोपहर को वह यूपीसीबी के सदस्य सचिव आईएफएस अधिकारी सुशांत कुमार पटनायक के पिता के निधन पर सांत्वना देने के लिए उनके कार्यालय में गई। इस दौरान सदस्य सचिव ने उन्हें पकड़ लिया और उनके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। किसी तरह से वह उनके चंगुल से छूटी। इसके बाद आरोपित ने अपने वाट्सएप से मैसेज भेजकर घटना के लिए माफी मांगी और तत्काल मैसेज डिलीट भी कर दिए। उन्होंने नोटिफिकेशन हिस्ट्री से मैसेज रिकवर कर लिए हैं। इसके बाद आरोपी ने समझौते के लिए उन पर दबाव बनाया और बोर्ड के एक अधिकारी को भेजकर समझौता करना चाहा। इस संबंध में उन्होंने बोर्ड के अध्यक्ष से 25 जनवरी को शिकायत की, जिसकी जांच अभी चल रही है।

थानाध्यक्ष राजपुर पीडी भट्ट ने बताया कि शिकायत के उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव आधार सुशांत कुमार पटनायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में जल्द पटनायक से पूछताछ कर सकती है।

183 पाउच शराब के साथ महिला गिरफ्तार

हल्द्वानी, अमृत विचार : घर के पड़ोस में शराब बेचते पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। मुखानी थाने के एसआई दीवान सिंह ग्वाल ने बताया कि शुक्रवार की देर रात चेकिंग के दौरान लामाचौड़ इलाके में शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिली थी। टीम पहुंची तो महिला अपने घर के पड़ोस में झाड़ियों के बीच रखकर कच्ची शराब बेच रही थी। पूछताछ में महिला ने अपना नाम नाथूपुर पाडली लामाचौड़ निवासी चंद्र किरन पत्नी पूरन चंद्र सागर बताया। साथ ही बाजपुर निवासी एक व्यक्ति से शराब खरीदने की बात कही। इसके पास से कच्ची शराब के 183 पाउच बरामद हुए।

सट्टेबाजी करते प्रापर्टी डीलर समेत तीन दबोचे

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुलिस ने सट्टेबाजी करते हुए प्रापर्टी डीलर समेत तीन को गिरफ्तार किया है। तीनों से एक लाख की नगदी बरामद हुई है। तीनों के लिए जुआ एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है।

मंगल पड़ाव पुलिस चौकी प्रभारी एसआई प्रकाश पोखरियाल को बीते शुक्रवार की देर रात अंबेडकर नगर में सट्टेबाजी की सूचना मिली। उन्होंने तुरंत टीम को अलर्ट किया और सूचना पर एसओजी व पुलिस की एक संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने देखा कि तीन युवक सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे हैं। सटोरिए 200 पर 16 हजार और 500 रुपये की पर्ची पर 40 हजार रुपये देने की आवाज लगा रहे थे। टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी शिनाख्त अभिमन्यु सागर उर्फ सन्नी, गुलशन सागन और देव सक्सेना के रूप में हुई। मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी पोखरियाल ने बताया कि तीनों से सट्टे की पर्चियों के 1,01,190 रुपये बरामद हुए हैं। मुख्य आरोपी अभिमन्यु प्रापर्टी डीलिंग करता है, बाकी दो गुर्गे भी उसी के साथ काम करते हैं। फिलहाल तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

नजूल भूमि पर बनी मस्जिद और मदरसे पर आज चलेगा बुलडोजर

हल्द्वानी कार्यालय

अमृत विचार : बनभूलपुरा में नजूल भूमि पर अवैध ढंग से बने मलिक का बगीचा और बगीचे में बनी मस्जिद व मदरसे पर आज नगर निगम का बुलडोजर चल सकता है। नगर निगम, प्रशासन व पुलिस ने ध्वस्तीकरण की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा नजूल भूमि पर है। बीती 29-30 जनवरी को नगर निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम ने पुलिस की मदद से करीब डेढ़ एकड़ भूमि से अवैध कब्जे हटवाए और नगर निगम की तारबाड़ कर दी। इस भूमि के बीचोबीच 800 वर्ग मीटर भूमि में एक मदरसा और भूमिगत मस्जिद है। जांच में पता चला कि अब्दुल मलिक नामक व्यक्ति ने उक्त भूमि पर अवैध ढंग से कब्जा किया हुआ है। मलिक ने इस भूमि का फ्रीहोल्ड भी नहीं कराया है,

मलिक का बगीचा स्थित भूमिगत मस्जिद।

इसके उलट 50-50 रुपये के स्टांप पर सरकारी भूमि पर प्लॉटिंग कर दी गई। एक-एक प्लॉट का लाखों में सौदा किया गया।

आरोप है कि अवैध कब्जा बनाए रखने की नीयत से मलिक ने भूमि पर धार्मिक स्थलों का निर्माण किया। नगर निगम ने अब्दुल मलिक को नोटिस जारी कर 1 फरवरी तक निर्माण हटाने की चेतावनी दी थी। फिर भी मलिक ने कोई जवाब नहीं दिया। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि नियमानुसार नोटिस दिया गया है। नोटिस के अनुसार कार्रवाई की जाएगी, इसमें कोई परिवर्तन नहीं है।

नैनीताल, यूएस नगर और चम्पावत में मेट्रो की तैयारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : कुमाऊंवासियों के लिए अच्छी खबर है। नैनीताल, ऊधम सिंह और चम्पावत जिलों के शहरों को जोड़कर मेट्रो सर्किट बनाई जाएगी। इसका प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही योजना के लिए औपचारिकताएं शुरू हो जाएंगी। मेट्रो रेल सेवा शुरू होने के बाद पर्यटकों को सस्ता और सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध होगा। शनिवार को मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने बताया कि नैनीताल जनपद के हल्द्वानी व रामनगर, ऊधम सिंह नगर के काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारंगज, खटीमा और चम्पावत जिले के टनकपुर तक मेट्रो सर्किट बनाई जाएगी। अजय भट्ट ने बताया कि वर्ष 2023-24 में राज्य के लिए 11419.78 करोड़ रुपये केंद्रीय आवंटन का प्रावधान था। संशोधित अनुमान में इस राशि को बढ़ाकर 12,348 करोड़ कर दी गई है।

कुमाऊंनी-गढ़वाली-जौनसारी में फिल्म बनाने पर मिलेंगे 2 करोड़

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दी गई प्रदेश की नई फिल्म नीति को मंजूरी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में यहां हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नई फिल्म नीति को मंजूरी देते हुए राज्य में फिल्म निर्माण का माहौल बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। राज्य में अब क्षेत्रीय भाषाओं कुमाऊंनी, गढ़वाली, जौनसारी आदि में फिल्म बनाने पर दो करोड़ की आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी।

यह उम्मीद की जा रही थी कि मंत्रिमंडल की इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रखा जाएगा। लेकिन इसे ड्राफ्ट का अच्छे तरीके से अध्ययन करने के बाद ही विधेयक के रूप में मंत्रिमंडल के सम्मुख रखा जाएगा। लिहाजा, 6 फरवरी को यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पर मंत्रिमंडल की मुहर लगने के बाद विधानसभा सदन के पटल पर रखा जाएगा. दरअसल, मुख्यमंत्री इस बात को पहले भी कह चुके हैं कि सदन में यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक को पारित करने से पहले विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। मंत्रिमंडल ने राज्य की नई फ़िल्म नीति को मंजूर करते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। अब क्षेत्रीय भाषा में निर्माण करने वाले को फ़िल्म निर्माण करने के लिए 2 करोड़ रुपये मिलेंगे। पहले यहले यह धनराशि 25 लाख होती थी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ओटीटी को भी अब आर्थिक मदद व सब्सिडी मिल सकेगी। सब्सिडी के रूप में फ़िल्म की लागत का 30 प्रतिशत मिलेगा। यदि बच्चों के लिए फ़िल्म बनाई गई है तो 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा पैसा मिलेगा। राज्य के कलाकारों को मुख्य भूमिका में रखा जाएगा तो 10 लाख मिलेगा। बैठक में फ़िल्म ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में अनुसूचित जाति-जनजाति के बच्चों के पढ़ाई करने पर उसकी फीस का 75 प्रतिशत सरकार द्वारा दिए जाने का निर्णय भी लिया गया।

बाघ को लेकर धरना व प्रदर्शन के निर्णय पर अडिग ग्रामीण

रामनगर, अमृत विचार : बीते दिनों सांवल्दे क्षेत्र में महिला को मारने वाला बाघ अब तक पकड़ में न आने से ग्रामीण रविवार को धरना प्रदर्शन के निर्णय पर अडिग हैं।

वहीं पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने भी आत्मदाह के निर्णय को वापस नहीं लिया है। उधर, पुलिस प्रशासन भी अपनी तैयारी करने में जुटा है। बता दें कि सीटीआर ने बाघ को पकड़ने के लिए शनिवार तक का समय मांगा था जो समाप्त हो गया है। उधर आंदोलन को सफल बनाने के लिए संयुक्त संघर्ष समिति ने शनिवार को धनपुर, वासीटीला, सावल्दे, ठेला, हिम्मतपुर डोटियाल, कानिया, हाथी डगर आदि गांवों में दोपहिया वाहनों से जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान चलाया। समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि कार्बेट प्रशासन तथा उत्तराखंड सरकार जंगली जानवरों से जनता को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हुई है। क्षेत्र में दर्जनों टाइगर व तेंदुए घर-घर घूम रहे हैं।

विधान परिषद में गूंजा बीएचयू गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती का मामला

सपा सदस्यों ने नारेबाजी कर दो बार किया सदन का वाकआउट, सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती: मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधानसभा के सत्र में जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस नेता अनुराधा मिश्रा और सपा के शिवपाल यादव। ● अमृत विचार

अमृत विचार : विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती न होने का मामला गूंजा। सपा सदस्यों ने प्रदेश में ध्वस्त कानून-व्यवस्था और बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और सदन से दो बार वाकआउट किया। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती है, बीएचयू की घटना में आरोपी तीनों लड़कों को गिरफ्तार किया गया है।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद के निधन पर विप में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सपा सदस्यों ने प्रश्न प्रहर में सवाल न लेने और बीएचयू में छात्रा के सामूहिक दुराचार की घटना को लेकर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सपा के मुकुल यादव ने नियम 105 के तहत बीएचयू की घटना को उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि अपराधी जेल में हैं या प्रदेश छोड़ कर जा चुके हैं तो फिर रोजाना होने वाले अपराध कौन कर रहा है।

सरकार बताए कि भाजपा के आईटी सेल में काम करने वाले तीन लड़के रात डेढ़ बजे बीएचयू में क्या करने गए थे। पीड़ित छात्रा के पक्ष में जुटने वालों के खिलाफ तरह-तरह की कार्रवाई शुरू हो गई। घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान, नारी वंदन, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के दावों के बावजूद गैंगरेप की घटना ने ठेंगा दिखाया है। खुलासा होने पर भाजपा के ही लोग अपराधी निकले।

सपा नेताओं के सवालों के जवाब में नेता सदन ने दो जून 1995 को मायावती के साथ घटित घटना और लड़कों से गलती होने के बयान का जिक्र करते हुए विपक्ष को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि 2017 से 21 दिसम्बर 2022 तक महिलाओं व बच्चियों के साथ घटित अपराधों में 21 हजार 872 अभियुक्तों को सजा दिलाई जा चुकी है। इसमें से 8630 को पाक्सो एक्ट में, 13217 को अन्य अपराध में, 1384 को आजीवन कारावास, 18 को मृत्युदंड और 135 अपराधियों को 10 साल से कम की सजा दी गई है। भाजपा सरकार में कोई भी अपराधी बच नहीं सकेगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। विधानसभा में दूसरे दिन दिवंगत विधायक व पूर्व विधायकों के निधन पर शोकसभा और श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोमवार को सरकार का बजट पेश होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के पूर्व व वर्तमान सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

बसपा ने उठाया शिक्षक भर्ती व पुरानी पेंशन का मामला

बसपा के सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का मुद्दा उठाया, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मामला न्यायालय में लंबित है, बावजूद समाधान करने के प्रयास किए जा रहें हैं। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों को विनियमितीकरण का मुद्दा उठाया। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया कि सेल बोर्ड अधिनियम 1982 में विनियमितिकरण का प्रावधान है। निर्दलीय राजबहादुर सिंह चन्देल व डॉ आकाश अग्रवाल ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराये जाने की मांग उठाई। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने नियम 110 के तहत आई पांच सूचनाएं सरकार को संदर्भित किया। अंत में सभापति सरोजनी अग्रवाल ने अपरान्ह 2.35 बजे सदन की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

मलिहाबाद के ट्रिपल मर्डर का मुद्दा उठा

विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू गैंगरेप समेत बढ़ते अपराधों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन एक दिन पहले दिन दहाड़े गोलियां बरसाकर लखनऊ के मलिहाबाद में हुई तीन लोगों की हत्या का मामला नहीं उठाना सवाल खड़ा करता है। जबकि हत्यारे सीसीटीबी कैमरे में कैद हुए हैं, जिसमें एक पुराना हिस्ट्रीशीटर 70 साल का लल्लन खान है। भाजपा का आरोप है कि हत्यारे सपा के चहेते हैं, इसलिए मुद्दा नहीं उठा रही है। डर लग रहा है कि कहीं मुद्दा उठाने पर अतीक जैसा हाल न हो जाए।

सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय से 39.35 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **जालसाज ने कंपनी का मैनेजर बन किस्तों के रूप में जमा कराये रुपये**

अमृत विचार: पूर्व मंत्री और रायबरेली के ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय के संग 39.35 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी का मैनेजर बन विधायक को झांसे में लिया। जमा किये गये रुपयों की रसीद नहीं मिलने पर विधायक कम्पनी के ऑफिस पहुंचे तो पता चला कि कोई भी किस्त भी नहीं जमा हुई है। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर कैंट पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

मनोज पांडेय।

पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायबरेली की ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दिलकुशा कालोनी स्थित उनके आवास पर जनवरी 2019 में एक शख्स मुलाकात करने आया था। खुद का परिचय पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लखनऊ के प्रबंधक रमाकांत पांडेय के रूप में दिया था। उसने कम्पनी के नये प्लान में 10 लाख सालाना किस्त जमा करने पर चार साल बाद 39.20 लाख और 5,37,554 रुपये बोनस मिलने की बात कही। यह भी कहा कि चार साल बाद रुपये निकालेंगे तो बोनस के साथ 63,23,980 रुपये मिलेंगे। झांसे में आकर विधायक ने फरवरी 2019 का दस लाख का चेक रमाकांत को सौंप दिया। कथित प्रबंधक ने उनकी बात सीए से कराई। सीए ने कहा कि प्लान मेल कर दीजिए, मैं विधायक को समझा दूंगा। विधायक ने तीन साल तक किस्त के रूप में 29,35,409 रुपये जमा किये। चौथी किस्त देने के चार माह बाद भी रसीद नहीं मिलने पर विधायक को ठगी का पता चला।

ओबरा सी की दूसरी इकाई से भी जल्द शुरू होगा बिजली उत्पादन

लखनऊ, अमृत विचार: ओबरा सी की 660 मेगावाट की निर्माणाधीन दूसरी इकाई से भी जल्द उत्पादन शुरू होगा। उत्पादन निगम के अधिकारी इसकी कवायद में जुटे हैं। इस परियोजना की पहली इकाई से बीते दिन कामर्शियल उत्पादन शुरू हो गया। इससे प्रदेश को 660 मेगावॉट की अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इससे प्रदेश की बिजली उत्पादन की क्षमता 7140 मेगावाट हो गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि जवाहरपुर और घाटमपुर परियोजना की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई से अप्रैल तक बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति व इसकी गुणवत्ता बनाये रखने के लिए संरचनागत ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही प्रदेश में बिजली की किल्लत खत्म होगी। उन्होंने बताया कि ओबरा सी की दूसरी इकाई से जून तक बिजली का उत्पादन शुरू होने की संभावना है।

कांग्रेस ने जारी की 46 लोस सीटों पर कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **मुरादाबाद में डा. युसुफ, बरेली में विपुल गुप्ता, खीरी में अनिल शुक्ला व अमरोहा में अतिफ हसन को दी गई जिम्मेदारी**

अमृत विचार : कांग्रेस ने प्रदेश की 46 लोकसभा सीटों पर कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी की है। इकलाख अहमद डेविड लखनऊ के कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

अन्य कोआर्डीनेटरों में मुरादाबाद सीट के लिए डा युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, लखीमपुर खीरी के लिए अनिल शुक्ला, सीतापुर के लिए आशुतोष मिश्रा, मिश्रिख सुरक्षित सीट के लिए मेराज वली खान, मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के लिए अमरेश पांडेय व अमेठी के लिए देवानंद मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सुल्तानपुर के लिए शुभम सिंह, कानुपर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी, झांसी के लिए दिनेश सिंह पटेल, बाराबंकी सुरक्षित सीट के लिए प्रज्ञा सिंह, अयोध्या के लिए मनोज तिवारी केकेसी, बहराइच सुरक्षित सीट के लिए चन्द्रशेखर मिश्रा व गोंडा के लिए चौधरी अखिलेश कोऑर्डीनेटर बनाये गये हैं। इसी तरह, मिर्जापुर के लिए अब्दुल मबूद खान, भदोही के लिए आनंद राय, वाराणसी के लिए चैधरी सतवीर सिंह, गोरखपुर के लिए कौशल त्रिपाठी, महाराजगंज के लिए राजीव पांडेय, संत कबीर नगर के लिए हृदय पांडेय व डुमरियागंज के लिए प्रभाकर द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। कैराना के लिए सोनू पठान, नगीना सुरक्षित सीट के लिए दिनेश अवाना, अमरोहा के लिए अतिफ हसन, गाजियाबाद के लिए सुभाष गांधी व अलीगढ़ के लिए सुभाष शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि कांग्रेस ने पूर्व में कुल 80 सीटों पर कोआर्डीनेटरों की सूची जारी की थी।

मेरठ में पुलिस अधिकारी पर हमले का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

मेरठ, अमृत विचार : जिले के कंकरखेड़ा में एक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) पर जानलेवा हमले केआरोपी को शनिवार को एक पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। पुलिस को अनुसार 4 जनवरी को एसआई मुनेश सिंह कसाना को उस समय गोली मार दी गई थी, जब वह लुटेरों का पीछा कर रहे थे। छाती में गोली लगने से घायल हुए कसाना को अब गाजियाबाद के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार देर शाम मुख्य आरोपी विनय वर्मा को कंकरखेड़ा में घेर लिया।

सार-संक्षेप

वोट का बिखराव रोकने के लिए लालकृष्ण आडवाणी को मिला भारत रत्न : अखिलेश यादव

लखनऊ, अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी को भारत रत्न दिये जाने के केन्द्र सरकार के फैसले को सपा के अखिलेश यादव ने वोट की राजनीति से जोड़ा है। शनिवार को उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन होने से भाजपा का वोट बैंक बिखरने लगा है। वोट के बिखराव को रोकने के लिए भाजपा हर हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कि इंडिया गठबंधन कमें सीटों का बंटवारा, जीत और सीट के आधार पर होगा।

भूखंड दिलाने के नाम पर 90 लाख की ठगी

नोएडा, एजेंसी : गौतमबुद्ध नगर जिले में कार्यालय के लिए भूखंड दिलाने के नाम पर कथित तौर पर 90 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि अदालत के आदेश पर नोएडा फेस-1 थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक नोएडा सेक्टर-44 निवासी आलोक कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह इंडक्टस लिमिटेड कंपनी के निदेशक हैं और नोएडा सेक्टर-2 में उनका कार्यालय है। कुमार के मुताबिक 2018 में उन्हें कार्यालय के लिए जमीन की तलाश थी तभी उनकी मुलाकात राकेश चौधरी और अमन चौधरी से हुई। आरोपियों ने उनकी पत्नी अनुराधा सिन्हा को बताया कि वे नोएडा सेक्टर-162 में 487 वर्ग गज जमीन के मालिक हैं और उक्त जमीन बेचना चाहते हैं। पीड़ित के मुताबिक जमीन के लिए उन्होंने कुल 90 लाख रुपये का भुगतान किया लेकिन आरोपियों ने संपत्ति के कागज नहीं दिए और जांच कराने पर जानकारी मिली कि उक्त जमीन उनके नाम पर नहीं है। पुलिस ने कुमार के हवाले से बताया कि आरोपियों ने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। कुमार के मुताबिक थाना में शिकायत दर्ज नहीं होने पर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। नोएडा फेस-1 थाना के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि मामले में अदालत के आदेश के बाद आरोपी राकेश चौधरी और अमन चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

राशन कार्ड वाले दिव्यांगों को मिलेगी पेंशन

गोरखपुर, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी ने दिव्यांगों को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगों के पास राशन कार्ड होगा, उन्हें पेंशन के साथ मकान भी दिया जाएगा। जल्द ही पेंशन की राशि बढ़ाई भी जाएगी। अफसरों को निर्देश दिया कि कोई भी दिव्यांग राशन कार्ड, आवास, पेंशन और शिक्षा से वंचित न रहे।

446 सरकारी चिकित्सकों की वेतन वृद्धि

लखनऊ, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में ढाई दशक की सेवाएं दे चुके 446 डॉक्टरों को शनिवार को विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन वेतन (एसएसीपी) मिल गई है। इनमें से 42 चिकित्सकों को सेवानिवृत्त होने के बाद एसएसीपी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने एसएसीपी लाभार्थियों की सूची जारी की है। सचिव ने बताया कि विभाग में कार्यरत 404 वरिष्ठ चिकित्सकों को 24 साल की सेवाएं पूरी करने के बाद मिलने वाले ग्रेड पे 8700 से 8900 की वेतन वृद्धि दी गई है। इसके अलावा 42 सेवानिवृत्त चिकित्सकों को उनके तय तिथि से वेतन बढ़ोत्तरी दी गई है। जिन्हें एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा, साथ ही पेंशन में भी बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही सेवारत चिकित्सकों को प्रतिमाह करीब पांच हजार रूपए वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा।

1540 नए मार्गों पर चलेंगी डबल डेकर बसें

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य में राजधानी समेत 14 जिलों में 1540 नए मार्गो पर परिवहन निगम की डबल डेकर बसें दौड़ेंगी। राज्यपाल की अनुमति के बाद परिवहन विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी शनिवार को परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर निजी बसें अनुबन्धित की जाएंगी। डबल डेकर बसों के चलने से ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलने के साथ ही सुखद अनुभव मिलेगा। प्रयास है कि यात्रियों को सेवाएं जल्द उपलब्ध हों।

वर्ग पहेली-332

बाएं से दाएं

1.1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।

3.1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।

5.1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध

7.1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े

8.1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

ऊपर से नीचे

2.1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति, बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।

3.1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।

4.1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।

6.1. जिसके संबंध में विवाद हो, विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी, निज़ाअ का।



वर्ग पहेली - 331 का हल

	1 छु				
	2 अ	भं	3 ज	न	
	न		न		
4 ख़ा			यि		5 झ
6 न	चि	7 के	ता		प
दा		वाँ			का
नी		8 च	चो	ड़	ना

सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			6				8	
	8	9			4			5
3			2			7		
	2			8	9			6
		7				3	9	
9				1			4	
		1			7			8
4			1			9	5	
	9				5			

सुडोकू - 48 का हल

7	6	5	9	3	1	2	4	8
9	4	3	6	2	8	1	5	7
8	2	1	5	7	4	3	9	6
5	9	6	8	1	3	7	2	4
3	7	4	2	5	9	8	6	1
1	8	2	7	4	6	9	3	5
4	3	7	1	6	2	5	8	9
6	1	9	3	8	5	4	7	2
2	5	8	4	9	7	6	1	3

मुख्यमंत्री ने सपा को बताया राम व आंबेडकर विरोधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कन्नौज

विकास योजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

▸▸ **कन्नौज में 59 और संतकबीर नगर में 114 परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण**

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तीन जिलों के दौरे में पूरी तरह चुनावी मूड में दिखे। कन्नौज में सपा को प्रभु राम और आंबेडकर विरोधी बताते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की सरकार होती तो, राममंदिर कभी नहीं बन पाता। आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। साथ ही यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को तीन जिलों के दौरे की शुरुआत कन्नौज से की। यहां में 352 करोड़ की 59 और संत कबीर नगर में 360 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही मगहर महोत्सव के समापन में शामिल हुए और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 600 नवविवाहित जोडों की शादी में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। जबकि गोरखपुर में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और उपकरण बांटा।

मुख्यमंत्री ने कन्नौज में अशोक नगर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार होती तो अयोध्या में कभी श्रीराम का भव्य मंदिर नहीं बन पाता। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर संचालित कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि सपा को न जाने क्यों बाबा साहेब से चिढ़ है। एक ओर सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं तो, दूसरी तरफ कन्नौज में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का तिरस्कार करते हैं। सपा वोट तो जाति के नाम पर लेती है, मगर काम केवल परिवार के लिए करती है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। कन्नौज के गौरवमयी इतिहास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने महाराज हर्षवर्धन को याद किया और कन्नौज की जनता को अयोध्या आकर श्रीराम मंदिर में दर्शन करने का निमंत्रण भी दिया। यहां के इत्र व्यापारियों को भी भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के लिए जनसेवा व्रत और संकल्प है।

आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान: मुख्यमंत्री

लखनऊ, अमृत विचार : भारत सरकार ने शनिवार को महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा की। इस निर्णय पर मुख्यमंत्री ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी। कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह न सिर्फ भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं, बल्कि देश व दुनिया में भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत भी हैं।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 17.49 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.22-17.06 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 07.21 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें। ध्यान और योग से आपको काफी लाभ मिलेगा। घर पर आपका ज्यादा मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।

वृष — आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा।

मिथुन — आज पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धी के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कर्क — आज धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।

सिंह — आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आपको फोकस करने में कुछ कठिनाई होगी।

कन्या — आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

तुला — आज धार्मिक कार्यों को लेकर आप सजग रहेंगे। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए सोच समझकर ही बात करें।

वृश्चिक — आज अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

धनु — आज शरीर के किसी अंग में दर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

मकर — आज अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

कुंभ — आज सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

मीन — आज चंचालता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
सल्तनत — सुबह : 10.00
सपूत — रात : 07.00

SONY MAX
नमस्ते लंदन — सुबह : 10.03
पीके — रात : 07.00

SONY PIX
दहेज — सुबह : 09.19
टर्मिनेटर 3 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
जयंतभाई की लव स्टोरी — सुबह : 10.30
कहानी 2 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
कच्चे लिंबु — दोपहर : 01.52
दोस्ताना — रात : 09.48

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

सेना दिवस पर जवानों ने दिखाया पराक्रम...

सेना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित भारतीय सेना प्रदर्शनी-शौर्य संध्या में एक सेना अधिकारी ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान लोगों ने जवानों के साहसिक करतबों की खूब प्रशंसा की। ● एजेंसी

मुंबई में 2.2 करोड़ की मेफेड्रोन के साथ 4 लोग गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने 2.2 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन के साथ दो नाइजीरियाई नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुंबई में अंधेरी पश्चिम के वर्सोवा में कथित तौर पर 2.04 करोड़ रुपये के मेफेड्रोन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि दोनों की पहचान महेंद्र चंद्र सिंह (40) और सैयद मुर्तुजा फहमी (37) के रूप में की। पुलिस ने कहा कि एक अन्य मामले में 17.40 लाख रुपये की मेफेड्रोन के साथ दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा-सिंह एक कैटरिंग कंपनी में सामान पहुंचाने का काम करता था। उसकी तलाशी में 2.04 करोड़ रुपये मूल्य की 1.02 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद की गई है।

गारंटी असहाय लोगों के लिए आखिरी उम्मीद

ओडिशा में प्रधानमंत्री ने 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी 'गारंटी' देशभर के 'असहाय लोगों की आखिरी उम्मीद' है और ओडिशा के लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य तथा इसके लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। वर्ष 2019 के बाद राज्य में अपनी पहली राजनीतिक रैली में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में लोगों का इस्तेमाल 'वोट बैंक' के रूप में किया, जबकि भाजपा सरकार आदिवासियों के विकास को महत्व दे रही और पिछले 10 वर्षों में उनके लिए बजट बढ़ाया गया है। मोदी ने कहा-यह भाजपा है जिसने ओडिशा की बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति के पद पर पहुंचाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में शनिवार को 68,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर के उद्घाटन के अलावा प्रधानमंत्री ने ऊर्जा, सड़क और रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा-आज ओडिशा के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि लगभग 70,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

संबलपुर में आईआईएम परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रघुबर दास, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक। ● एजेंसी

कहा-मोदी की गारंटी गारंटियों की गारंटी है

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी (मोदी की) गारंटी-गारंटियों की गारंटी है। मोदी ने ओडिशा के विकास में अपनी सरकार के योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान चार करोड़ गरीब परिवारों को 'पक्के घर' उपलब्ध कराए गए हैं और लोगों को दो करोड़ पक्के घर देने के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। ओडिशा के करीब 25 लाख लोगों को पक्के घर मिल चुके हैं। कहा-जिनके पास पक्के घर नहीं हैं उन्हें भी जल्द पक्के घर मिलेंगे।

एक नजर

बंगाल में कर्मचारियों यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

मालदा। पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है। लोको पायलट ने आपातकालीन ब्रेक का इस्तेमाल करके ट्रेन को रोका।

कोर्ट ने मकोका के तीन आरोपियों को किया बरी

ठाणे। ठाणे जिले की एक अदालत ने जघन्य अपराधों में संलिप्तता के आरोप में कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में तीन लोगों को बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश अमित शेटे ने शुक्रवार को आरोपी प्रकाश दशरथ धन्वा (26), मिलिंद शंकर धन्वा (25) और दशरथ टंडेल (52) को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित नहीं कर पाया। तीनों के खिलाफ पालघर जिले के वाडा, मनोर, विरार, तुलिंज, और बोईसर पुलिस थाना की सीमा में हत्या के प्रयास में मकोका लगाया गया था।

नीतीश ने गृह विभाग अपने पास रखा, वित्त और स्वास्थ्य विभाग भाजपा के हिस्से में

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नए मंत्रिमंडल में विभागों का आवंटन करते हुए गृह विभाग अपने पास रखा जबकि वित्त विभाग भाजपा को दिया है। एक अधिसूचना के अनुसार, गृह के अलावा कुमार ने कैबिनेट सचिवालय, चुनाव, सतर्कता, सामान्य प्रशासन जैसे प्रमुख विभाग भी अपने पास रखे हैं। साथ ही किसी और को आवंटित नहीं किए गए अन्य सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त व स्वास्थ्य विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

शिवसेना नेता की स्थिति नाजुक, विपक्ष का शिंदे पर निशाना

ठाणे, एजेंसी

▸▸ भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता को मारी थी गोली

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा गोली चलाने के बाद शिवसेना के एक नेता को कई गोलियां लगीं और उनकी हालत नाजुक है। इसके बाद विपक्ष ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की।

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं कि विधायक ने किस कारण से और किन परिस्थितियों में गोली चलाई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड पर गोलियां चलाईं थीं।

मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है : खरगे

ब्यूरो, नई दिल्ली

▸▸ कांग्रेस अध्यक्ष ने न्याय संकल्प रैली में साधा निशाना

अमृत विचार: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां शनिवार को कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और अगर यह संघर्ष विफल रहा तो मोदी सरकार के तहत लोगों को नुकसान होगा। 'न्याय संकल्प सम्मेलन' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे हमले किए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने और देश में पैदा हुए काले धन को वापस लाने के अपने वादों को पूरा नहीं किया।

खरगे ने कहा-मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है। उन्होंने प्रधान मंत्री पर देश पर अपने विचार थोपने और सत्ता हासिल करने के लिए सभी को दंडित करने" की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कांग्रेस की ओर से राहुल को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा निकालने का उनका फैसला शायद पार्टी में किसी भी नेता द्वारा उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है। वह युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब लोगों सहित सभी के लिए न्याय मांग रहे हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों और ठंड के बावजूद वह यात्रा निकाल रहे हैं। वह भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। यदि आप इस लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने में विफल रहते हैं, तो आप मोदी के गुलाम बन जाएंगे।

खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ है। वे देश को खत्म करना चाहते हैं और गरीबों को अलग करना चाहते हैं। कांग्रेस को भाजपा की विभाजनकारी नीति के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए हर घर में जाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेसियों सहित देश में जो भी व्यक्ति समझदारी की बात करता है, उस पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए देश के लोगों और विपक्षी दलों को "डराना" चाहती है।

झारखंड विस में विश्वास मत में भाग ले सकेंगे हेमंत सोरेन

रांची, एजेंसी

▸▸ रांची की एक विशेष अदालत ने दी है अनुमति

रांची की एक विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच फरवरी को राज्य विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दे दी। धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए हेमंत सोरेन ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में हेमंत ने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार के विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति मांगी थी।

अदालत ने शुक्रवार को सोरेन को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। सोरेन ने अदालत के समक्ष दलील दी कि वह विधानसभा के सदस्य हैं और उन्हें विशेष सत्र में भाग लेने का अधिकार है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता (हेमंत सोरेन) अर्जी दायर कर इस अदालत से एक आदेश का अनुरोध कर रहा है, ताकि उन्हें झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने और पांच फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे होने वाले विश्वास मत की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जा सके।'' चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार को पांच फरवरी को सदन में बहुमत साबित करने के लिए विश्वास मत हासिल करना है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई ने मुख्यमंत्री का पद संभाला था। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि ईडी ने याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई। रंजन ने कहा-हमने कहा कि मामला अब उजागर हो चुका है और ईडी का उद्देश्य कोई जांच करना नहीं, बल्कि नयी सरकार के गठन में बाधा डालना या सरकार गिराना है।

अदालत से संजय सिंह को राहत, राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की दी अनुमति

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद श्री सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया। आप सांसद ने शुक्रवार को अदालत से संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि अदालत ने आज उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और श्री सिंह को हालांकि दिल्ली शराब घोटाले मामले में अदालत से राहत नहीं मिली है। दरअसल अदालत ने दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत अब 17 फरवरी तक बढ़ा दी है। इससे पहले 20 जनवरी को दिल्ली अदालत ने आप के दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत को तीन फरवरी तक बढ़ा दी थी। 'आप' के दोनों नेताओं को शराब घोटाले में न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था।

ममता ने श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरण की घोषणा की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी, जिनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बनर्जी ने शुक्रवार को शहर में बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने 48 घंटे का धरना शुरू किया और केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए " बकाया राशि" जारी करने की मांग की। बनर्जी ने धरनास्थल से घोषणा की, हमें भाजपा से भीख नहीं मांगनी है और न ही भाजपा की भीख चाहिए। 21 फरवरी तक हम उन 21 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में पैसे अंतरित कर देंगे, जिन्हें पिछले तीन साल से काम करने के बाद भी मनरेगा का पैसा नहीं मिला है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-1865, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1435, सचिन 1420, सूरज 1460, अवसर 1500, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती 1 किलो, 5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9900-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14200, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

6.7% रहेगी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2024-31 तक के लिए जताई उम्मीद

कोलकाता, एजेंसी

क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी।

एजेंसी के मुताबिक यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दे रही है।

क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद, अगले वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ब्याज दर के मोर्चे पर सतर्क रहेगा, क्योंकि उसकी नजर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाने पर रहेगी।

इंजीनियरिंग उद्योग 2030 तक निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को उत्साहित

नई दिल्ली। देश के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र ने शनिवार को कहा कि यह क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं और 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित और इस क्षेत्र के बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से इस उद्योग का विश्वास बढ़ा है। श्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में उद्घाटन किया था और प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। ईईपीसी की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के उत्साहजनक शब्दों के बाद निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र उद्योग में पीएम के विश्वास से उत्साहित है और उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। श्री गरोडिया ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कल्पना की है कि भारत एक विकसित देश बनने के लिए पूरी तरह तैयार है और इंजीनियरिंग क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गरोडिया ने कहा-जैसा कि देश के गतिशीलता क्षेत्र में परिवर्तन चल रहा है, इंजीनियरिंग क्षेत्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपना रहा है कि भारत उद्योग 4.0 में दुनिया का नेतृत्व करे। इंजीनियरिंग क्षेत्र भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का किया शुभारंभ

खूंटी/रांची। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी, झारखंड में पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुंडा ने कहा कि यह मेला देश के पूर्वी क्षेत्र के किसानों के लिए काफी लाभदायक होगा, जिसकी सार्थकता खेतों में नजर आएगी। केंद्र सरकार की कोशिश है कि हर राज्य खेती में आत्मनिर्भर बने और हमारे किसानों की आय बढ़े। किसानों को गर्व से यह कहने का मौका मिले कि हम किसी के मोहताज नहीं हैं, बल्कि हम मजबूत हैं और हमारे माध्यम से हमारा देश भी सशक्त है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, रांची के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र, तोरपा, खूंटी में आयोजित इस मेले में पूर्वी राज्यों के हजारों किसान शामिल हुए हैं।

पीएलआई योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले-उद्योगों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी अहम

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि उद्योग के लिए आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

उन्होंने पीएलआई प्रोत्साहन का लाभ पाने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया" साझा करने को कहा। उन्होंने कहा-यह विचार भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनाने का है और आगे एक लंबी यात्रा तय करनी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित 1,200 से अधिक हितधारक यहां 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। गोयल ने कहा-इन प्रोत्साहनों को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक शुरुआत की तरह है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना केवल आपको शुरुआत में थोड़ा सा बढ़ावा देने के लिए है और कृपया इसे प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें, (क्योंकि) आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,500
गिन्नी (प्रति नग)	48,050-48,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,250
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,350
चांदी आभूषण	73,000।

एक राष्ट्र, एक चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ ने जताया समर्थन

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक साथ चुनाव कराने के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर चुनावी चक्र एक हो जाएंगे।

सीआईआई ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव (ओएनओई) पर उच्च स्तरीय समिति के सामने अपने विचार रखे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में ओएनओई पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी पांचवीं बैठक की। उद्योग निकाय ने कहा कि सीआईआई का विचार चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के आर्थिक लाभों पर आधारित है, जिससे शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसने कहा कि बार-बार चुनावों से नीति निर्माण और प्रशासन में व्यवधान होता है, जिससे सरकार की नीतियों के बारे में अनिश्चितता पैदा होती है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जीता एशिया का इश्यूअर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमि. को 2023 के लिए आईएफआर एशिया के इश्यूअर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कई बाजार चुनौतियों पर काबू और धन संग्रह के बड़े सौदों में अधिक मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए दिया गया। इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिव्यू (आईएफआर) निश्चित आय, पूंजी बाजार और निवेश बैंकिंग समाचार, विश्लेषण के लिए विश्व स्तर पर प्रमुख वित्तीय प्रकाशन है। आईएफआर ने कहा कंपनी ने बड़े सौदों से इष्टतम मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए वित्तपोषण को संतुलित किया है।

धनशोधन की चिंताओं के चलते आरबीआई को लगाना पड़ा पेटीएम बैंक पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ऑडिट रिपोर्ट में नियमों के गैर अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी मिली थीं गड़बड़ियां

धन शोधन संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है।

रामकुमार-बालाजी ने पाकिस्तान पर दिलाई 2-0 से बढ़त

डेविस कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत, युकी भांबरी और साकेत के मैच आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के मैचों में जीत दर्ज कर शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए। रामकुमार ने ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3), 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने दोनों सेट में एक-एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।

रामकुमार रामनाथन। ● एजेंसी

राम और क्राजिसेक ने अमेरिका को दिलाई अजेय बढ़त

विनियस (लिथुआनिया)। राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर बेस्ट ऑफ फाइव क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शुरुआत दिलाई थी। कोर्ड ने क्रुतिख को 6-3, 6-7, 6-4 से, जबकि यूबैंक्स ने व्याचेस्लाव बिलिंस्की को 6-3, 6-2 से हराया था। फ्रिट्ज ने शुक्रवार को वापसी करते हुए ओर्लोव व्लादिस्लाव को 6-3, 6-4 से हराकर अमेरिका की बढ़त को 4-0 कर दिया। नोवाक जोकोविच के बिना खेल रही मेजबान सर्बिया की टीम स्लोवाकिया से 0-2 से पिछड़ रही है। एलेक्स मोल्कन ने दुसान लाजोविच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में लुकास क्लेन ने मायोमीर केकमानोविच को हराया।

साई सुदर्शन के शतक से भारत ए ने खड़ा किया रनों का पहाड़

अहमदाबाद, एजेंसी

साई सुदर्शन के शानदार शतक से भारत ए शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

इंग्लैंड लायंस ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाए 83 रन

सुदर्शन ने 240 गेंद में 117 रन की पारी खेली, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 409 रन बनाकर कुल 402 रन की विशाल बढ़त हासिल की। जीत के लिए 403 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस ने स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड को मैच जीतकर श्रृंखला बराबर करने के लिए अंतिम दिन 320 रन और बनाने होंगे।

मेजबान टीम अभी श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए हुए है। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 148 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। सुदर्शन ने 54 रन की पारी को शतक में बदला।

रिंकू सिंह ने 25 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। रिंकू और सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई। सुदर्शन ने फिर कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।

पिछले टेस्ट मैच में महज 3 रन से शतक लगाने से चूक गए थे साई सुदर्शन

तमिलनाडु के 22 साल के खिलाड़ी सुदर्शन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पिछले टेस्ट में 97 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में वह अर्धशतक को शतक में तब्दील करने से नहीं चूके, उन्होंने पारी में 16 चौके जड़े थे। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन पांच पारियों में महज एक अर्धशतक जड़ सके हैं। सारांश जैन (63) और आकाश दीप (31) ने आठवें विकेट के लिए 60 रन जोड़कर भारत ए को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। जैन ने फिर गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए फॉर्म में चल रहे कीटन जेनिंग्स (27) और ओलिवर प्राइस (11) के विकेट झटक लिए।

यशस्वी जायसवाल ने बल्ले, बुमराह ने गेंद से इंग्लैंड पर बरसाया कहर

पहली पारी में भारत ने बनाए 396 रन, जवाब में 253 पर सिमटी इंग्लैंड की पूरी टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बुमराह ने 45 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर कुल 171 रन की बढ़त हासिल कर ली। कप्तान रोहित शर्मा 13 और यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के जैक क्राउली ने आक्रामक शुरुआती की। वह 78 गेंद में 76 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। इस मैच में बुमराह ने कॅरिअर में 10वीं बार पांच विकेट झटकने के साथ टेस्ट में 150 विकेट का आंकड़ा छुआ। वह वकार यूनुस के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई गेंदबाज है। जो रूट (पांच), ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (47) को बुमराह ने अपनी चतुराई से चकमा देकर आउट किया। बुमराह को कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 3 विकेट लिए। कुलदीप ने बेन डकेट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

हालांकि मुकेश कुमार के खिलाफ इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाए। भारतीय टीम तीसरे दिन ऐसे स्कोर तक पहुंचना चाहेगी जिसे हासिल करना इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल हो। पिच से अब असामान्य उछाल मिल रहा है और ऐसे स्थिति में बैजबॉल क्रिकेट खेलने वाली इंग्लैंड के लिए 400 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।

209 रन की पारी खेली यशस्वी जायसवाल ने

6 विकेट लेकर बुमराह ने तोड़ी इंग्लैंड की कमर

दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद पर 209 रन बनाए। इससे पहले विनोद कांबली ने 1993 में 22 साल से कम उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली से पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।

मुश्किलों भरा रहा यूपी के यशस्वी की कामयाबी का सफर

उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले यशस्वी जायसवाल की जिंदगी मुश्किलों से भरी रही है। वह 11 साल की उम्र में आजाद मैदान में प्रशिक्षण लेने के लिए भदोही से मुंबई पहुंचे थे। वहां गुजारा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम किए। यहां तक की सड़क किनारे पानी पूरी भी बेची। प्राशिक्षण के शुरुआती सालों में आजाद मैदान के कर्मियों के साथ तंबू में रहे। यशस्वी 2020 में अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में आए। उसी साल राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की नीलामी में उन्हें टीम से जोड़ा। उन्होंने आईपीएल में 37 मैचों में 1172 रन बनाए है। जायसवाल ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 17 मैचों में 502 रन बनाए हैं।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड			253/10 (55.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का अय्यर बो अक्षर	76	78	11/2
बेन डकेट का पाटीदार बो कुलदीप	21	17	4/0
ऑली पोप बो बुमराह	23	55	2/0
जो रूट का गिल बो बुमराह	5	10	1/0
जॉनी बेयरस्टो का गिल बो बुमराह	25	39	4/0
बेन स्टोक्स बो बुमराह	47	54	5/1
बेन फोक्स बो कुलदीप	6	10	1/0
रेहान अहमद का गिल बो कुलदीप	6	15	1/0
टॉम हार्टले का गिल बो बुमराह	21	24	2/1
जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह	6	19	1/0
शोएब बशीर नाबाद	8	15	1/0

अतिरिक्त : 9, **कुल :** 55.5 ओवर में ऑल आउट : 253 रन, **विकेट पतन :** 1-59, 2-114, 3-123, 4-136, 5-159, 6-172, 7-182, 8-229, 9-234, **गेंदबाजी :** बुमराह 15.5-5-45-6, मुकेश 7-1-44-0, कुलदीप 17-1-71-3, अश्विन 12-0-61-0, अक्षर 4-0-24-1

भारत			396/10 (112 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का बेयरस्टो बो एंडरसन	209	290	19/7
रोहित शर्मा का पोप बो बशीर	14	41	0/0
शुभमन गिल का फोक्स बो एंडरसन	34	46	5/0
श्रेयस अय्यर का फोक्स बो हार्टले	27	59	3/0
रजत पाटीदार बो रेहान	32	72	3/0
अक्षर पटेल का रेहान बो बशीर	27	51	4/0
श्रीकर भरत का बशीर बो रेहान	17	23	2/1
अश्विन का फोक्स बो एंडरसन	20	37	4/0
कुलदीप यादव नाबाद	8	42	0/0
जसप्रीत बुमराह का रूट बो रेहान	6	9	1/0
मुकेश कुमार का रूट बो बशीर	0	3	0/0

अतिरिक्त : 02, **कुल :** 112 ओवर में ऑल आउट : 209 रन, **विकेट पतन :** 1-40, 2-89, 3-179, 4-249, 5-301, 6-330, 7-364, 8-383, 9-395, **गेंदबाजी :** एंडरसन 25-4-47-3, रूट 14-0-71-0, हार्टले 18-2-74-1, बशीर 38-1-138-3, रेहान 17-2-65-3

खेल डायरी

मेस्सी-बार्सिलोना के बीच करार का नैपकिन होगा नीलाम

लंदन। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ कॅरिअर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3.15 करोड़ रुपये) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इसके लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी।

अस्मिता थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारीं

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का सफर महिला एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की अस्मिता को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 21-13, 21-12 से हराया। सुपानिडा ने पहले गेम में 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद अस्मिता को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6-7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। सुपानिडा ने अगले 10 में से 9 अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

विश्व चैंपियनशिप के लिए आरती ने किया क्वालीफाई

पुणे। भारतीय शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड में होने वाली बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी आरती महिला एकल एसयू-5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता था। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल में 7 कांस्य पदक जीते हैं।

भारत की श्रीवल्ली और जील देसाई ने किया उलटफेर

मुंबई। भारत की श्रीवल्ली भामिदिपति ने शनिवार को डब्ल्यूटीए टूर पदार्पण करते हुए मुंबई ओपन के पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में यूनान की वालेनटिनी ग्रामाटिकोपोलू को हराकर उलटफेर किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली जील देसाई ने भी यूनानी खिलाड़ी साफो साकेलारिडी को हराकर बाहर किया। श्रीवल्ली ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 117वीं विश्व रैंकिंग पर काबिज वालेनटिनी को 6-3, 6-2 से पराजित किया। जील देसाई ने साफो पर 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। गैर वरीय वैदेही चौधरी भी प्रतिद्वंद्वी चौथी वरीय देजाना रादानोविच के रिटायर्ड हर्ट होने पर दूसरे दौर में पहुंच गईं। मधुरिमा सावंत और समीक्षा श्राफ अगले दौर में नहीं पहुंच सकीं।

मुंबई ओपन

नेपाल की टीमों की ट्रेनिंग में मदद करेगा बीसीसीआई

नई दिल्ली। बीसीसीआई करीब एक दशक से अफगानिस्तान क्रिकेट की मदद करता रहा है और अब नेपाल के खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचे और ट्रेनिंग संबंधित सहायता देने के लिए तैयार है। संभावना है कि नेपाल की सीनियर राष्ट्रीय टीम जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले दिल्ली में ट्रेनिंग कर सकती है और कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकती है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने शुक्रवार को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की। उन्होंने अपने देश के उभरते क्रिकेटरों मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। सीएएन के मुताबिक बीसीसीआई सचिव ने उनसे एक आधिकारिक मसौदा तैयार करने को कहा कि वे बीसीसीआई से किस तरह की मदद की उम्मीद करते हैं।

विराट कोहली की वापसी पर संदेह केएल राहुल के फिट होने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

विराट कोहली की इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी मैचों में वापसी पर संदेह है। कोहली इस समय देश से बाहर हैं। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर या बीसीसीआई के अधिकारी उनसे बात करेंगे ताकि पता चल सके कि वह टीम में शामिल होने की स्थिति में हैं या नहीं। बताया जा रहा है कि कोहली का टेस्ट से बाहर होने का व्यक्तिगत कारण उनके दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार है जिसका खुलासा उनके करीबी मित्र और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर किया है। डिविलियर्स ने कहा कि कोहली ने ब्रेक लेकर बिल्कुल सही किया है। उनके दूसरे बच्चे का जन्म होने वाला है। यह परिवार का समय है।

डिविलियर्स ने किया खुलासा कहा- जल्द ही दूसरे बच्चे के पिता बनने वाले हैं विराट कोहली

सलीमा टेटे ने 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला

भुवनेश्वर, एजेंसी। कलिंगा हॉकी स्टेडियम पर शनिवार को 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रही सलीमा टेटे को हॉकी इंडिया ने बधाई दी है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग में चीन के खिलाफ सलीमा भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। सलीमा ने 2016 में पदार्पण किया था। झारखंड की सलीमा ने 19 साल की उम्र में ओलंपियन का रुतबा हासिल किया। उन्हें एशिया कप 2022 के टूर्नामेंट की उभरती हुई खिलाड़ी नामित किया गया। वह हांगजाऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा थीं। उन्हें 2023 में एएचएफ एथलीट राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके अलावा कई उपलब्धियां उनके नाम हैं।

आर्यन और करन ने रणजी में ठोका दोहरा शतक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी और असम के बीच रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को यूपी टीम ने आर्यन जुयाल और करन शर्मा के दोहरे शतकों की बदौलत 8 विकेट पर 548 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जवाब में असम ने 39 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए।

548 रनों के जवाब में असम ने बिना नुकसान के बनाए 116 रन

आर्यन जुयाल और करन शर्मा।

दूसरे दिन यूपी ने 319 रनों से आगे खेलना शुरू किया। आर्यन जुयाल 278 गेंदों पर 201 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन और करन शर्मा के बीच 298 रनों की साझेदारी हुई। चौथा विकेट कप्तान नितीश राणा का गिरा। लंच तक यूपी ने 4 विकेट के नुकसान पर 474 रन बना लिए थे। पांचवां विकेट अकाशदीप (53) का गिरा। इसके बाद एम दत्ता की गेंद पर समीर रिजवी अभिषेक को कैच देकर चलते बने। सातवां विकेट करन शर्मा का गिरा। करन ने 300 गेंदों पर 21 चौके व दो छक्के की मदद से 208 रन बनाए। 128.3 ओवर में एम दत्ता की गेंद पर शिवम शर्मा (3) के आउट होते ही यूपी ने पारी घोषित कर दी। जवाब में असम की भी शुरुआत अच्छी रही। परवेज मुशर्रफ (53), राहुल हजारिका (51) रन पर खेल रहे हैं। असम के गेंदबाज एम दत्ता ने 4, राहुल सिंह ने 3, मुख्तार हुसैन ने एक विकेट लिया।

मार्च में रिलीज होगी करीना, तब्बू और कृति की द क्रू

अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म द क्रू 29 मार्च में रिलीज होगी। फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन लीड रोल में हैं। मेकर्स ने रिलीज डेट का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। इसमें करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस की पोशाक में दिख रही हैं। तीनों एयरपोर्ट की एक गैलरी में चलते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, देवियों और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन बोल रहा हूं। आज की फ्लाइट में आपका स्वागत है। हमारा क्रू आपका बहुत ख्याल रखेगा, लेकिन आपसे एक अनुरोध है कि अपनी चोली कसकर पकड़ लें ताकि दिल बाहर ना गिर जाए। वीडियो के आखिरी में द क्रू की रिलीज डेट 29 मार्च बताई गई है। करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपनी कमर कस लें, अपना पॉपकॉर्न तैयार करें, और परोसने के लिए तैयार हो जाएं। द क्रू मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करीना ने कैप्शन में रिया कपूर, कपिल शर्मा और एकता कपूर को भी टैग किया और बताया कि फिल्म में इनकी स्पेशल अपीयरेंस होगी।

फराह खान ने की शोएब इब्राहिम के एक्ट की तारीफ

कोरियोग्राफर फराह खान ने शोएब इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा कि आपके परफॉर्मेंस से लगता है जैसे मुझे ओम शांति ओम पार्ट 2 की कहानी मिल गई है। इस वीकेंड, सोनी पर रियलिटी शो झलक दिखला जा में जूही चावला के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों पर प्रतियोगियों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली डांस परफॉर्मेंस दी जाएगी।

भूल भुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता, शरवरी की एंट्री

साल 2022 में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को लोगों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। इसके बाद मेकर्स ने इसके तीसरे भाग को बनाने का फैसला किया। फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन का नाम शुरुआत से फाइनल कर दिया गया था लेकिन अभिनेत्री को लेकर लगातार अलग-अलग खबरें आ रही हैं। पहले कहा गया कि फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जगह सारा अली खान नजर आएंगी। अब ताजा रिपोर्ट है कि फिल्म में शरवरी वाघ की एंट्री हो गई है। दरअसल कार्तिक आर्यन और शरवरी वाघ को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से खबरें आने लगीं कि भूल भुलैया 3 में कियारा आडवाणी और सारा अली खान नहीं बल्कि शरवरी वाघ नजर आएंगी। हालांकि निर्माता की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

शरवरी वाघ ने 2015 में फिल्म प्यार का पंचनामा में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कॅरिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कुछ फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। शरवरी वाघ ने साल 2021 में फिल्म बंटी और बबली 2 से अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत की। वहीं कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 के अलावा चंदू चैंपियन, आशिकी 3 और कैप्टन इंडिया जैसी फिल्में कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे।

कार्तिक आर्यन आंखों में सितारे लेकर मुंबई आने वाले लोगों के सच्चे प्रतिनिधि : मनोज बाजपेयी

अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म सत्यप्रेम की कथा में सत्तू के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक) का अवॉर्ड मिलने पर कार्तिक आर्यन की तारीफ की। वहीं जब मनोज बाजपेयी को अवॉर्ड मिला तो उन्होंने यह अवॉर्ड खासतौर से कार्तिक आर्यन को समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा प्रतिनिधि बताया और अपना अवॉर्ड भी उन्हें समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कहा कि कार्तिक अपनी आंखों में सितारे लेकर बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं और इसे सरासर लचीलापन, बुद्धिमत्ता और पूर्ण समर्पण के साथ बनाते हैं। इसलिए निर्देशक द्वारा धन्यवाद देने से पहले, वह उनका और उन जैसे सभी अभिनेताओं को धन्यवाद देता हैं, जो इतना साहस जुटा रहे हैं। जो इस बड़ी सिटी मुंबई आए हैं और दरवाजा खुलने तक हर समय जोर-जोर से दरवाजा खटखटाते रहते हैं, जब तक वह खल न जाए।

अक्षय कुमार के गाने शंभू का टीजर रिलीज



अभिनेता अक्षय कुमार के नए गाने शंभू का टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो शंभू का टीजर जारी किया है। टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में तांडव करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गाने की रिलीज डेट 5 फरवरी बताई है। अक्षय कुमार ने जय महाकाल लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है। अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे है, जबकि संगीत विक्रम मोंट्रोस ने दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

भारतीय मूल के वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की सीनेट में भारतवंशी वरुण घोष नामित किए गए हैं। वह अगले सप्ताह सीनेट में अपनी जिम्मेदारी संभाल लेंगे। लेबर पार्टी ने आधिकारिक रूप से उन्हें पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है।

पश्चिमी आस्ट्रेलिया संसद की संयुक्त बैठक में गुरुवार को 38 वर्षीय वरुण का चयन किया गया। फ्रैंसिस बर्ट चैंबर्स में बैरिस्टर वरुण वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डॉडसन का स्थान लेंगे। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विस ने एक्स पर यह घोषणा की है, विस और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए वरुण घोष को चुना है। नौवें दशक में भारत से में आकर बस गए थे।

सर्वोच्च नागरिक सम्मान है भारत रत्न

भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान 2 जनवरी 1954 को स्थापित किया गया था। तब से यह सम्मान 'मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र' में योगदान के लिए 26 जनवरी को दिया जाता है। भारत रत्न के लिए सिफारिशें प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को की जाती हैं। इसमें प्रति वर्ष अधिकतम 3 व्यक्तियों को पुरस्कार देने का प्रावधान है। सम्मानित व्यक्ति को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाण पत्र) और एक पीपल के पत्ते के आकार का पदक मिलता है। यह सम्मान 13 जुलाई 1977 से 26 जनवरी 1980 तक निलंबित भी किया गया था।

सम्मान के बाद मिलता है इतना कुछ

- पीपल के पत्ते के आकार का पदक।
- भारत के राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाणपत्र)।
- कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा, जबकि किसी राज्य में जा रहे हैं तो राज्य अतिथि का दर्जा।
- स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हो सकते हैं।
- भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को हवाई जहाज (एग्जीक्यूटिव क्लास), ट्रेन और बस में निशुल्क यात्रा की छूट।
- राजनयिक पासपोर्ट का अधिकार।
- भारतीय वरीयता क्रम में सातवें स्थान पर रखा गया और राज्य सरकारें विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं।

3 विभूतियों को एक साथ मिला था सम्मान

आजाद भारत के पहले गवर्नर-जनरल और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी राजगोपालाचारी, दूसरे राष्ट्रपति और भारत के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा नोबेल पुरस्कार विजेता और भौतिक वैज्ञानिक सीवी रमन को 1954 में एक साथ सम्मानित किया था। उस समय राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे। 48 व्यक्तियों को यह सम्मान मिल चुका है। शुरुआत में यह सम्मान सिर्फ जीवित व्यक्तियों के लिए था, लेकिन 1955 में नियमों में सुधार किया गया।

मिलता है वीआईपी का दर्जा

भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति वीआईपी में शामिल होता है। प्रोटोकॉल में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा स्पीकर, कैबिनेट मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता के बाद जगह मिलती है। भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को राशि नहीं मिलती, लेकिन कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा मिलता है।

50वां भारत रत्न

वर्ष 2024 में केंद्र सरकार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने के फैसला किया। अब यह पुरस्कार पाने वालों की संख्या 50 हो गई है।

अब तक इन महान विभूतियों को मिल चुका है भारत रत्न

- **1954** में पहली बार साल पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन, डॉक्टर चंद्रशेखर वेंकट रमन,और स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को।
- **1955** में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और डॉ. भगवान दास।
- **1957** में पंडित गोविंद वल्लभ पंत को यह सम्मान दिया गया था।
- **1958** में डॉ. धोंडो केशव कर्वे को यह सम्मान मिला।
- **1961** में पुरुषोत्तम दास टंडन, बिधान चंद्र रॉय को।
- **1962** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को।
- **1963** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ जाकिर हुसैन को।
- **1963** में डॉ. पांडुरंग वामन काणे।
- **1966** में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को मरणोपरांत।
- **1971** में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी।
- **1975** में वीवी गिरी को।
- **1976** में के.कामराज को मरणोपरांत मिला।
- **1980** में सामाजिक कार्यकर्ता मदर टेरेसा को।
- **1983** में आचार्य विनोवा भावे को मरणोपरांत।
- **1987** में खान अब्दुल गफ्फार खान।
- **1988** में मनिदुर गोपालन रामचन्द्रन को मरणोपरांत।
- **1990** में दक्षिण अफ्रीका के डॉ. नेल्सन रोलीहलाहला मंडेला, डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर (मरणोपरांत)।
- **1991** में पूर्व प्रधानंत्री राजीव गांधी (मरणोपरांत), मोरारजी रणछोड़जी देसाई, सरदार वल्लभभाई पटेल (मरणोपरांत) को।
- **1992** में सत्यजीत रे को मरणोपरांत, जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (मरणोपरांत) को।
- **1997** में अरुणा आसफ अली (मरणोपरांत), गुलजारी लाल नंदा (मरणोपरांत) और पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम आजाद को।
- **1998** में मदुरै शन्मुखवदिवु सुब्बालक्ष्मी, चिदम्बरम सुब्रमण्यम, गोपीनाथ बोरदोलोई (मरणोपरांत)।
- **1999** में जयप्रकाश नारायण (मरणोपरांत), प्रो अमर्त्य सेन, पंडित रविशंकर को।
- **2001** में उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, सुश्री लता दीनानाथ मंगेशकर को।
- **2009** में पंडित भीमसेन गुरुराज जोशी को।
- **2014** में भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज सचिन रमेश तेंदुलकर, प्रोफेसर चिंतामणि नागेसा रामचन्द्र राव को।
- **2015** में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) को।
- **2019** में भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, डॉ. भूपेन्द्र कुमार हजारिका (मरणोपरांत), नानाजी देशमुख (मरणोपरांत) को।

एक नजर

तुर्किये ने आईएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया

अंकारा। तुर्किये ने आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को आइएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया है। तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पोस्ट पर जानकारी देते हुए कहा कि ये सभी संदिग्ध ऑपरेशन केज-35 के अंतर्गत पकड़े गए हैं। सभी विदेशी नागरिक हैं। ये इंटरपोल नोटिस के तहत वांटेड थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कई पिस्टल भी बरामद किए हैं।

अर्जेंटीना में सब्सिडी कटौती के विरोध में लोगों ने किया उग्र प्रदर्शन

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधार मुहिम के विरोध में जनता सड़कों पर है। शुक्रवार को प्रदर्नकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाई। इस झड़प में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रपति जेवियर ने पद संभालते ही अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो का मूल्य 50 फीसदी से अधिक कम कर दिया। राष्ट्रपति जेवियर का कार्यकाल शुरू होने के दो महीने बाद से ही देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी दो आरोपियों को हिरासत में लिया

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कथित करीबियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारों को छिपाने में मदद की थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि मनदीप सिंह उर्फ छोटा मणि को मनीमाजरा के गोबिंदपुरा से उसके एक साथी जतिंदर सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से 12 कारतूस और दो पिस्तौल भी बरामद की गई है। उन्होंने कहा दोनों आरोपी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे और उनका आपराधिक इतिहास है।

चिली में जंगल की आग आबादी वाले इलाके में फैली, 19 की मौत

सैंटियागो (चिली)। मध्य चिली के जंगलों में लगी भीषण आग घनी आबादी वाले हिस्सों में फैल गई है। आग की लपटों से 19 लोगों की मौत हो गई और एक हजार से अधिक घर जलकर खाक हो गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि वर्तमान में देश के मध्य और दक्षिण के 92 जंगल आग की चपेट में हैं, जहां इस सप्ताह तापमान असामान्य रूप से अधिक रहा है। वालपराइसो क्षेत्र में सबसे भीषण आग लगी, जहां अधिकारियों ने लोगों से अपने घरों को नहीं छोड़ने का आग्रह किया।

सीरिया-इराक में अमेरिकी एयरस्ट्राइक

जॉर्डन हमले के जवाब में 85 ठिकाने तबाह, 6 आतंकी समेत 16 की मौत

दमिश्क, एजेंसी

अमेरिकी सेना जॉर्डन में सैन्य अड्डे पर हुए ड्रोन हमले के जवाब में शुक्रवार देर रात सीरिया और इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर बमबारी की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में अमेरिका के हवाई हमलों में छह मिलिशिया लड़ाके समेत 16 लोग मारे गए हैं। इनमें तीन गैर-सीरियाई थे। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने शुक्रवार को इराक और सीरिया में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और उनके समर्थित मिलिशिया से जुड़े 85 से अधिक ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने हवाई हमलों ने कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन भंडारण सुविधाओं के साथ-साथ रसद और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने 125 से अधिक युद्ध सामग्री के साथ 85 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। वहीं, सीरिया की सरकारी मीडिया ने कहा कि सीरिया के रेगिस्तानी इलाकों और इराक से लगती सीमा के पास स्थित ठिकानों पर अमेरिकी हमले में कई लोग हताहत और घायल हुए हैं। पिछले सप्ताह जॉर्डन में सैन्य अड्डे हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे और लगभग 40 अन्य घायल हुए थे। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। बीते दिनों ने बाइडन ने जवाबी हमले की मंजूरी दी थी। इसके बाद अमेरिकी ने शुक्रवार को पहला हमला किया।

जवाबी हमलों के बाद पश्चिमी एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका

अमेरिकी सेना ने ईरान की सीमा के अंदर किसी भी ठिकाने को निशाना नहीं बनाया है। लेकिन अमेरिका के जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। गाजा में पिछले तीन महीने से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के कारण क्षेत्र में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है।

अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे

ईरान समर्थिक आतंकी समूहों के ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा कि अमेरिका मध्य-पूर्व में संघर्ष नहीं चाहता है, लेकिन अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले रविवार को जॉर्डन में ईरान द्वारा समर्थित आतंकी समूहों के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। शुक्रवार को मैं डोवर एयरफोर्स बेस पर इन बहादुर सैनिकों के शवों की वापसी पर श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुआ और उनके परिवारों से बात की।

दसवीं कक्षा के अंग्रेजी का प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के अंग्रेजी का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पश्चिम बंगाल माध्यमिक परीक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रामानुज गांगुली ने कहा कि सोशल मीडिया पर साझा किए गए अंग्रेजी प्रश्नपत्रों की जांच और प्रामणिकता की पुष्टि होने के बाद घटना के जुड़े 12 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

बता दें आरोपी छात्रों को बाकी परीक्षाओं में बैठने से रोक दिया गया है। साथ ही उनके पिछले दिन का बंगाली पेपर रद कर दिया गया है। हालांकि उन्होंने दावा किया कि चूंकि तस्वीरें परीक्षा शुरू होने के बाद सामने आईं इसलिए इसे लीक नहीं कहा जा सकता है। रामानुज गांगुली ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन से अंग्रेजी का प्रश्न पत्र की तस्वीरें खींची गई थी और व्हाट्सएप पर प्रसारित किया गया। उन्होंने कहा इस मामले पर हम सख्ती से निपट रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा राज्य सरकार को बदनाम करने और परीक्षा प्रक्रिया को बाधित करने के लिए बच्चों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

नौसेना को और शक्तिशाली करेगा सर्वेक्षण पोत संधायक

विशाखापत्तनम, एजेंसी

▸▸ भारत में बनने वाला 34वां युद्धपोत है संधायक, नौसेना में शामिल हुआ सर्वेक्षण पोत

सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक शनिवार को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल हुआ। पोत के जलावतरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार मौजूद हैं।

इस मौके पर एडमिरल हरि कुमार ने अपने संबोधन में कहा, पिछले एक दशक में नौसेना ने अलग-अलग रेंज के अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म को लॉन्च किए हैं, चाहे वह शक्तिशाली विमानवाहक पोत 'विक्रांत' हो, विशाखापत्तनम क्लास का 'डेस्ट्रोयर' हो, बहुमुखी श्रेणी के 'फ्रिगेट', कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां हों या गोताखोरी के लिए विशेष जहाज हो, हम उभरते हुए भारत की सेवा में एक संतुलित और आत्मनिर्भर बल का निर्माण कर रहे हैं। आखिरी तीन युद्धपोत और पनडुब्बियां पिछले दस वर्षों में नौसेना में शामिल किए गए हैं। वे सभी भारत में बनाए गए हैं और संधायक भारत में बनने वाला 34वां पोत है। वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा,

आईएनएस संधायक के जलावतरण समारोह में मौजूद राजनाथ सिंह।

अगर मैं अपनी नौसैनिक ताकत की बात करूं, तो भारतीय नौसेना इतनी मजबूत हो गई है कि हिंद महासागर और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मामले में हम पहले जवाब देने वाले बन गए हैं। वैश्विक व्यापार की बात करें तो हिंद महासागर को वैसे भी हॉटस्पॉट के तौर पर गिना जाता है। अदन की खाड़ी, गिनी की खाड़ी आदि कई चोक प्वाइंट हिंद महासागर में हैं, जिसके जरिए से बड़ी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार होता है। इन चोक प्वाइंट्स पर कई खतरे बने हुए हैं। लेकिन सबसे बड़ा खतरा समुद्री डाकुओं का है।

इमरान और बुशरा बीबी की शादी गैर-इस्लामिक : कोर्ट

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ दंपती को सात-सात साल की जेल, 5 लाख का जुर्माना लगाया

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी खान को बड़ा झटका लगा। बता दें कि पाकिस्तान की एक अदालत ने इमरान और बुशरा को गैर-इस्लामिक निकाह मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया।

इस सप्ताह विवादों में घिरे 71 वर्षीय इमरान के खिलाफ चुनावों से पहले यह तीसरा फैसला है और उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। जेल में कैद इमरान को हाल ही में गोपनियता को भंग करने के लिए 10 साल और पत्नी के साथ तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई है। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया। बुशरा पर अपने पूर्व पति को तलाक देने और इमरान खान से निकाह करने के बाद

'इद्दत' को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। दरअसल, इद्दत के तहत एक तय समय तक महिला दूसरी शादी नहीं कर सकती है। पहली बार प्रधानमंत्री बनने से सात माह पूर्व जनवरी 2018 में इमरान ने एक गुप्त समारोह में बुशरा के साथ 'निकाह' किया था, लेकिन उनका निकाह अचानक चर्चा का मुद्दा बन गया और सवाल उठने लगे कि क्या उन्होंने अवधि पूरी होने से पहले (इद्दत) निकाह किया था। हालांकि, खान दंपति ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

मालदीव का आरोप-भारतीय नौसेना ने ली जहाजों की तलाशी

माले, एजेंसी। मालदीव की मीडिया ने स्थानीय मछुआरों के हवाले से दावा किया कि भारत के नौसैनिकों ने उनके जहाज पर धावा बोला और तलाशी ली। इसके बाद अब मालदीव सरकार ने औपचारिक रूप से भारत सरकार से उस घटना का व्यापक विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया है।

मालदीव के आरोपों पर भारत सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में दावा किया कि 31 जनवरी को, भारतीय सेना ने मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर मछली पकड़ने की गतिविधियों में लगी एक मालदीव की मछली पकड़ने वाली नाव को रोक लिया। बयान में कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक जहाज 246 और 253 की टीमें मछली पकड़ने वाली नौकाओं से पूछताछ के लिए जिम्मेदार थीं। बता दें, राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध किया गया था। मालदीव की ओर से कहा गया है कि भारतीय सैनिक संबंधित अधिकारियों से पूर्व परामर्श के बिना मालदीव ईईजेड के भीतर मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं पर सवार हो गए, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और नियमों का उल्लंघन हुआ। बयान में कहा गया, "परिणामस्वरूप, मालदीव सरकार ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से एक आधिकारिक अनुरोध शुरू किया है।

पहाड़ी हिस्सों में बर्फबारी...

श्रीनगर : कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बर्फबारी हुई। घाटी के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारी हिमपात के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। वहीं बारामूला जिले के तंगमर्ग में दो फुट बर्फ जम गई। बता दें कि बर्फबारी का दौर एक सप्ताह से जारी है, पर्यटक भी रोमांच के लिए पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

विज्ञान जमीन से आसमान तक छिपे जीवन को देखने में सक्षम होगी ईएलटी, अब नए सिरे से होगी एलियन की तलाश

असाधारण दूरबीन बनाने में जुटे यूरोपियन खगोलविद

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्रह्मांड में एलियन की खोज के लिए खगोलविद नए सिरे से जुटने जा रहे हैं। इस दिशा में यूरोपीय वैज्ञानिक असाधारण एक दूरबीन बनाने जा रहे हैं, जो किसी भी प्लैनेट की जमीन से आसमान और किसी भी रूप में छिपे जीवन को देख पाने सक्षम होगी।

एलियन की पहेली आज भी बरकरार है। किस्से कहानियों में इनका जिक्र अक्सर देखा जाता है। मगर इनकी हकीकत का वैज्ञानिक दृष्टि से आज भी पता नही चल पाया है। प्राचीन भारत में उड़न तश्तरियों का जिक्र खूब हुआ करता था। संभवतः कई लोग इसके साक्षी भी रहे होंगे। वर्तमान में आसमान में अनजानी वस्तु देखने को अक्सर मिल ही जाती हैं, लेकिन उड़न तश्तरी का जिक्र सुनने को नही मिलता है। एलियन ब्रह्मांड का बहुत बड़ा रहस्य है। खगोल विज्ञान में इनकी तलाश करीब पांच दशक से की जा रही है, लेकिन कोई अता पता नही चल पाया है। इनकी तलाश में हजारों ग्रहों की खाक वैज्ञानिक छान चुके हैं, लेकिन परिणाम सिफर ही हाथ लगा है। इस जद्दोजहद में लंबा समय बीत चुका है, लेकिन वैज्ञानिक हार मानना नही चाहते। जिसके परिणामस्वरूप अब अगली तैयारी की जा रही है। अब एक ऐसी दूरबीन बनाई जाएगी, जो ब्रह्मांड के एक बड़े हिस्से में मौजूद किसी तिनके जितनी छोटी वस्तु को भी देख लेगी और उसकी सच्चाई को भेद पाने में सक्षम होगी। यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) के नाम से दूरबीन बनाई जाएगी, जो दो दशक बाद ब्रह्मांड में किसी भी चट्टानी दुनिया को देख सकेगी। वर्तमान वैज्ञानिक इस दूरबीन का निर्माण करेंगे और अगली पीढ़ी इस दूरबीन से एलियन की तलाश करेगी।

एलियन की तलाश में इस तरह की होगी यूरोपियन दूरबीन।

दुनिया की सबसे बढ़ी दूरबीन होगी ईएलटी

वर्तमान में दुनिया के कई हिसों में अभी तक की सबसे बढ़ी दूरबीनें बनाने की कवायद की जा रही है। जिनमें सबसे बड़ी यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) होगी। इस दूरबीन का व्यास 128 फीट होगा। इसके अलावा मौना केआ में 98 फीट व्यास की थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) के नाम से बनाई जा रही है। इस दूरबीन में भारत की हिस्सेदारी दस प्रतिशत की होगी। 79 फीट की विशालकाय मैगेलन टेलीस्कोप (जीएमटी) दूरबीन भी बनाई जा रही है। ईएलटी और जीएमटी का निर्माण चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। ईएलटी के लिए पहला दर्पण बनकर तैयार हो चुका है।

सैन फ्रांसिस्को में खालिस्तानी समर्थक आपस में भिड़े

सैन फ्रांसिस्को। खालिस्तानी समर्थकों से जुड़ा एक वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के मुताबिक, सैन फ्रांसिस्को में कई खालिस्तानी समर्थक हाथ में खालिस्तानी झंडा लिए खड़े हुए थे। बड़ी संख्या में खालिस्तानी समर्थक वहां नारेबाजी कर रहे थे।

इसी दौरान, अचानक वहां मौजूद खालिस्तानी समर्थक एक-दूसरे पर हमला करने लगे। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि वहां मौजूद पुलिसकर्मी इस झड़प को थामने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान बवाल में शामिल लोग खालिस्तान के झंडे लहराते दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर सिद्धांत सिब्बल ने इस वीडियो को अपनी पोस्ट के जरिए साझा किया।

बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज केस होगा रद, शीर्ष कोर्ट ने दिए आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ तमिलनाडु में 6 साल पहले हुई मौतों के मामले में रद होंगी कानूनी कार्यवाही

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज एफआईआर को रद करने का आदेश दिया है। बता दें, 2018 में तमिलनाडु की कुरंगानी पहाड़ियों में 13 लोगों की मौत के मामले में तमिलनाडु पुलिस ने बेल्जियम के नागरिक- पीटर वान गीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी और सभी कानूनी कार्यवाहियों को रद किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पर्वतारोहण / ट्रेकिंग के दौरान जंगली आग की चपेट में आने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई थी।

शीर्ष अदालत में जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीह की पीठ ने बेल्जियम के नागरिक को राहत देने का आदेश पारित किया। इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने 20 अगस्त, 2022 को बेल्जियन नागरिक को राहत देने से इनकार कर दिया था।

बेल्जियम के नागरिक के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद करते हुए सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की खंडपीठ ने कहा, पर्वतारोहण / ट्रेकिंग कर रहा दल दुर्भाग्य से जंगल की आग में घिर गए। मौत केवल दुर्घटना है। इससे अपीलकर्ता (बेल्जियम के नागरिक) की किसी लापरवाही या आपराधिक इरादे की पुष्टि नहीं होती। अपीलकर्ता की उन ट्रेकर्स की मृत्यु में कोई भूमिका नहीं थी। जंगल की आग प्राकृतिक कारणों से लगी।

कराची में चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर विस्फोट

कराची। पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हिंसा का माहौल बना हुआ है। अब कराची में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) कार्यालय के बाहर एक विस्फोट हुआ है।

पुलिस ने बताया कि चुनाव आयोग के प्रांतीय कार्यालय की पार्किंग में आईईडी से भरा एक बैग कूड़े में फेंके जाने के बाद एक छोटा विस्फोट हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, डीआइजी सैयद असद रजा ने कहा कि आईईडी बम वाला प्लास्टिक बैग पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के प्रांतीय मुख्यालय की पार्किंग में रखा गया था। उन्होंने कहा, बैग में टाइमर के साथ एक आईईडी था, लेकिन पार्किंग की सफाई कर रहे एक कर्मचारी ने बैग को देख लिया और उसे इमारत के बाहर कूड़े में फेंक दिया। अधिकारी ने कहा कि जब बैग फेंका गया तो एक छोटा विस्फोट हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया।